CMYK

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

बिलासपुर, रविवार, 17 दिसंबर 2023

वर्ष - 33 | अंक -228 | पृष्ठ - 12 |

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

संपर्क करें :-
bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

खड़गे ने की संसद सुरक्षा उल्लंघन पर गृहमंत्री शाह की आलोचना पृष्ठ 3

मड़ई
▸ सतनाम के संदेश देवइया गुरुघासी दास जी पृष्ठ 6

▸ भारत ने इंग्लैंड को 347 रन से रौंदा, महिला टेस्ट में अब तक के सबसे बड़े रन अंतर से जीती पृष्ठ 8

देश विदेश
▸ गजा पट्टी में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ तेल अवीव में प्रदर्शन
▸ टोक्यो आसियान-जापान शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा
▸ अमेरिका में फ्लू से 2,300 से अधिक मौतें
पृष्ठ 7

## सार संक्षेप

### जीतू पटवारी बने मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव हारने के कुछ दिनों बाद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता कमलनाथ को हटाकर जीतू पटवारी को नया राज्य इकाई प्रमुख नियुक्त किया। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी. वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से जीतू पटवारी को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने कहा, 'पार्टी निवर्तमान पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ के योगदान की सराहना करती है।' उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने उमंग सिंघार को सीएलपी लीडर और हेमंत कटारे को उपनेता मध्य प्रदेश की नियुक्ति के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। मध्य प्रदेश में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को राज्य की सत्ता में आने की उम्मीद थी। हालांकि, पार्टी 23 सदस्यीय विधानसभा में से केवल 66 सीटें जीतने में सफल रही, जबकि भाजपा ने राज्य में 163 सीटें जीती।

### केरल में मिला कोविड के नए रुप जेएन-1 का मामला

**नई दिल्ली।** केरल में कोविड के नये रुप जेएन-1 का एक मामला सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि केरल में कोविड के नये रुप जेएन-1 का एक मामला मिला है। यह मामला इंडियन सार्स-को वी -टू जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आई एन एस ए सी ओ जी) की नियमित निगरानी में आया है।मंत्रालय ने कहा है कि केंद्रीय अधिकारी लगातार राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए हैं और स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। यह मामला उस समय सामने आया है जब मंत्रालय राज्य में स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों के अंतर्गत मॉकड्रील कर रहा था।

### बेलगावी महिला मामले में कर्नाटक को एनएचआरसी का नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक महिला को निर्वस्त्र करने और पीटने की कथित घटना पर राज्य सरकार को नोटिस भेजा है। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों के आधार पर कदम उठाते हुए 15 दिसंबर को यह नोटिस जारी किया। आयोग ने खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा है कि पीड़ित महिला के साथ हुयी घटना मानव अधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है।

### रिटायर्ड आईएएस बीवीआर सुब्रमण्यम की होगी छग में पोस्टिंग



**रायपुर।** उत्तर प्रदेश और गुजरात की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी शासन के साथ-साथ प्रशासन में भी बड़े फेरबदल की सुगबुगाहट है।

मुख्यमंत्री के तौर पर नए चेहरे को लाने के साथ प्रशासन पर उनकी पकड़ को बरकरार रखने के साथ-साथ केंद्र सरकार की योजनाओं को धरातल तक उतारने पीएम मोदी के विश्वस्त रिटायर्ड आईएएस बीवीआर सुब्रमण्यम को छत्तीसगढ़ भेजने की खबर है।

# जनता के आशीर्वाद और सहयोग से मोदी की गारंटी करेंगे पूरी : विष्णु देव

## छत्तीसगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ



**रायपुर**, 16 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के पश्चात राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक विवेकानंद सरोवर से विष्णु देव साय के पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का आगाज हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में संकल्प यात्रा का आगाज नई दिल्ली से वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से रथों को हरी झंडी दिखाकर किया। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ'' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री साय ने विकास का विश्वास लेकर कार्यक्रम में पहुंचे बड़ी संख्या में उत्साहित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद और सहयोग से हम ''मोदी की गारंटी'' को छत्तीसगढ़ में पूरा करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने कोने में पहुंच रही है। यात्रा को शुरू हुए एक महीना हो चुका है। यात्रा हजारों गांवों के साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच चुकी है। इनमें से अधिकतर छोटे-छोटे कस्बे हैं। आज छत्तीसगढ़ से भी यात्रा का शुभारंभ हो गया है। मेरा नई सरकार से आग्रह है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का अपने राज्य में तेजी से विस्तार करें। इसे हरी झंडी भले ही मोदी ने दिखाई है लेकिन सच्चाई है कि राज्यों ने इस यात्रा की कमान संभाल ली है। अभी जिन लोगों से मैंने बातें की, उनके संवाद से मुझे लगा कि देश का जनमन इससे बहुत उत्साहित है। जहां यात्रा खत्म होती है, वहां से दूसरे गांव के लोग इसकी अगुवाई करने लगते हैं। लोगों में इसके स्वागत की प्रतिस्पर्धा है। नये-नये तरीकों से लोग स्वागत कर रहे हैं। लोग सेल्फी ले रहे हैं। नमो एप को डाउनलोड कर रहे हैं और विकसित भारत के एंबेसडर बन रहे हैं। लोग प्रतियोगिताओं ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### पांच राज्यों में शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

**नई दिल्ली।** विकसित भारत यात्रा पांच और राज्यों में राज्यों में शुरू हो गई है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाई। जहां विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होने के चलते शुरू नहीं किया जा सका था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि यह यात्रा पिछले एक माह में न केवल सैकडो शहरी बल्कि हजारों ग्रामीण इलाकों में पहुंच चुकी है। उन्होंने पांचो राज्यो की नई सरकारो से अपील की कि वे अपने-अपने राज्यों की जनता तक इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए हर व्यवस्था को सुदृढ करें। प्रधानमंत्री ने कहाकि उनकी सरकार का लक्ष्य है कि हर तबके तक केंद्र की योजनाओं का लाभ पहुंच सके।इस दौरान उन्होंने इस योजना के लाभाथियो से भी बात की। मुंबई की लाभार्थी महिला उद्यमी मेघना ने प्रधानमंत्री से बात करते हुए बताया कि वह एक सिंगल मदर हैं,उसके सामने रोजगार का संकट था। ऐसे में उसने मुद्रा योजना के तहत बैंक से ऋण लिया और अपना व्यवसाय शुरू किया। मेघना ने बताया कि आज उसका व्यवसाय काफी अच्छा चल रहा है और उसने कई अन्य महिलाओं को भी अपने यहां रोजगार दिया है।

# भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण जनवरी में

## पदयात्रा पश्चिम व उत्तर भारत के कई शहरों और गांवों से होकर गुजरेगी

**नई दिल्ली**, 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण आयोजित करने की योजना बना रही है, जो जनवरी के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

■ जनवरी के पहले सप्ताह में शुरू हो सकती है यात्रा

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, भारत जोड़ो यात्रा का पहला चरण, जिसका नेतृत्व पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी ने किया था और पांच महीने में तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर तक 4,000 किमी से अधिक की यात्रा की थी, कांग्रेस कार्यकर्ता को एक साथ लाने के लिए एक बड़ी सफलता थी। इसी प्रकार पार्टी ने 2024 में जनवरी के पहले सप्ताह से यात्रा के दूसरे चरण की योजना बनाई है, जो पार्टी के लोकसभा अभियान की भी



शुरुआत करेगी। सूत्र ने कहा कि यात्रा के दूसरे चरण की योजना जनवरी के पहले सप्ताह से बनाई जा रही है।

**दो महीने से अधिक समय तक चलेगी**

सूत्र ने बताया कि इस बार भारत जोड़ो यात्रा 2.0 हाइब्रिड मोड में होगी, इसमें पद यात्रा और बस से यात्रा शामिल होगी। सूत्र ने कहा कि पदयात्रा पश्चिम और उत्तर भारत के कई शहरों और गांवों से होकर गुजरेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा पूर्वोत्तर से शुरू होगी और दो महीने से अधिक समय तक चलेगी। सूत्र ने बताया कि पार्टी नेता भारत जोड़ो यात्रा के कार्यक्रम की तैयारी और उसे दुरुस्त करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं।

**संसद में हुई घटना का संबंध बेरोजगारी व महंगाई से : राहुल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद की सुरक्षा में हुई चूक को गंभीर मुद्दा बताया लेकिन कहा कि इस घटना का संबंध युवाओं में फैली बेरोजगारी और महंगाई है। श्री गांधी ने कहा, संसद सुरक्षा में हुई चूक का कारण बेरोजगारी और महंगाई है। नौकरियां कहां हैं। युवा हताश हैं-हमें इस मुद्दे पर फोकस करना है और युवाओं को नौकरी देनी है। सुरक्षा चूक ज़रूर हुई है, मगर इसके पीछे कारण है देश का सबसे बड़ा और ज्वलन्त मुद्दा बेरोजगारी। उन्होंने कहा, संसद सुरक्षा में हुई घटना के पीछे सबसे बड़ा कारण बेरोजगारी और महंगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत की पहाड़ी और ठंड की स्थिति को देखते हुए यात्रा की योजना में कई चीजें शामिल हैं।

### कांग्रेस 18 से करेगी क्राउड फंडिंग की शुरुआत

■ कम से कम 1380 का योगदान देने को कहा
■ श्रेष्ठ भारत बनाने में पार्टी को सशक्त बनाना जरूरी

2024 लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी फंड बढ़ाने के लिए कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए पार्टी क्राउड फंडिंग मुहिम की शुरुआत करने जा रही है। कांग्रेस ने इस मुहिम का नाम 'डोनेट फॉर देश' रखा है। 18 दिसंबर को दिल्ली से इसकी शुरुआत होगी। पार्टी ने अपने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को इस मुहिम में कम से कम 1380 रुपए का योगदान देने को कहा। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर क्राउड फंडिंग मुहिम लॉन्च करने की बात कही।

वेणुगोपाल ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को अपने ऑनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान, 'डोनेट फॉर देश' के लॉन्च की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज कोष से प्रेरित है और इसका उद्देश्य एक श्रेष्ठ भारत बनाने में हमारी पार्टी को सशक्त बनाना है।

# विधानसभा चुनावों में देरी के खिलाफ एकजुट हुई एनसी और पीडीपी

## उमर अब्दुल्ला ने भाजपा पर मतदाताओं का सामना करने से कतराने का आरोप लगाया

**श्रीनगर**, 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। मुख्यधारा के क्षेत्रीय राजनीतिक दलों और कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव में देरी के लिए केंद्र के खिलाफ अपना स्वर तेज कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष, उमर अब्दुल्ला ने भाजपा पर मतदाताओं का सामना करने से कतराने का आरोप लगाया है और एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री, महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने भाजपा पर विधानसभा चुनावों में देरी करके उपराज्यपाल के माध्यम से जम्मू-कश्मीर पर अपना शासन जारी रखने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने भाजपा पर केंद्र शासित प्रदेश में लोकतंत्र की बहाली के लिए काम करने के बजाय अपनी पार्टी के एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है। एनसी, पीडीपी और अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस जैसे क्षेत्रीय मुख्यधारा के राजनीतिक दलों ने सीपीआई-एम के साथ मिलकर पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन नामक गठबंधन बनाकर एक-दूसरे से दूरी बना ली है। मूल रूप से अनुच्छेद 370 की बहाली और जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा के लिए एकजुट होकर काम करने की योजना बनाई गई थी, गठबंधन अब केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए कमोबेश एक संयुक्त मोर्चे में तब्दील हो गया है। एनसी और पीडीपी दोनों ही विधानसभा चुनावों के लिए अपनी तैयारी दिखाने के लिए राजनीतिक गतिविधियां चला रहे हैं। विडंबना यह है कि पीडीपी का गठन दिवंगत मुफ्ती मोहम्मद सैयद ने एनसी के खिलाफ मतदाताओं को एक क्षेत्रीय विकल्प प्रदान करने के लिए किया था। आज, दोनों ने उस चीज़ के लिए हाथ मिलाया है, जिसे दोनों पार्टियां 'जम्मू-कश्मीर के लोगों का व्यापक हित' कहती हैं। दोनों दलों के मध्य स्तर के नेताओं के एक-दूसरे के खिलाफ बयानों के बावजूद, एनसी और पीडीपी के शीर्ष नेताओं ने गठबंधन को बनाए रखने की कोशिश की है। दोनों मुख्य रूप से घाटी केंद्रित पार्टियां हैं, विधानसभा चुनाव के दौरान वे अपने बीच सीटें कैसे साझा करते हैं यह एक खुला प्रश्न बना हुआ है। दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों ने अतीत में एक-दूसरे पर झूठे वादे करके मतदाताओं का शोषण करने का आरोप लगाया है। दोनों पार्टियां साझा वादे कैसे करती हैं और ये वादे क्या होंगे, यह भी देखना होगा। जहां तक धारा 370 की बहाली का सवाल है, सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने उस अध्याय को हमेशा के लिए बंद कर दिया है, हालांकि एनसी और पीडीपी दोनों ने कहा है कि वे धारा 370 की बहाली के लिए अपना संघर्ष जारी रखेंगे। ये दोनों पार्टियां जम्मू-कश्मीर में सत्ता में आने पर भी धारा 370 कैसे बहाल करा सकती हैं? कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर कहा है कि अगर पार्टी केंद्र में सत्ता में आई तो अनुच्छेद 370 को बहाल किया जाएगा।





■ धारा 37 की बहाली के लिए अपना संघर्ष जारी रखने का कर रहे वादा

## सुरक्षा चूक के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने सांसदों को लिखा खत

# उच्च स्तरीय कमेटी कर रही जांच, राजनीति न करें: ओम बिरला

**नई दिल्ली**, 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। संसद की सुरक्षा में सेंध को लेकर विपक्षी हमलों के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी सांसदों को पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने सांसदों से संसद में हुई घटना पर राजनीति न करने का आग्रह किया। साथ ही स्पीकर ने बताया कि सदन के अंदर हुई घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। पत्र में लोकसभा अध्यक्ष ने पूर्व में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, 'दुर्भाग्यपूर्ण है कि सांसदों के निलंबन की घटना को इस घटना से जोड़कर देखा जा रहा है, जबकि इससे पहले भी तमाम घटनाएं हो चुकी हैं जिसका देश साक्षी रहा है।'



**सामूहिक चिंता व्यक्त की है**

उन्होंने कहा 'ऐसी घटनाओं पर क्या फैसला लेना है यह लोकसभा स्पीकर का विशेषाधिकार है। मुझे सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए सांसदों को निलंबित करने का कठोर निर्णय लेना पड़ा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।' लोकसभा अध्यक्ष ने पत्र में कहा, 13 दिसंबर को सदन के अंदर जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, वह हम सभी के लिए चिंता का विषय है।

हमने सदन में इस घटना पर सामूहिक चिंता व्यक्त की। उसी दिन मैंने सभी दलों के नेताओं से चर्चा की कि हम संसद में सुरक्षा व्यवस्था को और कैसे मजबूत कर सकते हैं. बैठक के दौरान दिए गए कुछ महत्वपूर्ण सुझावों को तुरंत लागू कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि सदन के अंदर हुई घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। कमेटी ने काम शुरू कर दिया है। इस कमेटी की रिपोर्ट जल्द ही सदन के साथ साझा की जाएगी।

### छठे आरोपी को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

दिलली की एक अदालत ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में छठे आरोपी महेश कुमावत को शनिवार को एक सप्ताह की पुलिस हिरासत में भेज दिया। इससे पहले शुक्रवार को मामले के कथित मास्टरमाइंड ललित झा को भी सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। उसी अदालत ने गुरुवार को चार आरोपियों सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम आज़ाद और अमोल शिंदे को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। इन चारों को बुधवार को लोक सभा के अंदर और संसद भवन परिसर के बाहर से गिरफ्तार किया गया था। पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष सरकारी वकील ने कहा कि कुमावत मोबाइल फोन को नष्ट करने में शामिल था और देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे था। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि कुमावत पिछले दो वर्षों से साजिश में शामिल था और सरकारी वकील की दलील को स्वीकार कर लिया कि पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए उसकी हिरासत की आवश्यकता है।

## राज्यसभा में राघव चड्ढा बने 'आप' के नेता

**नई दिल्ली,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा में सांसद राघव चड्ढा को बडी जिम्मेदारी सौपी है। उन्हें संजय सिंह की जगह उच्च सदन में पार्टी का नया नेता बनाया गया है। पार्टी की ओर से सभापति जगदीप धनकड को लिखे पत्र में कहा गया है कि संजय सिंह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसलिए उनकी गैर मौजूदगी में राघव चड्ढा राज्यसभा में पार्टी के नये नेता होंगे। मालूम हो कि संजय सिंह दिल्ली शराब नीति मामले में इस समय तिहाड जेल में बंद हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इस बात की पुष्टि की है कि आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में नेता नियुक्त करने का एक पत्र लिखा है। फिलहाल आम आदमी पार्टी के राज्यसभा में 10 सदस्य हैं और राघव चड्ढा राज्यसभा के सबसे युवा सदस्यों में हैं। बतादें कि सितम्बर में मानसून सत्र के दौरान राघव चड्ढा को दिल्ली सेवा विधेयक पर एक प्रस्ताव में पांच सांसदों के फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था।

## चरण दास महंत होंगे नेता प्रतिपक्ष, बैज को पुन: प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**रायपुर,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत को कांग्रेस पार्टी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा का नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया हैं। कांग्रेस विधायक दल की सहमति के बाद शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इस बाबत आदेश जारी कर दिया। साथ ही लोकसभा सदस्य दीपक बैज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निरंतर बने रहेंगे। इसके लिए भी आदेश जारी किया गया है। चुनाव के चार महीने पहले 16 जुलाई 2023 को कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर मोहन मरकाम को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाकर इसकी जवाबदारी बस्तर के लोकसभा सदस्य दीपक बैज को सौंपी गई थी। हालांकि आदिवासी वोटबैंक को साधने के लिए मरकाम को भी मंत्री का पद दिया गया था।



विधानसभा में कांग्रेस की हार के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि प्रदेश अध्यक्ष बदले जा सकते हैं मगर इन अटकलों पर विराम लग गया है। चार दिन पहले ही पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन और प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कांग्रेस विधायकों के साथ नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के पद को लेकर रायशुमारी की थी।

## लोस में कानून मंत्री का जवाब

## सुप्रीम कोर्ट में 80 हजार, हाईकोर्ट्स में 61 लाख से ज्यादा मामले

# देश की अदालतों में 5 करोड़ मामले लंबित

**नई दिल्ली, 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। देश के सुप्रीम कोर्ट, 25 हाईकोर्ट, डिस्ट्रिक्ट और अधीनस्थ अदालतों में 5 करोड़ से ज्यादा मामले लंबित हैं। यह जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में दी। कानून मंत्री ने एक सवाल के जवाब में बताया कि 1 दिसंबर तक देशभर की अदालतों में 5 करोड़ 8 लाख 85 हजार 856 केस सुनवाई के लिए बाकी हैं। इनमें से 61 लाख से ज्यादा केस 25 हाईकोर्ट्स में लंबित हैं।**

*6 महीने में सुप्रीम कोर्ट के पेंडिंग केस 10 हजार बढ़े मेघवाल ने बताया कि मौजूदा समय में 80 हजार केस सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। छह महीने पहले 1 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में लंबित केसों की संख्या 69 हजार 766 थी। जो 1 दिसंबर को बढ़कर 80 हजार से ज्यादा हो गई। तीन साल पहले 10 हजार लंबित केस बढ़ने में मार्च 2020 से जुलाई 2023 तक का समय लगा था।*

***न्यायपालिका में कुल 26 हजार 568 जज***

*अर्जुन राम मेघवाल ने यह भी कहा कि भारतीय न्यायपालिका में जजों की कुल स्वीकृत संख्या 26 हजार 568 है। सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 34 है। वहीं, हाईकोर्ट्स में जजों की संख्या 1,114 है। जिला और अधीनस्थ अदालतों में जजों की स्वीकृत संख्या 25,420 है। लोकसभा में बोलते हुए कानून मंत्री ने बताया कि साल 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने 15 जून तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी मामलों की सुनवाई की। इनमें कुल 1 लाख 82 हजार से ज्यादा का निपटारा हुआ। इसके अलावा गुजरात, गुवाहाटी, उड़ीसा, कर्नाटक, झारखंड, पटना और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के साथ सुप्रीम कोर्ट ने कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग शुरू की है।*

## एसयूवी-ट्रक की टक्कर में 6 बारातियों की मौत

**नागपुर,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। शनिवार तड़के एक शादी में शामिल होकर लौट रहे छह लोगों की एसयूवी की सोयाबीन लदे ट्रक से टकरा जाने से मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना रात करीब 1 बजे काटोल-कलमेश्वर रोड पर सोनखांब गांव के पास हुई, जब क्वालिस तेज गति से नागपुर से काटोल की ओर जा रही थी और ट्रक से टकरा गई। जहां तीन लोगों ने तुरंत दम तोड़ दिया, वहीं अन्य तीन पीड़ितों की स्थानीय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को नागपुर के सरकारी मेडिकल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# प्रधानमंत्री ने "विकसित भारत संकल्प यात्रा" का किया वर्चुअल शुभारंभ

- विकसित राष्ट्र बनाने का सपना विजन के रूप में पूरा कर रहे प्रधानमंत्री- ओ.पी.चौधरी
- वैन के माध्यम से जनसामान्य को मिलेगी शासकीय योजनाओं की जानकारी

## समयबद्ध रूप से योजनाओं का जरूरतमंदों का लाभ दिलाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य





**रायगढ़,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज (विकसित भारत संकल्प यात्रा) का वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से इस आयोजन में उपस्थित रहे। कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, एसएसपी सदानंद कुमार एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर, डीएफओ सुश्री स्टायलो मण्डावी उपस्थित रही।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि (विकसित भारत संकल्प यात्रा) हजारों गांवों के साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच चुकी है। इनमें से अधिकतर छोटे छोटे कस्बे हैं। आज छत्तीसगढ़ से भी यात्रा का शुभारंभ हो गया है। मेरी नई सरकार से आग्रह है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का अपने राज्य में तेजी से विस्तार करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार परिवार के सदस्य की तरह आपकी चिंता कम करने का प्रयास कर रही है। 2047 में देश विकसित होकर रहेगा, इस विचार को लेकर चलना है। इस वातावरण को बनाने में यह संकल्प बहुत काम आयेगा। आप सभी विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाएं।

स्थानीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक ओ.पी.चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है। एक विकासशील राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए क्या-क्या आवश्यकताएं होती है, इसको एक विजन के रूप में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे है। देश जब अपनी आजादी का 100 वीं वर्षगांठ मनायेगी तो विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा होगा। विकसित भारत की संकल्पना के साथ रथ निकाले जा रहे है, जिसमें गरीब लोगों के लिए जितनी भी सेवाएं उपलब्ध है जैसे कृषि, स्वास्थ्य, आधार सहित अन्य सेवाएं उनके द्वार तक शत-प्रतिशत पहुंचाने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। यह रथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में जायेगी जहां 17 प्रकार की विभागीय सेवाओं का स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी के साथ सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु अपील की। इस मौके पर विधायक ओ.पी.चौधरी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को बेहतर कार्य करते हुए इन सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। ताकि अधिक से अधिक लोग इस जुड़कर लाभान्वित हो सके। इस दौरान विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। रायगढ़ जिले के सात विकासखण्ड सहित नगरीय क्षेत्र के लिए एक वैन मिलेंगे। वर्तमान में 4 वैन आ चुके है जिसे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया है, जो बनाये गये निर्धारित रूट चार्ट के हिसाब चलेगी। यह कार्यक्रम आगामी 24 जनवरी आयोजित होगी। जिसमें सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे-स्वच्छ भारत मिशन,आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधाए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं-मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाया जा सके।

इस अवसर पर गुरूपाल भल्ला, उमेश अग्रवाल, सुभाष पाण्डेय, देवेन्द्र प्रताप सिंह, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विभागों ने लगाये स्टॉल

विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आज कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में विभागों ने अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये थे। इसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बीसी सखी सेवा केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना नवीन पंजीयन/सुधार केन्द्र, आयुष्मान कार्ड/आधार कार्ड, आधार सुधार पंजीयन आदि शामिल थे। विभागों द्वारा इन सभी योजनाओं की जानकारी लोगों को प्रदाय की जा रही थी। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर लोगों का स्वास्थ्य जांच भी किया गया।

### महिला हितग्राहियों को मिली उज्जवला गैस कनेक्शन का लाभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आज 5 हितग्राहियों को उज्जवला गैस कनेक्शन से लाभान्वित किया गया। इनमें जूटमिल रायगढ़ की सकली देवी केंवट, वार्ड नंबर 2 की राधा महंत, अंजली झा, सरस्वती साहू एवं गीता देवी शामिल थी। सभी महिलाएं उज्जवला गैस कनेक्शन पाकर काफी खुश नजर आयी।

# शहरी विकास कार्यों का रोडमैप तैयार करने विधायक व कलेक्टर सुबह से निकले शहर के निरीक्षण पर



### जिला प्रशासन के अधिकारी व राजस्व और नगर निगम का अमला रहा साथ

**रायगढ़,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ में शहरी वअधोसंरचना विकास कार्यों का रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य के साथ विधायक रायगढ़ श्री ओ.पी.चौधरी आज कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव के साथ सुबह से शहर के निरीक्षण में निकले। इस दौरान राजस्व और नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी भी साथ रहे।

इस दौरान शहर के केलो रीवर फ्रंट मरीन ड्राइव, संजय मैदान, दूध चिलिंग प्लांट राजीव नगर, संडे मार्केट, पॉलीटेक्निक कॉलेज, पंजरी प्लांट, पोल्ट्री फार्म, सांगीतराई व कोसमनारा में निरीक्षण के लिए पहुंचे।

इस दौरान विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने इन जगहों पर आगामी विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने स्थल चिन्हांकन हेतु चर्चा की और पूरे विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पांडेय, नगर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम श्री गगन शर्मा, डिप्टी कलेक्टर व नजूल अधिकारी श्री रमेश मोर, तहसीलदार श्री लोमश मिरी सहित राजस्व और नगर निगम के आरआई पटवारी उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

## जनता के आशीर्वाद..

के माध्यम से न केवल पुरस्कार जीत रहे हैं, अपितु नई जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं। इस यात्रा के शुरू होने के बाद यह चौथी बार है कि मैं वर्चुअली इस यात्रा से जुड़ रहा हूँ। पहले मैंने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से संवाद किया था। मुझे बहुत सुकून है कि लोगों तक हमारी योजनाएं पहुंच रही है। आज चर्चा का फोकस शहरी क्षेत्रों पर था। विकसित भारत के संकल्प में हमारे शहरों की बड़ी भूमिका है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभालने के बाद आज वीडियो कन्फ्रेंस के माध्यम से पहली बार पूरे प्रदेश के नागरिकों से बात करने का सुअवसर आया है। प्रधानमंत्री ने आज छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है। हम सभी बड़े सौभाग्यशाली हैं कि यह यात्रा हमारे प्रदेश में भी प्रभावी तरीके से संचालित हो पाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद यह मेरा पहला सार्वजनिक कार्यक्रम है। मैं यह बताना चाहता हूँ कि हमारे प्रधानमंत्री ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो जनहित में योजनाएं बनाते हैं। साथ ही योजना का लाभ लोगों तक पहुँचे यह भी सुनिश्चित करते हैं। ग़रीबों को आगे बढ़ाने के लिए उनकी सरकार समर्पित होकर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय भी देश के नागरिकों की रक्षा की। हमारे देश में कोविड के दो टीके विकसित किए गए और इसके 200 करोड़ से अधिक डोज बनाए गए। ये टीके देशवासियों को लगाए गए और 100 से अधिक देशों को भी भेजे गए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा ग़रीब कल्याण अन्न योजना की अवधि 2028 तक बढ़ाई गई है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को 5 किलो अतिरिक्त चावल प्रदान किया जा रहा है। मोदी की गारंटी में हर वर्ग के लिए चिंता है। हर वर्ग के सरोकार हैं। मैं मुख्यमंत्री के नाते आश्वस्त करना चाहता हूँ कि मोदी की गारंटी पूरी होंगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शपथ ग्रहण के दूसरे ही दिन हमने कैबिनेट में यह निर्णय लिया है कि 18 लाख लोगों को आवास मिलेगा। छत्तीसगढ़ वासियों के आशीर्वाद से हम मोदी की गारंटी प्रदेश में पूरा करेंगे। मोदी की गारंटी में किए गए वायदे के अनुरूप 3100 रूपए प्रति चिंटल और प्रति एकड़ 21 चिंटल धान की खरीदी करेंगे। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को दो साल के धान के बोनस की बकाया राशि दी जाएगी।

# नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के राजीनामा के आधार पर हुआ प्रकरणों का निपटारा



**रायगढ़**, 16 दिसंबर (देशबन्धु)। वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय रायगढ़ सहित तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, खरसिया तथा बिलाईगढ़ एवं भटगांव में किया गया। तहसील धरमजयगढ़ का न्यायालय रिक्त होने से वहाँ के प्रकरणों का निराकरण तहसील घरघोड़ा में किया गया।

जिला मुख्यालय रायगढ़ के न्यायालयीन परिसर में जिला न्यायाधीश श्री अरविन्द कुमार सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, समस्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा अन्य समस्त न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित जिला अधिवक्ता संघ से अधिवक्तागण तथा राजीनामा हेतु उपस्थित पक्षकारगण, न्यायालयीन एवं विधिक प्राधिकरण के स्टॉफ उपस्थित रहे। जिला एवं तहसील न्यायालयों को मिलाकर कुल 24 खण्डपीठों का गठन किया गया। श्रम न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड का भी खण्डपीठ गठन किया गया।

जिला रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के राजस्व न्यायालयों में भी खण्डपीठों का गठन हुआ है। जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य मामले जैसे- मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत मामले, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण, सिविल मामले के साथ-साथ आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामले, जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल करते हुए खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 3304 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 27723 को राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लोक अदालत में रखा गया। रखे गये कुल 31027 प्रकरणों में से लंबित 2522 एवं प्रीलिटिगेशन 20365 प्रकरण निराकृत हुये। इस प्रकार कुल 22887 प्रकरणों का निराकरण, जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, उपभोक्ता फोरम रायगढ़ एवं तहसील स्थित ब्यवहार न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, खरसिया, भटगांव, बिलाईगढ़ न्यायालय में राजीनामा के आधार पर किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 4 करोड़ 83 लाख 84 हजार 235 रूपये का सेटलमेंट हुआ। राजस्व न्यायालयों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बंटवारे के मामले, कब्जे के आधार पर बंटवारा के मामले, दण्ड प्रक्रिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, विक्रयपत्र/ दानपत्र/ वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले एवं शेष अन्य प्रकृति के कुल 20293 मामले रखे गये जिनमें से 20230 मामलों का निराकरण आज की लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों की गठित खण्डपीठ द्वारा किया गया। जिसमें तीन प्रकरणों में नौ किसानों को मुआवजा राशि 59 लाख 38 हजार 238 रूपये वितरित किये गये।

इस लोक अदालत में विशेष यह रही कि राजीनामा के आधार पर न्यायालयों में लम्बित 05 वर्ष से अधिक अवधि के 13 प्रकरण तथा वरिष्ठ नागरिकों के 04 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

# न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने किया धमतरी में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ

**बिलासपुर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धमतरी के निर्देशन में के.एल.चरयाणी में जिला न्यायालय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर प्रातः किया गया ।

नेशनल लोक अदालत का निरीक्षण न्यायमूर्ति के द्वारा न्यायालय परिसर में गठित खण्डपीठों का निरीक्षण करते हुए उपस्थित पक्षकारों से रू-ब-रू हुये तथा नेशनल लोक अदालत से संबधित कार्यो का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी के साथ के.एल.चरयाणी जिला एवं सत्र न्यायाधीश धमतरी, आनन्द वारियाल सदस्य सचिव छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य पदाधिकारीगण, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

न्यायमूर्ति द्वारा लोक अदालत की महत्ता को बताते हुए कहा गया कि लोक अदालत में प्रकरण के निपटारे का अनुपात छत्तीसगढ़ राज्य में बहुत अच्छा है। लोक अदालत में दोनों पक्षकार खुश रहते हैं तथा राजीनामा होने से प्रकरण का शीघ्र निपटारा हो जाता है, इसमें न तो किसी की हार होती है और न ही किसी की जीत होती है। नेशनल लोक अदालत में कुल 1023 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 1526 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए जिनमें कुल समझौता राशि 1,76,58,558 रूपये रहा ।



जिला एवं सत्र न्यायाधीश के.एल.चरयाणी के न्यायालय में आज मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकृत किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक ने अनावेदक के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत 77 लाख रूपये का दावा पेश किया था। घटना में आवेदक के पतिध्पिता की मृत्यु वर्ष 2022 में मोटर दुर्घटना में हो गयी थी, जिसकी सुनवाई लगातार हो रही थी। इसमें न्यायालय द्वारा प्रारंभ से ही आपसी राजीनामा के आधार पर प्रकरण के निराकरण के लिए प्रयास किया जाता है। न्यायालय द्वारा आवेदक एवं अनावेदकों की पक्षकारों को राजीनामा का लाभ का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए समझाने का प्रयास किया गया है और अनावेदक ने आज नेशनल लोक अदालत में आवेदक को 17 लाख रूपये दावा राशि प्रदाय करने की सहमति प्रदान की। जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा प्रीसिटंग कराकर नेशनल लोक अदालत में राजीनामा कराया गया और उक्त राजीनामा से आवेदक एवं अनावेदक के मध्य विवाद समाप्त हो गया। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका का वर्ष 2022 में वाहन दुर्घटना से चोट आई थी।

आवेदिका ने अनावेदक के विरूद्ध शारीरिक चोट में आयी खर्च एवं क्षतिपूर्ति के लिए चार लाख रूपये का दावा प्रस्तुत किया था, जिसकी सुनवाई लगातार हो रही थी। आज नेशनल लोक अदालत में आवेदिका उपस्थित नहीं थीं, किन्तु हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत के अधीन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवेदिका से सम्पर्क किया गया और पुनः आवेदिका और अनावेदक को आपसी राजीनामा हेतु समझाईश एवं लाभ के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। इस पर आवेदिका और अनावेदक के मध्य 30 हजार रूपये की दावा राशि पर सहमति हुई और प्रकरण निराकृत हो गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग और वन विभाग द्वारा स्टॉल लगाये गये थे। न्यायमूर्ति श्री भादुड़ी ने स्टॉल का निरीक्षण कर विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और गतिविधियां की जानकारी ली तथा हितग्राहियों को चेक का वितरण किया। इसमें श्रीमती संगीता नागरची को 80 हजार रूपये, सीता यादव को दो लाख रूपये और समाज कल्याण विभाग की ओर से अस्थिबाधित श्रीमती तामेश्वरी निर्मलकर 50 हजार रूपये का चेक प्रदाय किया।

# लोक कला नर्तक दल पंथी नृत्य के लिए अपनी प्रविष्टि 20 दिसम्बर तक कर सकते है प्रस्तुत

**रायगढ़,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव योजना नियम वर्ष 2005 अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पारंपरिक लोककला यथा लोकगीत, लोकगायन, लोकनृत्य (जैसे पंथी नृत्य, पंडवानी, भरथरी परम्परागत लोक वाद्य) आदि में लोक कलाकारों के प्रतिभा की पहचान करना तथा कलाकारों की प्रतिभा को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित एवं विकास करने के उद्देश्य से योजना संचालित है।

## निधन

### डेजी सुनील कुमार



**बिलासपुर।** नर्सेस कॉलोनी रेलवे निवासी डेजी सुनील कुमार का 16 दिसंबर को हैदराबाद में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे हैदराबाद स्थित प्रभु की वाटिका में किया जाएगा। डेजी स्व. डेविस व उषा शेफर्ड की बेटी और डोनाल्ड शेफर्ड की छोटी बहन थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गईं।

**न्यायालय तहसीलदार अकलतरा, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि - न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. जांजगीर, जिला जांजगीर चांपा में आवेदक जयपाल सिंह आ. चंद्रभान सिंह ग्राम अकलतरा द्वारा ग्राम बरंगवा में स्थित भूमि ख.नं. 15/1, 15/3, 15/4, 98 रकबा 0.040, 0.040 0.045, 0.186 हे. भूमि को व्यवसायिक व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 27/12/2023 को प्रातः 10:30 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/12/2023 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
अकलतरा
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

विवाह प्रकरण क्रमांक 20/ब-121/2023-24
ग्राम गिद्धा तहसील-नवागढ़

आवेदक चन्द्रशेखर रात्रे पिता श्री पुनीराम रात्रे एवं आवेदिका श्रीमती राजेश्वरी रात्रे पति श्री चन्द्रशेखर रात्रे जाति सतनामी दोनों निवासी गिद्धा तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

विरूद्ध

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम गिद्धा तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रशेखर रात्रे पिता श्री पुनीराम रात्रे एवं आवेदिका श्रीमती राजेश्वरी रात्रे पति श्री चन्द्रशेखर रात्रे जाति सतनामी दोनों निवासी गिद्धा तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनों का विवाह दिनांक 07.05.2022 को ग्राम खरौद तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 24.01.2024 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.12.2023 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

विवाह अधिकारी
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम MOHAMMAD SHAKEEL पिता MOHAMMAD SHAFI अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम MOHAMMED SHAKEEL KHAN पिता MOHAMMAD SHAFI निवासी मकान नं. 415, शकील टेंट हाऊस के पास वार्ड नं. 26 तालापारा बिलासपुर(छ.ग.) 495001 रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम MOHAMMED SHAKEEL KHAN पिता MOHAMMAD SHAFI से जाना एवं पहचाना जावे।

MOHAMMED SHAKEEL KHAN
मकान नं. 415, शकील टेंट हाऊस के पास वार्ड नं. 26
तालापारा बिलासपुर
(छ.ग.) 495001

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम QUAMER JAHAH पति MOHAMMAD ASIF ANSARI अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम QUAMAR JAHAN पति MOHAMMAD ASIF ANSARI निवासी वार्ड नं. 10, सरदार संतोष सिंह मेमोरियल स्कूल के पास सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख ली हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम QUAMAR JAHAN पति MOHAMMAD ASIF ANSARI से जाना एवं पहचाना जावे।

QUAMAR JAHAN
वार्ड नं. 10, सरदार संतोष सिंह मेमोरियल स्कूल के पास
सिरगिट्टी बिलासपुर
(छ.ग.) 495001

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं QUAMAR JAHAN पति MOHAMMAD ASIF ANSARI अपनी पुत्री का पुराना नाम को बदलकर नया नाम ANABIYA ASIF ANSARI पिता MOHAMMAD ASIF ANSARI निवासी वार्ड नं. 10, सरदार संतोष सिंह मेमोरियल स्कूल के पास सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख ली हूं। अतः अब मेरी पुत्री को भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम ANABIYA ASIF ANSARI पिता MOHAMMAD ASIF ANSARI से जाना एवं पहचाना जाए।

QUAMAR JAHAN
W/O MOHAMMAD ASIF ANSARI
वार्ड नं. 10, सरदार संतोष सिंह मेमोरियल स्कूल के पास
सिरगिट्टी बिलासपुर
(छ.ग.) 495001

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**स्टोर्स आइटम्स की आपूर्ति हेतु निविदा सूचना**

ई- निविदा सूचना संख्याः एनआईटी/14/23/60, दिनांक 05.12.2023.

| क्र. सं. | टेन्डर संख्या | विवरण | निविदा बंद/ खुलने की तिथि | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03232690C | एक्सल बॉक्स पिवोट बुश | 28.12.2023 | 2298 नग |
| 2. | 03233180A | सेट ऑफ किट फॉर पिंस स्प्लिट पिंस | 28.12.2023 | 658 सेट |
| 3. | 06230089 | जीएफएन 66 इंसुलेटिंग लाइनर | 29.12.2023 | 64894 सेट |
| 4. | 05235413 | सब्सिडियरी एलईडी सिगनल्स | 02.01.2024 | 468 नग |
| 5. | 06230087 | सीएमएस क्रासिंग फॉर बीजी 60 केजी | 03.01.2024 | 113 सेट |
| 6. | 06230101 | गल्वनाइज्ड प्लेट स्क्रू | 03.01.2024 | 57288 नग |
| 7. | 08231026 | इन्हिबैटेड मिनरल इंसुलेटिंग आयल | 03.01.2024 | 41230 लीटर |
| 8. | 05235415 | मेन एलईडी सिगनल्स | 04.01.2024 | 177 नग |
| 9. | 07231334 | हॉट फोर्जड स्टील रिवेट्स | 04.01.2024 | 22018 केजी |

निविदा खुलने/बंद होने का समयः- 10.30 बजे

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते है।

सीपीआर/10/332 — कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 03 बिलासपुर (छ.ग.)**
(द्वितीय निविदा सूचना)

क्र. 29/न.पा.नि./जोन क्र. 03/2023-24 — दिनांक 14/12/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 28/12/2023 को सायं काल 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विधायक निधि से ग्रीन गार्डन कॉलोनी सामुदायिक भवन में प्रथम तल निर्माण कार्य । | 10.00 | 7500 | 750 |
| 2 | विधायक निधि से बर्जेस स्कूल बिलासपुर में भवन निर्माण कार्य । | 5.00 | 5000 | 750 |
| 3 | विधायक निधि से मोहन्ती स्कूल तिलक नगर में निर्माण कार्य । | 5.00 | 5000 | 750 |
| 4 | विधायक निधि से वार्ड क्र. 19 सूत सारथी समाज सामुदायिक भवन के पास निर्माण कार्य एवं पेयजल व्यवस्था कार्य । | 5.00 | 5000 | 750 |
| 5 | विधायक निधि से भगिनी मंडल शिशु मंदिर शाला राजेन्द्र नगर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य । | 3.00 | 3000 | 750 |
| 6 | एल्डरमेन निधि से वार्ड क्र. 21 गुरू घासीदास नगर में नवरंग जी के घर से जुलियस दास जी के घर तक नवीन सीमेंट कांक्रीट / नाली निर्माण कार्य । | 1.00 | 1000 | 300 |
| 7 | एल्डरमेन निधि से वार्ड क्र. 21 गुरू घासीदास नगर में सुल्तान खान के घर से डल्ला के घर के पीछे तक नवीन कांक्रीट नाली निर्माण कार्य । | 1.00 | 1000 | 300 |
| 8 | एल्डरमेन निधि से वार्ड क्र. 21 गुरू घासीदास नगर में सूर्यवंशी समाज सामुदायिक भवन में जीर्णोद्धार कार्य । | 0.80 | 800 | 300 |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन क्र. 03 नगर पालिक निगम बिलासपुर

Green City, Clean City, Dream City.

# देश

उवाच



मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने लोकसभा चुनाव में अपने बेटे की जीत सुनिश्चित करने के लिए संसद धुआं हमले के मामले में भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ साजिश रची है। सिद्दारमैया शहरी नक्सलियों के विकास को सुनिश्चित कर रहे:-**लहर सिंह सिरोया, राज्यसभा सदस्य, भाजपा कर्नाटक**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 24.7 | \`5.5 |
| मुंबई | 32.8 | 19.4 |
| कोलकाता | 25.4 | 15.1 |
| चेन्नई | 29.7 | 23.5 |

# खड़गे ने की संसद सुरक्षा उल्लंघन पर गृहमंत्री शाह की आलोचना

**नई दिल्ली,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा उल्लंघन पर संसद में बयान नहीं देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना की और यह भी कहा कि वोट के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी का उपहास करना शाह और भारतीय जनता पार्टी की आदत है। यहां पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए खड़गे ने कहा, 'यह सुरक्षा उल्लंघन एक गंभीर मुद्दा है और सरकार इस पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रही है। हम संसद में बार-बार पूछ रहे हैं कि गृह मंत्री को सुरक्षा उल्लंघन पर संसद में बयान देना चाहिए।' राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, 'लेकिन गृह मंत्री सदन में आकर इस पर बयान नहीं देना चाहते कि क्या हुआ और क्या कारण थे। लेकिन वह टेलीविजन शो में बोलते हैं और घंटों तक बयान देते हैं लेकिन संसद में पांच मिनट के लिए भी बयान नहीं दे सकते। वह हैं



सदन चलाने के लिए तैयार नहीं हैं। यह अच्छा नहीं है। और जो लोग लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते हैं, हमें उनसे कोई उम्मीद नहीं है।'

शाह और भाजपा द्वारा विपक्ष पर संसद सुरक्षा उल्लंघन मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाने के बारे में पूछे जाने पर, खड़गे ने कहा, 'यह उनकी

**वोट के लिए देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी का उपहास करना शाह और भारतीय जनता पार्टी की आदत है:-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष कांग्रेस**

आदत है, वे कांग्रेस पर आरोप लगाते हैं और वोट मांगने के लिए हमारी पार्टी का नाम लेते हैं, और नेहरू, महात्मा गांधी के योगदान का उपहास करते रहते हैं।' कांग्रेस का उपहास करना और वोट मांगना उनकी आदत है।' 13 दिसम्बर को बड़े पैमाने पर सुरक्षा उल्लंघन पर संसद के दोनों सदनों में शाह द्वारा एक विस्तृत बयान की विपक्ष की मांग को लेकर संसद में पिछले दो दिनों से गतिरोध बना हुआ था। 13 दिसंबर को, 2001 के संसद हमले की 22वीं बरसी के अवसर पर, दो लोग लोकसभा में दर्शक दीर्घा से कूद गए, जब शून्यकाल की कार्यवाही चल रही थी।

## भाजपा बेवजह दे रही है संसद में सुरक्षा के मामले को राजनीतिक रंग : वेणुगोपाल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी संसद में सुरक्षा से जुड़े मुद्दे का राजनीतिकरण कर इस गंभीर मामले को बेवजह राजनीति रंग दे रही है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि विपक्ष नहीं बल्कि भाजपा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस गृह मंत्रालय के अधीन है और दिल्ली पुलिस ने न्यायालय में कहा है कि यह आतंकवादी हमला है जबकि विपक्ष बराबर इसे सुरक्षा में चूक का मुद्दा बता रहा है इसलिए विपक्ष नहीं बल्कि भाजपा इसका राजनीतिकरण कर रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा सरकार दावा करती है कि नया संसद भवन दुनिया का सबसे सुरक्षित भवन है। संसद के इस भवन के निर्माण पर आर्थिक संकट के दौर में भी बड़े पैमाने पर पैसा खर्च किया गया है। उन्होंने सवाल किया कि जिस सांसद ने इन युवकों को पास दिया था वह कौन है। इससे बड़ी बात यह है कि सुरक्षा के मुद्दे को लेकर आवाज उठाने वाले सांसदों को सदन से निलंबित किया जा रहा है और जिस सांसद ने युवकों को संसद भवन का पास दिया उनके खिलाफ कुछ नहीं हो रहा है।

# विकसित भारत की इमारत छोटे-मझौले शहरों की बुनियाद पर खड़ी होगी : मोदी

**नई दिल्ली,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शहरों की बड़ी भूमिका है और इसीलिए सरकार छोटे और मझौले शहरों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का निर्माण देशभर में छोटे-मझौले शहरों की बुनियाद पर होगा। श्री मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र में पिछले करीब 10 साल से चल रही सरकार के दौरान भारत में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास में अभूतपूर्व गति से काम हुआ है। साथ ही, सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं और अन्य कमजोर वर्गों की आर्थिक और सामाजिक तरक्की के लिए भी ठोस कदम उठाए हैं।

प्रधानमंत्री पांच राज्यों -राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को आभासी माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इन राज्यों में विधानसभा चुनाव संबंधी आचार संहिता के कारण यह यात्रा शुरू नहीं की जा सकी थी। श्री मोदी ने इस यात्रा को 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' बताया और कहा, 'इसको हरी झंडी भले मोदी ने दिखाया हो, लेकिन इसकी कमान आम लोगों ने संभाल ली है।' इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की विकास योजनाओं के कुछ लाभार्थियों से संवाद भी किया। कार्यक्रम



**भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में शहरों की बड़ी भूमिका है और इसीलिए सरकार छोटे और मझौले शहरों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही:- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

के शुरू में केंद्रीय शहरी विकास एवं रोजगार मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने श्री मोदी का स्वागत किया।

### प्रधानमंत्री मोदी 17-18 को करेंगे सूरत और वाराणसी का दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17-18 दिसंबर को गुजरात के सूरत और अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के वाराणसी का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री 17 दिसंबर को सुबह करीब 10:45 बजे सूरत एयरपोर्ट पर नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे और 11:15 बजे के लगभग सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां पर वह साढ़े तीन बजे के लगभग विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लेंगे। शाम को 5:15 बजे के लगभग प्रधानमंत्री नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 2023 का उद्घाटन करेंगे। 18 दिसंबर को सुबह 10:45 बजे के लगभग प्रधानमंत्री स्वर्वेद महामंदिर जाएंगे, इसके पश्चात करीब 11:30 बजे एक सार्वजनिक समारोह में इसका उद्घाटन किया जाएगा। दोपहर करीब 1 बजे प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लेंगे।

### 19 हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं का देंगे तोहफा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी और पूर्वांचल के लिए 19 हजार करोड़ से अधिक की 37 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। प्रधानमंत्री के काशी आगमन पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनकी अगवानी करेंगे। पीएम मोदी रविवार दोपहर वाराणसी पहुंचेंगे, जिसके बाद वह काशी में लगभग 25 घंटे गुजारेंगे। प्रधानमंत्री के जारी कार्यक्रम के अनुसार वाराणसी दौरे के पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी शाम को नमोघाट से काशी तमिल संगमम के दूसरे संस्करण का शुभारंभ करेंगे।

## सार संक्षेप

### मनरेगा : बंगाल भाजपा 2 दिसम्बर को कोलकाता में करेगी विरोध रैली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की भाजपा इकाई राज्य में मनरेगा के तहत 1\` दिन की नौकरी योजना के कार्यान्वयन में अनियमितताओं के खिलाफ 2 दिसम्बर को कोलकाता की सड़कों पर एक बड़ा विरोध-प्रदर्शन करेगी। संयोग से, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मनरेगा योजना के तहत लंबित केंद्रीय बकाया के बारे में चर्चा करने के लिए उसी दिन नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के अनुसार, केंद्र सरकार पर अपने वैध बकाये का भुगतान करने का दबाव डालने वाली तृणमूल कांग्रेस के आरोप निराधार हैं, क्योंकि योजना के कार्यान्वयन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के कारण केंद्रीय राशि रोक दी गई है। विपक्ष के नेता ने कहा, 'जब तक भ्रष्ट व्यक्ति जेल नहीं जाएंगे तब तक एक पैसा भी नहीं दिया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा केंद्र प्रायोजित योजना को राज्य की अपनी योजना के रूप में पेश करने की कुप्रथा के समाप्त होने के बाद ही राशि उपलब्ध करायी जायेगी।

### बेलगावी महिला निर्वस्त्र मामले में कर्नाटक को एनएचआरसी का नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक महिला को निर्वस्त्र करने और पीटने की कथित घटना पर राज्य सरकार को नोटिस भेजा है। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से चार सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गयी है। विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग ने इस मामले में मीडिया की खबरों के आधार पर कदम उठाते हुए शुक्रवार को यह नोटिस जारी किया। आयोग ने खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा है कि पीड़ित महिला के साथ हुयी घटना मानव अधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है। यह कथित कृत्य एक रूढ़िबद्ध पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण वाला है जो पीड़िता के जीवन और सम्मान के अधिकार का उल्लंघन है।

### भाजपा ने पूछे सवाल, तेजस्वी मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा क्यों नहीं कर रहे ?

**पटना।** पिछले कई दिनों से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव किसी कार्यक्रम में साथ नजर नहीं आ रहे। इसे लेकर भाजपा ने सवाल पूछा है। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि पिछले 1\` दिनों से बिहार में कुछ अनहोनी घटनाएं घट रही हैं। मुख्यमंत्री का सरकारी कार्यक्रमों में चुप्पी साध लेना और तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री के साथ कार्यक्रमों का बहिष्कार करना। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव पिछले एक सप्ताह से मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा करने से क्यों कतरा रहे हैं।

## विपक्ष ने संसद सुरक्षा उल्लंघन पर ममता बनर्जी की चुप्पी पर उठाया सवाल

**कोलकाता,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में विपक्षी दलों ने मास्टरमाइंड के राज्य से संबंध होने के खुलासे के बीच संसद सुरक्षा उल्लंघन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी पर सवाल उठाया है। मास्टरमाइंड ललित झा के माओवादियों से संभावित संबंध भी जांच एजेंसियों की जांच के दायरे में आ गए हैं। भाजपा ने पहले ही वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस विधायक तापस रे के साथ झा की तस्वीर पोस्ट करके सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी सहित वरिष्ठ भाजपा ने मुख्यमंत्री की चुप्पी को लेकर उन पर हमला बोला है। जबकि मालवीय ने कहा है कि मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के विधायक के साथ ललित झा के संबंध के बारे में चुप नहीं रह सकते हैं, अधिकारी ने राज्य सरकार और सत्तारूढ़ दल पर राज्य में विभाजनकारी और अलगाववादी तत्वों को



**मास्टरमाइंड ललित झा के माओवादियों से संभावित संबंध भी जांच एजेंसियों की जांच के दायरे में आ गए**

सीधे संरक्षण देने का आरोप लगाया। हालांकि, पार्टी प्रवक्ता कुणाल घोष समेत तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने दावा किया है कि भाजपा सुरक्षा में लापरवाही के मुख्य मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। उनके अनुसार, भाजपा अपने लोकसभा सदस्यों को भी बचाने की कोशिश कर रही है, जिन्होंने सुरक्षा उल्लंघन के लिए जिम्मेदार लोगों को पास जारी किए थे। इस बीच, वरिष्ठ सीपीआई (एम) नेता शमिक लाहिड़ी ने भी मुख्यमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया है, लेकिन एक अलग नजरिए से।

उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री की चुप्पी भाजपा और आरएसएस के साथ उनकी गुप्त समझ से प्रेरित है। इसीलिए वह भी प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री की तरह इस मामले में चुप हैं।' प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सौम्या आइच रॉय ने कहा कि मुख्यमंत्री की पूरी तरह से चुप्पी वाकई आश्चर्यजनक है, खासकर तब जब मास्टरमाइंड का पश्चिम बंगाल से लिंक सामने आया है।

## राजस्थान के नए सीएम भजनलाल शर्मा ने पेपर लीक मामले में एसआईटी का किया गठन


**जयपुर,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पेपर लीक मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाने की घोषणा की है। शुक्रवार को सीएमओ में अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, 'युवाओं का भविष्य दांव पर लगाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में पेपर लीक न हो। आरोपियों को सजा दिलायी जायेगी।' उन्होंने कहा, 'किसी भी तरह का अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में संगठित अपराध को खत्म करने के लिए एंटी गैंगस्टर्स टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा।' मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चलाने का भी संकेत दिया है। भजनलाल ने कहा, 'हम अपने घोषणा पत्र के आधार पर काम करेंगे। हम जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे और अंतिम व्यक्ति को समर्थन देने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए जिस तरह का काम किया है, वैसा ही हम भी करेंगे। हमारी सरकार महिलाओं और लड़कियों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेगी। महिलाओं को सुरक्षा मुहैया कराना प्राथमिकता होगी।' 'कानून-व्यवस्था में सुधार और भ्रष्टाचार को खत्म करना भी सरकार की प्राथमिकता होगी।'



## मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाली के लिए समय सीमा तय नहीं कर सकते: लेफ्टिनेंट जनरल कलिता

**कोलकाता,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। सेना के पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आर.पी. कलिता ने शनिवार को कहा कि संघर्षग्रस्त मणिपुर में शांति लौट रही है, लेकिन उत्तर-पूर्वी राज्य में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ सुरक्षा बलों द्वारा बातचीत और अन्य माध्यमों से स्थायी शांति लाने के प्रयास जारी हैं।

पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में विजय स्मारक पर एक पुष्पांजलि समारोह के मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, 'मणिपुर में 3 मई को हिंसा भड़कने के बाद असम राइफल्स को बुलाया गया था। हमने राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के साथ मिलकर काम किया और अगले 7-10 दिन में कुछ हद तक सामान्य स्थिति लाने में सफल रहे। कानून-व्यवस्था की स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में आ गई है।' विजय दिवस 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत का प्रतीक है जिसके परिणामस्वरूप




**केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ सुरक्षा बलों द्वारा बातचीत और अन्य माध्यमों से स्थायी शांति लाने के प्रयास जारी हैः-लेफ्टिनेंट जनरल कलिता**

बांग्लादेश को मुक्ति मिली थी। उन्होंने कहा कि मणिपुर में हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुई हैं लेकिन सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए बातचीत और सक्रिय भूमिका के माध्यम से प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, दोनों समुदायों के हाथों में बड़ी संख्या में हथियार होने और सीमा पार म्यांमार में अस्थिरता का असर पड़ा है। लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने कहा, 'छिटपुट घटनाओं की संभावना है लेकिन सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सभी प्रयास जारी हैं।

## रक्सौल से दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस में निकलने लगा धुएं का गुब्बार, यात्रियों में हड़कंप

**पटना,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु) बिहार के बेतिया में रक्सौल से दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस में उस समय अफरातफरी मच गयी जब ट्रेन के एक कोच से धुएं का गुब्बार निकलने लगा। मझौलिया स्टेशन के पास गुरचुरवा



रेलवे गुमटी के पास शनिवार सुबह सत्याग्रह एक्सप्रेस में यह हादसा हुआ। इस हादसे के बाद यात्रियों में हड़कप का माहौल बन गया है। जिसके बाद कुछ लोग चलती ट्रेन से बाहर कूद गए तो अंदर बैठे लोग चीखने चिलाने लगे। मिली जानकारी के अनुसार, मझौलिया स्टेशन का आउटर होने के कारण ट्रेन की स्पीड कम थी। धुआं निकलने की जानकारी मिलते ही लोकोपायलट ने ट्रेन रोक दी। इसके बाद लोग बोगी से निकलकर भागने लगे। दूसरी रेल लाइन पर यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। ट्रेन में आग लगने की आशंका से चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। लोको पायलट समेत अन्य स्टाफ ने धुआं निकलने की जांच की।

वहीं, ट्रेन पर सवार मझौलिया चीनी मिल कर्मी राजू श्रीवास्तव ने बताया कि जांच को लेकर आधा घंटा तक ट्रेन रुकी रही। उसके बाद गाड़ी को आगे बढ़ाया गया। इसके साथ ही इस मामले में मझौलिया के स्टेशन मास्टर प्रसून राय ने बताया कि सत्याग्रह एक्सप्रेस का मझौलिया स्टेशन पर स्टॉपेज है। इसको लेकर ट्रेन की रफ्तार धीमी करने के लिए लोको पायलट ने ब्रेक लगाया। इससे ट्रेन के पिछले स्लीपर कोच के ब्रेक से धुआं निकलने लगा था।

## भाजपा सरकार गोवा के प्रसिद्ध समुद्र तट पर 'पे पार्किंग' लगाकर पर्यटकों को लूटने की कोशिश कर रही : कांग्रेस

**पणजी,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। गोवा कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्व उत्पन्न करने के लिए नीतियों की कमी के कारण भाजपा सरकार तटीय राज्य में स्थित समुद्र तटों पर पे पार्किंग लागू करके पर्यटकों को लूटने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस कार्य समिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य गिरीश चोडनकर ने कहा, 'गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के पास राजस्व उत्पन्न करने की कोई योजना नहीं है और न ही कोई दृष्टिकोण है। 'डबल इंजन' सरकार प्रसिद्ध कोलवा समुद्र तट पर पेड पार्किंग का प्रस्ताव देकर पर्यटकों और स्थानीय लोगों की जेब में छेद करने की कोशिश कर रही है। हम इस कदम का विरोध करें और स्थानीय लोगों के आंदोलन का समर्थन करेंगे।' उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी 'जनविरोधी' नीतियों को लागू करके स्थानीय लोगों और स्थानीय निकायों की आवाज को दबाने में शामिल है।

चोडनकर ने कहा, 'केवल कोलवा के लोगों ने ही नहीं, बल्कि स्थानीय पंचायत ने भी कोलवा समुद्र तट क्षेत्र में पार्किंग के लिए पैसे वसूलने की सरकार की योजना पर आपत्ति जताई है।

## दो-दो मुख्यमंत्री के बेटे हैं चाहते तो गलत तरीके से डिग्री हासिल कर लेते : तेजस्वी यादव

**पटना,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव अपनी पढ़ाई को लेकर अक्सर विरोधियों के निशाने पर रहे हैं। कई ऐसे मौके आए जब विरोधियों ने नौवीं फेल बताकर उनपर तंज किया। डिग्री नहीं होने के कारण तेजस्वी को विरोधियों की तरह तरह के कटाक्ष झेलने पड़ते रहे हैं। शनिवार को पटना के एक स्कूल में आयोजित स्पोर्ट्स प्रोग्राम में शामिल होने पहुंचे तेजस्वी ने कहा कि वे दो दो सीएम के बेटे हैं ताहते तो लगत तरीके से डिग्री हासिल कर लेते लेकिन ऐसा नहीं किया। निजी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि पढ़ाई की डिग्री लेने में किसी को भी पीछे नहीं रहना चाहिए। बच्चों के माता-पिता को जितना



**पढ़ाई की डिग्री लेने में किसी को भी पीछे नहीं रहना चाहिए। बच्चों के माता-पिता को जितना संभव हो सके वे अपने बच्चों को डिग्री दिलाएं। आज मुझे महसूस होता है कि भइया डिग्री ले लेनी चाहिएः- तेजस्वी यादव**

संभव हो सके वे अपने बच्चों को डिग्री दिलाएं। तेजस्वी ने कहा कि, आज मुझे महसूस होता है कि भइया डिग्री ले लेनी चाहिए.. हम तो दो-दो सीएम के बच्चे रहे लेकिन फिर भी.. चाहते तो डिग्री मिल ही जाता लेकिन हमने ईमानदारी से काम किया.. दो-दो मुख्यमंत्री के बेटे होने के बाद भी गलत तरीके से डिग्री हासिल नहीं की.. कई लोगों के पास जाली डिग्रियां हैं.. लेकिन हमने नहीं लिया'।

तेजस्वी ने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों के माता पिता से कहा कि अब पहले वाला कहावत नहीं चलेगा कि पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब.. खेलोगे-कूदोगे तो बनोगे खराब। अब तो आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस और स्पोर्ट्स का जमाना है। ऐसे में अब जरुरत है कि बच्चे आईफोन और टेब छोड़कर खेल मैदानों का रूख करें। इस दौरान उन्होंने पढ़ाई के साथ साथ खेल को भी अहम बताया और कहा कि बिहार सरकार ने पॉलिसी लाई है कि मेडल लाओ और नौकरी पाओ।

संकट | *कश्मीर में सुरक्षाबलों के लिए मुसीबत बनने लगे आतंकी*

# 3 से ज्यादा आतंकी कश्मीर वाले पीरपंजाल एरिया में घुसपैठ को तैयार

**जम्मू, 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। पाक परस्त आतंकी एक बार फिर कश्मीर में सुरक्षाबलों के लिए मुसीबत के तौर पर सामने आने लगे हैं। सुरक्षाधिकारियों ने यह कह कर चौंकाया है कि उस पार से 3 से ज्यादा आतंकी इस ओर आने को प्रतीक्षारत हैं जो कम बर्फबारी के कारण किसी भी समय परेशानी का सबब बन सकते हैं। जबकि यह भी चिंता का सबब है कि कश्मीर में एक्टिव अधिकतर आतंकी पीर पंजाल एरिया में शिफ्ट हो चुके हैं जहां से वे अपनी गतिविधियों को फिर से शुरू करने को प्रयासरत हैं।**

कश्मीर रेंज के बीएसएफ के इंटपेक्टर जनरल अशोक यादव ने संवाददाताओं से बात करते हुए यह दावा किया है कि खुफिया सूचनाएं हैं कि 250-300 आतंकवादी लांचपैड पर इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हमने और सेना ने सभी संवेदनशील इलाकों पर कब्जा कर लिया है और सतर्क हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और सेना के बहादुर जवान सीमावर्ती इलाकों में सतर्क हैं और घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। यादव ने आगे कहा कि हम घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने को लेकर आश्वस्त हैं।

इस बीच अधिकारियों ने इसे माना है कि ऊंचे इलाकों में विदेशी और स्थानीय



आतंकवादियों से निपटने और सर्दियों के दौरान उनकी घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के लगातार प्रयासों के बावजूद, आतंकवादी कश्मीर में आतंक भड़काने के लिए नई रणनीति तैयार कर रहे हैं। पुलिसकर्मियों को चुनिंदा रूप

- **कम बर्फबारी के कारण किसी भी समय परेशानी का सबब बन सकते हैं**

से निशाना बनाने के अलावा, आतंकवादियों ने कश्मीर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई के मद्देनजर अपनी गतिविधियों को पीर पंजाल के दक्षिण में स्थानांतरित कर दिया है, जिससे राजौरी और पुंछ जिलों में आतंकवाद फिर से शुरू हो गया है। इससे जम्मू कश्मीर पुलिस कर्मियों को निशाना बनाने की परेशान करने वाली प्रवृत्ति फिर से बढ़ गई है। जम्मू कश्मीर पुलिस इंस्पेक्टर मंसूर अहमद को 29 अक्तूबर को श्रीनगर के ईदगाह में क्रिकेट खेलते समय गोली मार दी गई थी। डीजीपी स्वैन ने 7 दिसंबर को इंस्पेक्टर मसरूर अहमद की मौत पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा था कि फुरसत के पल का आनंद ले रहे एक पुलिसकर्मी पर कायरतापूर्ण हमला पाकिस्तान के इशारे पर काम करने वाले आतंकवादी नेटवर्क द्वारा कायम की गई शातिर मानसिकता की याद दिलाता है।

अधिकारियों के बकौल, भले ही जम्मू कश्मीर में पिछले छह वर्षों में आतंकवादी घटनाओं में समग्र रूप से गिरावट देखी गई है, 2023 में अब तक की सबसे कम संख्या दर्ज की गई है, सरकार आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति जारी रखे हुए है पर आतंकवाद फिर से फन उठाने के भरसक प्रयास कर रहा है।

## हाना

देखे देवता पूजा मांगथे।
देवता ल देख के पूजा करे जाथे।
अइसन मनखे कोनो देवता के पूजा कर मनौती करथे, ओखर मनौती नइ करही त वो ह रुठ जाथे, जेखर संग रात दिन के उठना बैठना हावय ओकर रुठे के सवाल ही नइ होवय।

## शब्द अरथ

1. चौमस्सी- चार महिना वाला
2. चौमास- चार ऋतु के चार महिना ।
3. चौमेड़ा- चार मेड़ों का मिलनस्थल चौराहा
4. चौरंगा- चार रंगों का
5. चौरमिया- चौरंगा
6. चौरस- चौड़ा, फैला हुआ, समतल
7. चौरा- चबूतरा
8. चौरी- छोटा चबूतरा
9. चौवा- चौआ
10. चौहदी- चारों ओर की सीमाएं या घेरा।

## नवा सरकार आगे

नवा सरकार बीजेपी के आगे हावय, गठन होना बाकी हावय। 12 दिसम्बर के शपथ ग्रहण समारोह रहिस हे। साइंस कालेज मैदान म कार्यक्रम रहिस हे। हजारों कार्यकर्ता गवाह बनिन। महिलामन के संख्या ज्यादा रहिस हे। पीएम मोदी, शाह, नड्डा के संग म पांच राज्य के मुख्यमंत्री आये रहिन हें।

सबके आगू म विष्णुदेव साय ह मुख्यमंत्री के, अरुण साव अउ विजय शर्मा ल डिप्टी सीएम के पद के शपथ दिवाये गीस। साक्षी रहिन हें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे अउ लता उसेंडी। सबले बड़े बात मोदी जी भूपेश बघेल करा जा के हाथ मिलाइन। मोदीजी ह टेबल उठाके सरकइस येखर.ले ओखर सरलता सबके आगू म अइस।

कुछ योजना ल शुरु करे के बात होय हे। 'कृषक उन्नति योजना' शुरु करहीं। येमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान के खरीदी 3100 रुपिया ले करे जाही। पइसा एक ही किस्त म देय जाही। धान खरीदी के पहिली बारदाना उपलब्ध कराये जाही। 18.लाख घर 'प्रधान आवास योजना' के अन्तर्गत देय जाही या पइसा देय जाही। दू बछर के अंदर हर घर म पीये के पानी देय जाही। 'महतारी वंदन योजना' शुरु करे जाही येमा प्रत्येक विवाहित महिला ल हर बछर 12000 रुपिया के सहायता करे जाही। दू बछर के धान के बोनस बकाया हावय यहला 25 दिसम्बर तक खाता म डार दिही।

पीएससी के परीक्षा ल यूपीएससी के तर्ज म करही। येखर ले पारदर्शिता बने राहय। 'तेंदूपत्ता संग्रहण रुपिया 5500 मानक रेट म प्रति बोरा खरीदही। येखर अलावा 4500 रुपिया बोनस भी दिही, चरणपादुका दिही। 'दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना' शुरु करही येमा भूमिहीन खेतिहर मजदूर ल 10000 रुपिया के आर्थिक सहायता करही। रामलला के दर्शन कराये बर अयोध्या लेगहीं। खाली सरकारी पद म भर्ती करे जाही। गरीब परिवार ल 500 रुपिया म सिलेंडर देय जाही।

ये सब तो बने हावय फेर हर बछर हजारो बोरा धान बारिश म भीग जथें येखर बर.काये करही? आम जनता बर तो सब होगे फेर.स्कूल के भवन के का होही? छत्तीसगढ़ी भाषा के माध्यम के मांग चलत हावय येला कब तक टाले जाही का आंदोलन के इंतजार हावय? जगह-जगह छोटे पुलिया के जरुरत हावय,आदिवासी क्षेत्र म अस्पताल.के जरुरत हावय ये सब कब तक होही। आज भी कई ठन गांव मन म जर्जर रोड हावय। जचकी बर या ईलाज बर खटिया म बोह के लेगथे येमा काम होना चाही। नवा सरकार ये सब के बारे म सोचही तभे आगू बढ़ही। बहुत बहुत बधाई।

**सुधा वर्मा**

## अमित के कुण्डलिया - घाम

जड़काला के घाम ला, झन कखरो ले नाप।
रोज बिहनिया रउँनिया, सुघर बइठ के ताप।।
सुघर बइठ के ताप, मढ़ा सेहत के जोखा।
शीतकाल के घाम, होय सिरतों के चोखा।।
रतिहा कमरा ओढ़, फेंक दिन भले दुसाला।।
जिनगी बर वरदान, गजब होथे जड़काला।।

बरसै किरपा सूर्य के, मनमोहय ये घाम।
सरदी के मौसम बने, सबके बनथे काम।।
सबके बनथे काम, शक्ति सेहत के जागै।
गजब जनावय जाड़, मरन होगे कस लागै।।
रतिहा बरसय शीत, फेर तन-मन बड़ हरसै।
जड़काला के घाम, अमित अमरित कस बरसै।।

**सृजन- कन्हैया साहू 'अमित'**
**शिक्षक- भाटापारा**

# मौन मुक्का

## कहिनी

गांव भर मा सनसनी दउड़गे आज। डोंगरी मा लाश मिले हाबे। मोला तो जानबा नइ रिहिस फेर गोसाइन बताइस तब जानेंव। धान बेचे ला गेये रेहेंव सोसायटी। रात-दिन उहां ओड़ा ला टेकाये रहिबे तब धान बेचाही...!

जेवन के पाछू सुतत हंव अउ गुनत हंव अब कोन मरगे रे, कोन फांसी अरो डारिस ते? कायर झन बनो रे जीये ला सीखो। गुनत-गुनत मोला सुध आये लागिस बिसालिक के। ओखरे तो पांच-छै दिन ले आरो नइ हावय। पचपन-साठ बच्छर के किसान मोर संग पढ़े हावय। पांचवी मा फेल होगे अउ पढ़ई छोड़ दिस। हमजोली हावय तभो ले मोला कका कहिथे।

'ठाकुर घर के बइला बन के कब तक कमाबे बिसालिक? नानमुन कोनो करा भुंइयां बिसा लेतेस।'

'हमन जूठा खवइया आन मालिक! भगवान हमर हाथ के डाढ़ मा अइसने लिखे हावय। ओखर बिना पत्ता नइ हाले। कब देखही हमर कोती ला ते?'

मोर गोठ ला सुनके काहय बिसालिक हा संसो करत। जम्मो ला सुरता करत हंव।

आज बिसालिक अब्बड़ उछाह मा रिहिस। ओखर संग गाँव के आने किसान मन घला रिहिन। जेन ल जुटहा काहय तौन मन आज मालिक बनत हावय। मजदूर मन बित्ता भर भुंइयां बिसा लेथे ते मालिक ल अतका झार लागथे, जइसे मेंछा के चुन्दी ल खींच डारे हावय। आज तो सिरतोन दो-पांच दस अउ बारा एकड़ फारेस्ट भुंइयां ल खेत बना के सरकार हा देवत हावय एक-एक झन ला। हम पातर जंगल ला खेत बनावत हन काबर? तुंहर विकास बर। अब तुंहर दुवार तुंहर सरकार हावय काबर? तुंहर विकास बर। सिरमिट के जंगल बनत हावय काबर? तुंहर विकास बर। तरिया ला पाटके स्विमिंग पुल बनावत हावन काबर? तुंहर विकास बर। वन मंत्री गरीब भूमिहीन मजदूर ला वन अधिकार पट्टा बांटत हावय अउ नारा लगवावत हावय।

आज मंत्रीजी लबरा नइ रिहिस। सिरतोन मा जंगल ला काटके चौमासा के आगू खेत बना डारिस। चैतू, बुधारू, रमतू असन मन ला किसान भूमिस्वामी बना दिस। बिसालिक ला घला पांच एकड़ खेत मिलिस।

सिरतोन किसान के पछीना भुंइयां मा चुचवाथे तब सोना उगलथे खेत हा। भलुक पछिना अउ पानी के रंग एके होथे तभो ले जब सिंचाई के पानी मा पछीना मिंझरथे तब ओखर रंग हरियर हो जाथे। चारो कोती हरियर-हरियर दिखत हे। लहरावत धान बड़का -बड़का खेत चाकर मेड़, मेड़ मा राहेर अउ घपटे तिली के पौधा। आज बिसालिक के संग ओखर खेत गे रेहेंव। पोरा तिहार आय न! धान ला चिला खवाय ला गेये रेहेंव।

'तेहां तो हाथ मार देस बिसालिक अतका धान मा कोन पोठ नइ होही?'

'हव कका! सब तुंहर असीस आय।'

बिसालिक के खेत ला देख के सिरतोन अकचका गेंव। काली के बंजर भुंइयां मा आज अतका फसल लहरावत हे हरियर-हरियर । मेड़ के डिपरा मा छेना मा खपत आगी ला मड़ायेंन। फुलकांछ के लोटा के पानी ले आचमन करेंव। धूप दशांग अउ गुड़ के हुम देयेंव। गुड़हा चिला के नानकुन कुटका ला अग्नि देव मा अरपन करेंव। सिरतोन हमर कतका सुघ्घर नेग हावय। किसान हा गभोट धान अन्नपूर्णा दाई ला बेटी मानके सधौरी खवाथे।

'सदा दिन बर छाहत रहिबे अन्नपूर्णा दाई! अपन मया बरसाबे ओ! कोठा कोठार अउ कोठी मा मेछरावत आबे ओ! हमरो भाग ला जगाबे ओ!'

अब्बड़ आसीस मांग डारेंव। पांच चिला ला कुटका-कुटका करके आदर ले खेत म परोसत केहेंव।

'खेत तो बोये हंव कका! फेर टोंटा के आवत ले करजा बोड़ी हो गेये हाबे।'

'अब बड़का काया बर बड़का चद्दर ओढ़े ल परही भई। छुटा जाही जम्मो करजा हा।' बिसालिक के गोठ सुनके केहेंव।

'कोन जन कका...? तोर बहुरिया नेवनिन रिहिस तब मंगल सूत्र ल किसानी करे बर मांगेंव अउ आज ले नइ चढ़ा सकेंव। एकोदिन ठोसरा नइ मारिस गोसाइन हा फेर सगा-पहुना, बाजार -हाट, मेला-मड़ई, बर-बिहाव मा बजरहा डालडा के जेवर ला पहिर के जाथे तब लजाथे। फेर का करही? तरी-तरी रो डारथे। मुंह फुटकार के ये दे ला खाहूं नइ किहिस। अपन भुखाये रहिथे तभो ले मोला जेवन करवाथे। ओखरे सेती ये फसल ला बेंच के गोसाइन बर गुलबंद बिसाहूं कका!' बिसालिक किहिस।

खेत किंजरत हंव अउ बिसालिक बतावत हावय। कभु मुचकावत हावय तब कभु उदास हावय। चेहरा कभु झक्क ले दमक जाथे तब कभु मुरझा जाथे गरीबी अउ अभाव के गोठ करथे तब।

'फुटहा करम के फुटहा दोना, लाई गवां गे चारो कोना। अइसन होगे हावय कका! थोकिन पइसा सकेलथन अउ घर म कोनो न कोनो बुता आ जाथे सिराये बर। तीस हजार सकेले रेहेंव गोसाइन के गुलबन्द लेये बर। अबक-तबक जवइया घला रेहेंव सोनार दुकान। उदुप ले दमाद के फोन आगे। बाबू जब ले तोर बेटी हमर घर म आये हावय तब ले हमर घर म गरीबी के चमगेदरी उड़ावत हावय। बेटा अउ गोसाइन के जर बुखार म मोर जैजाद सिरावत हावय। आज घला मोर डेरउठी के दीया ला झन बुतावन दे बाबू। मोला पइसा दे। दे देंव। एक दरी फेर पइसा सकेलेंव। बहुरिया हरू-गरु होइस। छट्ठी बरही, नत्ता-गोत्ता सियनहिन दाई के खात -खवई अउ टूरी के पढ़ई के फीस, जम्मो मा उरकगे फेर बिसालिक के ।

'का होगे?'

'काला बतावंव कका! पहिली क़िस्त मिलिस जुन्ना घर ला उछाह मा उझारेंन अउ ईटा पथरा के नेंव निकालेंन अउ धपोड़ दे हावन अभिन। तीन बच्छर होगे थुनिहा गड़िया के झिल्ली - मिल्ली ला छा के गुजारा करत हावन। एसो बनाहूं कका पक्का घर चाहे सरकार पइसा देये कि नही...। मोर धरती मइयां हा मोला उबारही गरीबी ले। लइका के बिहाव हो जाही घला।'

' अउ तोर गोसाइन के गुलबन्द?'

'अब तो डोकरी होगे हाड़ा अउ मांस ला साजे के दिन नइ हे अब कका! का गुलबंद गुलबन्द नइ बिसा सकेंव।'

> इंद्र भगवान तो अंखफुट्टा आय सबर दिन। बोता घरी म भोम्भरा जरथे अउ लुवे के घरी पूरा बोहाथे अउ बिसालिक कोनो राजा नोहे कि ओखर भाग जब्बर रइही अउ न ही मालगुजार आय। धान के सोनहा रास हा ताम्बई रंग के हुंडी बनगे। भलुक अकरस पानी अतरगे रिहिस फेर बिसालिक के आंखी के पानी नइ अटाये हे। सुरुज नरायेन के किरपा ले धान ल सुखाइस अउ सोसायटी मा लेगगे किराया के टेक्टर मा।

बिसालिक बतावत रिहिस अउ हमन खेत किंजरत रेहेंन। बम्बूर रुख ला देखेंव। डोड़का के नार छिछले रिहिस। पियर फूल अउ झूलत डोड़का। टोरे लागेंव।

'लइका मन तो बने कमावत होही बिसालिक? संसो झन कर सब सुघ्घर हो जाही । बहुरिया ला गुलबन्द पहिरा डारबे।'

'कोन जन कका? टूरा मन ला पुछेस?' बिसालिक मौन मुक्का होगे। फेर किहिस।

'एक झन ट्रक चलाथे अउ दूसर हा गरवा चरातिस ते जादा कमातिस। मास्टर हावय। शिक्षा मितान। दूनो के दुये हाल। ट्रक वाला ला बरजथो झन पी रे मंद महुआ। मुंही ला भोकवा कहिथे। इही तो कलजुग के अमरित आवय ददा! तभे तो अस्पताल ला प्राइवेट डॉक्टर हा चलाथे अउ सरकार हा दारू भठ्ठी ला। अब्बड़ फरजेंट गोठ-बात मा मोला चला देथे। भलुक ओखर गोसाइन लइका ला चलाये के सामरथ नइ हावय अउ एसो सरपंच बनके पंचायत ला चलाहूं कहिथे।' बिसालिक बताइस अपन बड़का लइका के बारे मा।

'ले बिसालिक बने अउ समझाबे मंद महुआ ला झन पीये अइसे।'

मेंहा केहेंव। मेड़ मा जागे पटवा अउ अमारी भाजी ला टोरत हन अब दूनो झन। शिक्षा मितान बने हावय पढ़-लिख के नान्हे टूरा हा। कमती वेतन वाला हा रेगड़ा टूटत ले कमाथे अउ जादा वाला हा मोबाइल मा गेम खेलथे स्कूल म। अइसना बताथे लइका हा। अब्बड़ सिधवा। कइसनो होवय लइका लोग ला पालत-पोसत हावय। महीना पुट चाउर पठो देथंव। मोला लागथे इही लइका हा नाव के अंजोर करही कका।

बिसालिक के चेहरा दमकत रिहिस आस मा।

'कका ! सब लइका मन अब अपन - अपन खोन्दरा सिरजा डारिस। बस नान्हे नोनी के हाथ मा दू गांठ के हरदी लगा देतेंव ते मोरो कन्या दान के नेंग हो जातिस। अब्बड़ संसो रहिथे। कोनो गरीब अलवा-जलवा लइका मिलही ते बताबे कका!

'हव।' बिसालिक के गोठ सुनके हुंकारु देये हंव। जाम पेड़ म छछले लद्दू कस फरे तुमा ला टोरे के उदिम करत हंव अब अउ बिसालिक फेर बतावत हावय।

'लइका के दाइज डोली देये बर एको पइसा नइ सकेले हंव कका! पांव पखारे बर फुलकांछ के लोटा थारी लेये हंव। भांवर बर सील अउ जोरन बर कंडरा ला झांपी बनवाये बर केहे हंव। ... अउ धौरी बछिया ला घला राखे हंव। फेर सगा सोदर बरतिया घरतिया बइठे बर ठौर नइ हावय कका!' बिसालिक बताये लागिस सुरता कर-कर के।

'घर तो बने हावय का बिसालिक। आवास योजना मा नाव आये हे कहिके पीछू दरी बताये रेहेस।'

'नाव तो आये हे कका फेर...।' दमकत चेहरा फेर बुतागे पहिरही गोसाइन कही लिही 'लबरा', सुन लुहूं मेंहा।'

बिसालिक अब बिद्वान महात्मा बरोबर गोठियावत हावय। बोर के हरियर बटन ला मसकिस । बम्बाट पानी निकलिस । पैलगी करिस गंगा मइयां ला। मोही के धार ला बहकाइस अउ अब घर आगेंन दुनो कोई धान ला देख के उछाह मा मगन होवत।

कुकरी अपन अंडा ला कइसे सेथे? पांख मा लुका के। चियामन ला कइसे राखथे? महतारी लइका मन ला कइसे बटोर के जतन के राखथे? बस वइसना जतन करत हावय बिसालिक ह अपन खेत के, धान के, परिवार के।

'जतका के धान नइ बोये हे लइका लोग ला तियाग देहे। कका! नान्हे देवर बाबू ला पठो दे तो, खेत ले खोज के ले आनही।'

बिसालिक के गोसाइन आवय। आज रात के जेवन के बेरा आके किहिस। मोर नान्हे टूरा हा गिस। गांव के निकलती अमरा लिस। खुटूर -खुटुर ठेंगा ला बजावत ठुकुर-ठुकुर खांसत बीड़ी के सुट्टा मारत आवत रहिथे बिसालिक हा रोजिना।

बिसालिक अउ गोसाइन एक उरेर के झगरा होतिस तेखर पाछू जेवन करतिस।... अउ सिरतोन भुंइयां हा अतका धान उछरिस की देखनी होगे गाँव भर। पटवारी ह तो क्राप कटिंग के प्रयोग घला करिस। खेत ले कोठार अमरगे। कोठार ले कोठी जवइया हावय।

कोठार के मंझोत मा धान के रास (हुंडी) माड़े हावय। भुर्री के करिया गोल घेरा सोनहा धान अउ बीच के करिया मोती के माला बरोबर। मोखला कांटा नजर डीठ ले बांचे बर। काठा कलारी जम्मो। कोठार के तीर म पैरा के पैरावट। अन्नपूर्णा दाई ला परघा के कोठी अउ ससराल पठोये के तियारी होये लागिस।

बिसालिक के मन गमके लागिस। मोर जम्मो करजा छुटा जाही नोनी के बिहाव अउ घर...। जम्मो सुघ्घर हो जाही।

रतिहा तीन-चार बजे ले सोसायटी म दू दिन ले ओड़ा ला टेकाये रिहिस। कतका लड़ई झगरा तनातनी सहिस अपन कुरता अउ पगड़ी के बलि दिस। तब टोकन मिलिस। ओ तो बिसालिक के किस्मत जब्बर हावय तभे कनिहा के ओन्हा बाचिस नहीं ते कतको झन तो...?

इंद्र भगवान तो अंखफुट्टा आय सबर दिन। बोता घरी म भोम्भरा जरथे अउ लुवे के घरी पूरा बोहाथे अउ बिसालिक कोनो राजा नोहे कि ओखर भाग जब्बर रइही अउ न ही मालगुजार आय। धान के सोनहा रास हा ताम्बई रंग के हुंडी बनगे। भलुक अकरस पानी अतरगे रिहिस फेर बिसालिक के आंखी के पानी नइ अटाये हे। सुरुज नरायेन के किरपा ले धान ल सुखाइस अउ सोसायटी मा लेगगे किराया के टेक्टर मा।

'ये धान बिकने लायक नहीं है। सब बदरंग और पाखर हो गया है।' ससन भर देखिस जम्मो धान ला अउ आंखी ला नटेरत किहिस- साहब ह। मॉइश्चर मीटर ले धान के नमी घला नाप लिस। जौन हा जादा रिहिस।

'ले लेव साहब! येहां धान भर नोहे मोर सपना आय। मोर जिनगी आय...।'

बिसालिक करेजा ला निकाल के किहिस फेर साहब तो दाऊ संग ठ्ठा करत हावय।

'साहब! दाऊ के धान ला बिसा लेव वइसना मोरो...?' साहेब कलेचुप।

'साहेब! बोकरा भात खवा दुहूं महूं हा।'

चभलावत पान के पीक ला थूकिस साहब हा। बिसालिक के गोड़ मा घलो परिस थूक हा फेर का करही?

दुनो हाथ जोर के अरजी करिस बिसालिक हा। फेर कलेक्टर मंत्री करा जा राजधानी म।

जम्मो ला गुनत-गुनत नींद परगे। चारबज्जी उठेंव। तियारी करेन जाये के। भिनसरहा होगे। अब जंगल के रस्दा नाहक के डोंगरी ला चढ़त हावन। छै झन पुलिस वाला। लाश ला देखइया जवनहा गांव वाला अउ मेंहा। पुलिस वाला अब पहिली देखइया जवनहा बर गुर्रावत हाबे।

'का करे बर अतका दुरिहा आये रेहेस रे? लकड़ी जंगली जानवर के तस्करी तो नइ करस न? करत होबे ते बारा बच्छर बर धांध दुहूं जमानत घला नइ होवय।'

'जब देख डरेस कलेचुप नइ रहितेस। मर जातिस सड़ जातिस नहीं ते कुकुर कोलिहा खा डारतिस।'

'जिमीकांदा खाये रेहेस का बे! तोर मुँहूअब्बड़ खजवात रिहिस अउ लाश घला छै -सात दिन जुन्ना। इहू हा बताये के कोई जिनिस आय?'

पुलिस वाला मन जवनहा ला चमकाये लागिस। जवनहा तो अतका चेत गे कि अब न लाश ला का? कोनो ला एक गिलास पानी घला नइ पियाय।

अभिन दूसरिया बेरा आवय मंद के भभका लेवत हावय पुलिसवाला अउ गांव वाला मन। मंद पीये ले लाश नइ बस्साये कहिथे। अब अमरगेंन ओ ठउर मा।

ससन भर देखेंव। तेंदू रुख के तीर मा परे तुतारी अउ रुख मा बंधाये नायलोन के डोरी ला। डोरी म गठान अउ गठान म अरझे झूलत लाश। काया के उप्पर कोती उघरा अउ कनिहा मा नानकुन पटकू सूती के। आंखी के जगा मा मांस के लोथा अऊ... गोटारन कस झूलत आंखी। कोनो जिनावर कोचक के निकाल देहे। आधा हाथ नइ हे कोलिहा चफल दे होही। नाक के जगा नाक नहीं, कान के जगा कान नहीं। पेट तुमा कस फूले छाती मा हाड़ा नहीं... अउ कांही हावय ते बिलबिलावत कीरा- सादा-सादा। एक-दो, हजार, लाख नहीं... करोड़ों के संख्या म सादा कीरा। रुख के डारा मा कीरा। डोरी म लबर-लबर रेंगत कीरा अउ लाश नइ झूलत हावय अब जइसे कीरा ह फांसी के डोरी मा झूलत हावय। लाश के एक कुटका संग अब लोचका-लोचका गिरे लागिस। भुंइयां भर बिगरे लागिस कीरा अब। मेहत्तर के गोड़ मा चढ़त हे। बुधारू के धोती मा अउ लाश हवा के झोंका आइस अउ फेर एक कोती गिरगे। अकरस पानी अउ बस्साई...पेट खदबदाये लागिस। ..उच्छर डारेंव। अपन उम्मर भर नइ देखे रेहेंव अइसन लाश। क्षत-विक्षत लाश। मास्क अउ हेन्ड ग्लव्स पहिरके लाश ला उतारत हावय। लाश नहीं कीरा ल उतारत हावय। टूरा आय के टूरी, माईलोगिन आय कि बबा जात। कुछु नइ जानबा होवत हावय।

'वो तो विधानसभा प्रश्न उठ गया है इसलिए इतना मसक्कत करना पड़ रहा है वरना कितने ही लाश को गुमशुदगी अउ लावारिस बना के रफा-दफा कर देते हैं।' पंचनामा बनावत किहिस पुलिसवाला हा। प्लास्टिक के थैली मा भर डारिस अउ लेबल लगा दिस अज्ञात लाश के। फोरेंसिक जांच बर राजधानी जाही। तुतारी ला घला जोरत हावय।

कोन जनी का पता चलही ते? बिसालिक घला कहां गेये हावय ते? कलेक्टर करा गेये हावय कि मंत्री कि राजधानी। संसो होये लागिस। मन अब्बड़ बियाकुल हावय टीवी चालू करेंव। गाना सुने के मन नइ करिस। फिलिम देखे के मन नइ करिस। समाचार लागयेंव मछरी बाजार कस हांव-हांव होवत रिहिस। कुकुर झगरा। लोकतंत्र के पुजारी आवय ये मन। किसान आत्महत्या के आंकड़ा बतावत रिहिस खुर्सी के सपना देखइया मन अउ खुर्सी वाला मन सबूत मांगत रिहिस। हमर छत्तीसगढ़ मा एको झन किसान आत्महत्या नइ करे हे? मेंहा मौन मुक्का हो गेंव। एकदम चुप कलेचुप। टीवी ला बंद करेंव अउ आरो कोती धियान लगायेंव। बिसालिक के गोसाइन आवय अब्बड़ बम्फाड़ के रोवत रिहिस।

- मोर राजा! मोर दाऊ ! ते कहां लुकागेस धनी ...। थोकिन मा थक गे अउ उहू होगे मौन मुक्का...।

**-चंद्रहास साहू , द्वारा राजेश चौरसिया,**
**आमातालाब रोड श्रध्दानगर धमतरी**

## नान्हे कहिनी

### छंईहा

देख बहू -तोर मन म का हे नई जानन? हमन तोला गरु लागत होबोन त जावव तुमन जिंहा जाव तुंहर मर्जी हे। जिंहा रहे के। ठोस निर्णय सुनावत ससुर कहिस। दिन-रात उठा-पटक, बर्तन-भाड़ा के कचराई अउ भांय-भांय के बोली ले तंगा डारेस।

बुढ़त खानी म सहे के ताकत नई रहय मनटोरा के मन घलो कहिस। ओकर मन रहिस हर-हर कट-कट ले हमीं मन निकल जातेंन,तेन बने रहिस। अपन आदमी सुखी ला समझावत रहिस। दूसर कोठा ले आथे तेन ल हमर कोठा पर अस लगथे। जी जबो मनटोरा तिपो के खा लेबो फेर तपनी ताप नई सहावय।

आजकल के लइका मन ला अलग रहे घूमे-फिरे के आजादी चाही। बाहिर म रही त पता चलही। कतका ऐंठन हे उलर जही दूएच दिन म। ले अब चुप रह जादा रोष झन कर- मनटोरा कहिस। अपन छंईहा बना के देखावय। गारी देय भर ल आथे थोथानाहीं ल -थोरको नई घेपय। मनटोरा अतके कहिके अपन मन ला मढ़ा लीस।

उही दिन ले बहू के मुंह म चपका धरागे। लोगन मन का कइही मोला? नई कह सकत हे जाथन तोर घर ल छोड़ के। सास-ससुर के छंईहां बाहिर म नई मिलय जान डरिस।

**मुरारी लाल साव, कुम्हारी**

## जियत भर मया

अपन हिरदय भीतर ले तोला
कभु अलग होय ल नि देवंव
तोला उंघासी घलोक आही ते
सुतेल घलोक नि देवंव।

तोर मया ह मोर बर
जिनगी बरोबर सुघ्घर हवे
हम मर जबो तिहा ले
तोला रोय ल नि देवंव।

किरिया हे तोला मया के
अपन ले झिन अलगाबे
जिते जियत परान दे देहूं
तरसाय के मउका नि देवंव।

**- सोनु नेताम माया,**
**रुद्री नवागांव धमतरी**

## पान के अंगाकर रोटी


पान के अंगाकर रोटी
बड़ गजब के मिठाथे जी
बासी सिथा अउ चाउंर पिसान
दूनो संग म सनाथे जी
सान सानके लोंदी बनाके
केरा पान म थपटाथे जी
आगी अंगरा म टोप ढ़ाकके
पान रोटी बनाथे जी
जब चुरथे अंगाकर रोटी
गरम म कुरुंस चबाथे जी
पान रोटी के पहचान अलग हे
बड़ गजब के मिठाथे जी
गांव देहात म चुरथे अब्बढ़
सबो माई पीला खाथे जी
सिलबट्टा के चुरपुर चटनी संग
गजब के मजा आथे जी!!

**सोनु नेताम माया**
**रुद्री नवागांव धमतरी**

# सतनाम के संदेश देवइया गुरुघासी दास जी

> हमर भारत म ए संत मन के सुग्घर परम्परा चलिस जेहर आध्यात्मिक, धार्मिक,सामाजिक अउ सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्व रखिस। ए परम्परा से मालुम होईस कि जब-जब हमर मानव समाज ल आंच आइस तब-तब इही संत मन अपन अमर वाणी अउ सुग्घर कारज करके ओ आंच ल दूर करे के प्रयास करिन अउ सफलता भी पावत गिन। वइसे तो भक्तिकाल से लेकर मध्यकाल तक ए संत परम्परा म भक्ति आंदोलन के अंतर्गत समन्वयवादी, मानवतावादी, विचारधारा जनम होगे रिहिस।

छत्तीसगढ़ के पावन धरा म अवतरित होवईया संत महापुरुष मन के कारण ए भुंईयां हर धन्य होगे हे। जब-जब ए मन के जनम होईस तब-तब ए भुंईयां म नवजागरण काल आइस अउ मानव मात्र के कल्याण खातिर समाज ल सुग्घर सत के अपन संदेश ल दिन।



हमर भारत म ए संत मन के सुग्घर परम्परा चलिस जेहर आध्यात्मिक, धार्मिक ,सामाजिक अउ सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्व रखिस। ए परम्परा से मालुम होईस कि जब-जब हमर मानव समाज ल आंच आइस तब-तब इही संत मन अपन अमर वाणी अउ सुग्घर कारज करके ओ आंच ल दूर करे के प्रयास करिन अउ सफलता भी पावत गिन।

वइसे तो भक्तिकाल से लेकर मध्यकाल तक ए संत परम्परा म भक्ति आंदोलन के अंतर्गत समन्वयवादी, मानवतावादी, विचारधारा जनम होगे रिहिस अउ इही सब कारण से 19 वीं शताब्दी ल समूचा भारत वर्ष म पुनर्जागरण काल के रूप म जाने जाथे।

ए काल म बड़े-बड़े समाज सुधारक मन जनम लीन,अउ समाज सुधारक के रूप म काम करिन ।इनकर ले पहिली हमर छत्तीसगढ़ के पावन भुईयाँ म एक महान संत सिरोमणि हर जनम ले चुके रिहिन जेन हर समाज म नवजागरण लाय के काम शुरु कर दे रिहिन ।अईसे महान संत हर आय गुरुघासी दास जी। जेकर जनम हर अगहन पूर्णिमा के 18 दिसंबर म सन 1756 म बिलइगढ़ जमींदारी के अंतर्गत बालौदाबाजार तहसील म होइस ।जे हर वर्तमान म अभी जिला हावय।

अईसे महान संत शिरोमणि हर ओ बेरा के 1820 म सतनाम पंथ के स्थापना करिन ।अउ समाज ल सुधारे के कारज शुरु कर दे रिहिन ।अपन संदेश म एहर ए युग ल एक नवा संदेश अउ नवा दिशा दिन ।घासीदास जी चुंकि छत्तीसगढ़ म जनम लीन इहां के मूल वासी रिहिन एकरे सेती उनकर रग-रग म अपन माटी के प्रति अगाध प्रेम रिहिस,अउ ए कारण से ओहर अब्बड़ प्रेरित होईन।

अईसे बेरा म समाज म भारी हाहाकार मचे रिहिस जेमा ऊंच-नीच के भेद-भाव,

छुवा-छूत,दिखाई दिस ।इहां समाज म शोषित पीड़ित मन त्राही-त्राही करत रिहिन।

तब गुरु घासीदास जी हर एमन के दुखती रग म अपन वरद हाथ ल रख के एमन ल सहारा दिन अउ समाज म आत्मिक शक्ति सतनाम के प्रचार-प्रसार करके समाज ल अन्धकार ले उबारिस।

सतनाम धर्म के प्रचार म सत्य,अहिंसा,करुणा,दया, क्षमा,प्रेम,समानता अउ मानवीय गुण के संदेश ल जन-जन म बगराइन ।अउ बताइन की मानव के मानवीय गुण ल अउ ईश्वर नाम ल ही सत्य जानव ।अईसे महान संत शिरोमणि गुरुघासी दास जी हर अपन सतनाम पंथ के स्थापना करके जन समाज ल अपन अमृत वाणी म सुग्घर संदेश दिन अउ कहिन कि-

सतनाम ल ही विस्वास करव, सतनाम के साधना करव,ओकरे अनुरूप आचरण भी करव ।मूर्ति पूजा मत करव,बल्कि निराकार के ध्यान करव ।जीव मन के हिंसा मत करव,प्राणी मात्र मन के उपर दया भाव रखव,गउ माता के रक्षा करव,पर स्त्री के सम्मान करव,अउ माता समझव,मद्यपान,मांसाहारी,अउ चोरी महापाप आय ए सब के त्याग करव।

ए प्रकार से सतनाम के संदेश दवईया अउ समाज म सदभावना,भाईचारा, समानता के अलख जगईया गुरु घासीदास जी ल उनकर जनम दिन के ए पावन बेरा म

शत-शत नमन हे,जेकर सतनाम संदेश हर युग ल नवा दिशा दिही ।जे डहर म चलके मानव समाज हर अपन कल्याण करही।

**अशोक पटेल आशु,**
**तुस्मा,शिवरीनारायण**

# सतनाम धरमधाम गिरौदपुरी : अमरटापू

छत्तीसगढ़ के माटी म धरम -करम,जंगल-पहाड़, मंदिर -महल ले जूड़े कतको जगह देखे लाइक हे।18 दिसम्बर गुरू घासीदास जी ल सुमिरत चलव ऊंखर जन्मभूमि गिरौदपुरी के संगे संग धरमभूमि अमरटापू के दर्शन करबो अउ संदेशा देबो -

पहली घर के अंगना में जागे तुलसी की पूजा हो,
तेखर पाछु दूरिहा के
बर -पीपर के पूजा हो।

लोक कला सहित संत समाज के गढ़ छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी हर रायपुर ले एक सौ चालीस किलोमीटर दूरिहा बलौदा बाजार जिला म परथे।

गिरौदपुरी के पहाड़ी म जागे पेंड़ च्औंरा धौंराज्‍ के तरी म घासीदास जी तप करे रहीन ।हरेक बछर फागुन के अंजोरी पाख म पंचमी ले सप्तमी तक इहां जबड़ मेला भराथे।

**चरण-अमृत-पंच कुण्ड**- गुरु घासीदास के तपोभूमि के तीर म पहाड़ ले संटे च्चरण कुण्डज्‍ बने हे ।रोग ब्याधि ल भोगत कतको भगत मन ह इही कुंड के पानी ल पीथें अऊ रोगमुक्ति पाथें ।एखरे तीर म बाबा जी के चमत्कारी बल के बूता म बने च्अमृतकुण्डज्‍ हावय ।जेहर जंगली जीव जन्तु के पियास बूता के जीवनरक्षा करथे।

**सफुरामठ-बछिया जीवनदान स्मारक**- तपोभूमि के तीर म गुरु घासीदास जी के जीवन संगिनी सफुरा के सुरता म सफुरा मठ बने हे ।कहे जाथे कि बड़े बेटा अमरदास के गंवाएं के दु:ख म माता सफुरा ह मौन समाधि ले लेहे रहिस। जेला अनजाने म गांववासी मन ह मरे समझ के बाबा के अनुपस्थिति म दफना देहे रहिन। बाबा हर उनला फेर जिनगी दीस ।एखर पहिली घासीदास बाबा हर गाय के मरे बछिया ल तको जिनगी दीस ।इही सुरता म तको स्मारक बने हे।

**कुतुममीनार ले ऊंच जैतखाम**- गिरौदपुरी म कुतुम मीनार ले सात मीटर जादा ऊंच जैतखाम बने हावय ।सतत्तर मीटर ऊंच ए खाम हर बावन करोड़ रुपए ले बछर 2015 म बनीस हे ।दुनियां के सबले ऊंच ये जैतखाम ल देखे के बेर गरब म छाती हर फूल जाथे।

**मोतिमपुर के अमर टापू**- गिरौदपुरी कस नामी सतनाम धरम स्थली मुंगेली जिला के अमर टापू हर तकोआए ।एहर मुंगेली -पंडरिया रद्दा परथे। इहां भुरकुंड पहाड़ ले निकले आगर नाव के नदिया बोहाथे ।गुरु घासीदास के बड़े बेटा बाबा अमरदास हर इही टापू म तप करत सतनाम धरम ल जनमन म बगराए रहिस। ओखरे नाव ल अजर अमर बनावत ए टापू म गुरु घासीदास जयंती के दिन इहां बड़ा भारी गुरू परब मेला भराथे।

**विजय मिश्रा 'अमित,'**
**वरिष्ठ लोक हिंदी रंगकर्मी , सुंदर नगर रायपुर**

देशबन्धु
संस्कारधानी
बिलासपुर

रविवार 17 दिसंबर 2023

उल्टा पुल्टा

सोनू और मोनू दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे।
टीचर- मोनू तुमने अपने पापा का नाम अलग क्यों लिखा।
मोनू- क्योंकि आप मुझे फिर कहेंगी कि मैं नकल मार रहा हूं।



# अटल आवास में चोरी करने वाला आरोपी पकड़ाए

**बिलासपुर**,16 दिसंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे) द्वारा पूर्व में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर जिले में हो रही लगातार चोरियों पर अंकुश लगाने एवं अवैध करोबार करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

जिसके परिपालन में क्षेत्र में हो रहे चोरी के रोकथाम तथा आरोपियों के धरपकड़ हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर राजेन्द्र जायसवाल एवं सी.एस.पी. (सरकडा) श्रीमति पूजा कुमार के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी सरकडा निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में थाना सरकण्डा से एक टीम तैयार कर पतासाजी हेतु लगाया गया है। कि दिनाक 14.12.2023 को प्रार्थी स्वदीप चौधरी पिता अच्छेलाल चौधरी उम्र 32 वर्ष निवासी ड्रीम इन्क्लेव सोसायटी अशोक नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आर्यन बिल्डर्स रायपुर द्वारा 145 शासकीय अटल आवास का मकान खमतराई में निर्माण कराया जा रहा है, उक्त कपनी में वह एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है, कि दिनांक 10.11.2023 से 13.12.2023 के मध्य मकान निर्माण कार्य बंद था, कि दिनांक 13.12.2023 को जब काम चालू करने के लिए देखे तो मकान के टीने का दरवाजा को खोलकर कोई अज्ञात चोर द्वारा एल्युमिनियम से बने 50 नग सेट्रींग प्लेट किमती 150000 रू को चोरी कर ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर आरोपी पतासाजी विवेचना में लिया जाकर मौके पर जाकर आसपास के लोगों से पूछताछ किया एवं मुखबीर से जानकारी लिया गया जो बताये कि मोहल्ले का गणेश सूर्यवशी एवं कैलाश सूर्यवंशी लोग उक्त मकान के आसपास संदिग्ध रूप से घूमते हुये देखा गया है, जिससे संदेही गणेश सूर्यवंशी एवं कैलाश सूर्यवंशी को तलब कर कढ़ाई पूर्वक पूछताछ करने पर जूर्म स्वीकार कर चोरी किये एल्युमिनियम सेंट्रीग प्लेट 50 नग करीब 470 कि.ग्रा. कीमती करीब 150,000 रु. का बरामद कर आरोपी गणेश सूर्यवशी एवं कैलाश सूर्यवंशी को विधिवत गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है।

# वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत 4 लाख 25 हजार 8 सौ 13 प्रकरणों का हुआ निराकरण




**बिलासपुर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2023 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एवं न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी, मुख्य न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देश में छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में 16-12-2023 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान् अधिक-से-अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों कें पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई साथ ही मजिस्ट्रेट न्यायालयों की स्पेशल सिटिंग करा पेटी आफेंस के प्रकरणों का भी निराकरण कराया गया। निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस के प्रकरणों का भी निराकरण करया गया।

उक्त नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह समझौता के माध्यम से विभिन्न न्यायालयों से कुल 485813 (चार लाख पच्चासी हजार आठ सौ तेरह) प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा इन प्रकरणों के माध्यम से 3,16,89,24,245/- (तीन अरब सोलह करोड़ नवासी लाख चौबीस हजार दो सौ पैंतालिस) रूपए का अवार्ड पारित किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में कुल 03 खण्डपीठों के द्वारा कुल 80 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 8469056 (चौरासी लाख उनहत्तर हजार छप्पन) रूपये का अवार्ड पारित किया गया।

अवगत हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन कोर्ट की परिभाषा में आने वाले सभी न्यायालयों यथा उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय, फैमिली कोर्ट, फोरम, ट्रिब्यूनल के साथ साथ राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत आयोजित किये जाते हैं इस हेतु नालसा के द्वारा वार्षिक कैलेण्डर तैयार किया जाता है, जिसके अनुसार यह वर्ष 2023 की पांचवीं और अंतिम नेशनल लोक अदालत थी। यह उल्लेखनीय है कि दिनांक 16/12/2023 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष माननीय श्री न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी के द्वारा जिला धमतरी एवं कांकेर में औचक निरीक्षण किया गया और वहां नेशनल लोक अदालत के आयोजन हेतु की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस दौरान् उन्होनें न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं के साथ-साथ पक्षकारों, वित्तीय एवं अन्य संस्थाओं के उपस्थित अधिकारियों से भी चर्चा की गई और लोक अदालत में अधिक-से-अधिक मामलों के निराकरण में सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होनें मुकदमा पूर्व (प्री-लिटिगेशन) मामलों को नेशनल लोक अदालत एवं अन्य लोक अदालतों के माध्यम से निराकरण पर जोर देते हुए बताया कि ऐसे मामलों का पक्षकारों की आपसी सहमति से निराकरण होने पर जहां पक्षकारों को न्यायालयीन प्रक्रियाओं से गुजरे बिना त्वरित न्याय मिलता है, वहीं ऐसे मामले न्यायालयों तक पहचुंने के पूर्व ही निराकृत हो जाने से न्यायालयों में भी मामलों की बढ़ती संख्या का भार कम होता है।

## सार-संक्षेप

### सहयोग फाउंडेशन ने स्कूली बच्चों को बांटे स्वेटर



**बिलासपुर,**16 दिसंबर (देशबन्धु)। सहयोग फाउंडेशन की ओर से स्कूली बच्चो को ठंड से बचाव हेतु गर्म स्वेटर का वितरण किया गया। यह वितरण शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोटा शिवतराई में किया गया। शाला के 153 बच्चो को गर्म स्वेटर कपड़े दिये गये। सभी बच्चे अतिउत्साहित थे। उन सभी बच्चों की प्यारी सी मुस्कान हमेशा फाउंडेशन को इस तरह के कार्यों के लिया प्रेरित करती रहेगी। बच्चो के साथ साथ सभी शिक्षक भी उत्साहित थे कार्यक्रम मे प्राचार्य श्री कुंज राम ध्रुव एवं प्रधान पाठिका श्रीमती अंजना चाकी के साथ शिक्षक हरेंद्र सिंह, तुलसी टोडर शिवरतन सिंह करसायल, विक्रम धर दीवान शामिल रहे। सहयोग संस्था के महती सहयोग हेतु आभार प्रदर्शन अंजना चाकी द्वारा किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती किरण सिंह एवं चंचल सलूजा उपस्थित रहे। सहयोग फाउंडेशन सदैव अपने सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाते रहेगा।

### विभिन्न एक्सप्रेस गाड़ियों में अतिरिक्त कोच की सुविधा



**बिलासपुर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली विभिन्न एक्सप्रेस गाड़ियों में एक-एक अतिरिक्त कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा की उपलब्धता से इन गाड़ियों में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे। विवरण इस प्रकार है।1, गाड़ी संख्या 12262/12261 हावड़ा-सीएसएमटी-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 कोच की सुविधा हावड़ा से 18 व 19 दिसम्बर 2023 को तथा सीएसएमटी से 19 व 20 दिसम्बर 2023 को उपलब्ध रहेगी। 2, गाड़ी संख्या 20917/20918 इंदौर-पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 कोच की सुविधा इंदौर से 19 दिसम्बर 2023 को तथा पुरी से 21 दिसम्बर 2023 को उपलब्ध रहेगी।

### अक्षत कलश समारोह में रामभक्त बरसाएंगे पुष्प

**बिलासपुर,**16 दिसंबर (देशबन्धु) ।बिलासपुर में अक्षत कलश पहुंच चुका है। श्री राम मंदिर तिलक नगर में 17 दिसंबर को अयोध्या से आए अक्षत कलश का वितरण समारोह आयोजित है। प्रखंड व नगर के लिए वितरण किया जाएगा। समारोह को भव्य रूप देने विश्व हिंदू परिषद जुट गया है। कलश पर पुष्प बरसाए जाएंगे। परिषद के पदाधिकारी अक्षत कलश (पीले चावल) व निमंत्रण पत्रक सौंपेगे।राम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के साथ भारत के चरम उत्कर्ष का सूर्य उदय होगा। भारतीय इतिहास का गौरवशाली सातवां स्वर्णिम पृष्ठ लिखा जाएगा। बिलासपुर में भी विश्व हिंदू परिषद ने कमान संभाल ली है। राम भक्त घर-घर जाकर अक्षत-आमंत्रण पत्र के साथ रामलला के दर्शन करने न्योता देंगे। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता ने कहा कि बताया कि अयोध्या में बहुप्रतीक्षित मंदिर में रामलला 22 जनवरी को विराजमान होंगे।इसे लेकर देश के हर जिले में माहौल को राममय बनाने के लिए अयोध्या का न्योता घर-घर पहुंचाया जाना है। 22 जनवरी को मंदिर-मठों में भजन-कीर्तन होगा। श्रीराम जन्मभूमि के भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन करने का न्योता मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद घर-घर पहुंचाएगा। बिलासपुर में कई टोलियां निकलेंगी। 17 दिसंबर को इसे लेकर जिले में एक महत्वपूर्ण बैठक भी प्रस्तावित है। एक जनवरी से हर घर में अयोध्या से भेजे गए पूजित अक्षत और पत्रक वितरित करेंगे। अयोध्या पहुंचने के लिए लोगों से आह्वान किया जाएगा।

# जल्द शुरू होगा शीतकालीन ताइक्कांडो प्रशिक्षण बच्चे सीखेंगे आत्मरक्षा के गुर

**बिलासपुर**,16 दिसंबर (देशबन्धु)। स्थानीय पुलिस मैदान में जल्द ही शीतकालीन ताइक्कांडो प्रशिक्षण शिविर सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ी आत्मरक्षा के गुर में परांगत होंगे। वही नए बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण शिविर आने वाले दो-तीन दिनों के भीतर शुरू हो जाएगा।रोजाना सुबह साढ़े पांच बजे से सात बजे तक और शाम में चार से सात बजे तक यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें किकिंग, फाइटिंग, स्टेमना, पूमसे के आधुनिक खेल की विधा में सभी को दक्ष बनाया जाएगा। इससें छात्र आत्मरक्षा के गुर का सही आत्मसात करते हुए एक खिलाड़ी के रूप में आगे बढ़ सकेंगे।इच्छुक संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं। मालूम हो कि शीतकालीन सत्र के तहत विभिन्न खेल आयोजन होते हैं और शीतकालीन सत्र लगाकर नए खिलाड़ी तराशे जाते हैं। ठंड के समय अभ्यास की क्षमता बढ़ जाती है, इन बातों को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग खेलों का शीलकालीन प्रशिक्षण सत्र चढ़ रहा है।

क्रिकेट का राजा रघुराज सिंह क्रिकेट स्टेडियम के साथ ही अन्य खेलों का प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान, देवकीनंदन स्कूल मैदान के साथ अन्य मैदानों में प्रशिक्षण चल रहा है। इसी तरह ताइक्काडों खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# अधोसंरचना विकास कार्य,कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर** , 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अधोसंरचना विकास हेतु पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के चात्रा-मुरारई सेक्शन में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के फलस्वरूप निम्न गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा ।जिसकी जानकारी इस प्रकार है।

## परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां

26 दिसम्बर 2023 को एलटीटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया खड़गपुर-अंदुल-हावड़ा-बांडेल-कटवा-अजीमगंज-नईफरक्का मार्ग होकर रवाना होगी। 23 व 30 दिसम्बर 2023 को कामाख्या से चलने वाली गाड़ी संख्या 22512 कामाख्या-एलटीटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया नईफरक्का-अजीमगंज-कटवा-बांडेल-हावड़ा-अंदुल-खड़गपुर मार्ग होकर रवाना होगी।



## देरी से रवाना होने वाली गाड़ी

23 व 30 दिसम्बर 2023 को माल्दा से चलने वाली गाड़ी संख्या 13425 माल्दा-सूरत एक्सप्रेस माल्दा से दो घंटे देरी से रवाना होगी।

## सिकंदराबाद-दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस का परिचालन बरौनी के मध्य

इसी प्रकार पूर्व मध्य रेलवे के दरभंगा स्टेशन में वॉशिंग पिट लाइन रिमाडलिंग कार्य के फलस्वरूप गाड़ी संख्या 17007/17008 सिकंदराबाद-दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस का परिचालन सिकंदराबाद-बरौनी-सिकंदराबाद के मध्य किया जाएगा।

दिनांक 16 व 19 दिसम्बर 2023 को सिकंदराबाद से चलने वाली 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस, बरौनी स्टेशन में समाप्त होगी तथा बरौनी-दरभंगा के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार दिनांक 19 व 22 दिसम्बर 2023 को दरभंगा से चलने वाली 17008 दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस, बरौनी स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा दरभंगा-बरौनी के मध्य रद्द रहेगी।

# बढ़ी ठंड, पर्यटक उठा रहे मौसम का आनंद

## 19 से 22 दिसबर तक मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट की संभावना

**बिलासपुर**,16 दिसंबर (देशबन्धु)। ठंड ने अपना असर दिखाना प्रारंभ कर दिया है। सूरज भी सहमा-सहमा है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सीजन में यह पहला मौका था जब इतनी सर्दी का अहसास हुआ। दिनभर मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग की मानें तो यह सिलसिला अभी बना रहेगा।

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका के रूप में मध्य क्षोभमंडल में पश्चिम से आ रही है, जो 5.8 किलोमीटर पर 58 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। प्रदेश में 16 दिसंबर को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण नमी में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे प्रदेश में न्यूनतम तापमान में मामूली वृद्धि संभावित है।



अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। बता दें कि इधर शुक्रवार को दिनभर मौसम शुष्क बना रहा। धूप अच्छी लगने लगी। वातावरण में नमी बनी रही। यही कारण था कि सूरज उगने के बाद भी धूप तेज नहीं लगी। सबसे अच्छी बात यह कि पर्यटकों में इस मौसम को लेकर जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। बिलासपुर के आसपास पर्यटन स्थलों पर अब भीड़ बढ़ने लगी है। ऐसा माना जा रहा है कि शनिवार और रविवार को इन जगहों पर बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित पहुंचेंगे। 19 से 22 दिसबर तक मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट की संभावना है। कई जगहों पर तापमान 10 डिग्री से नीचे आ सकता है। ऐसी स्थिति में शीतलहर चलने की संभावना है। बिलासपुर में भी इसका प्रभाव पड़ेगा।

# लूटपाट का आरोपी पकड़ाया

**बिलासपुर**,16 दिसंबर (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में लूटपाट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया श्रीमती अलका गुप्ता पति चन्द्र प्रकाश गुप्ता उम्र 47 वर्ष निवासी आर. के. बुट हाउस गली नंबर 03 थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर थाना उपस्थित आकरं रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 22.11.2023 को शाम लगभग 5.00 बजे कश्यप कालोन से टियुशन पढाकर वापस अपने घर पैदल तेलीपारा जा रही थी।

कि गली नंबर 03 के पास एक्टिवा वाहन में बैठे 03 लोग आये और उसमे से एक व्यक्ति प्रार्थिया के कंधे में टांगे पर्स को छीन कर ले गया। पर्स में ओप्पो कंपनी का मोबाईल, चश्मा और



9000 रूपये था। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपियो की पता तलाश की जा रही थी। विवेचना दौरान मुखबिर सूचना पर आरोपी बिसु श्रीवास पिता राजकुमार श्रीवास उम्र 21 वर्ष निवासी अटल आवास सरकण्डा थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर को चांडीडीह सब्जी बाजार में घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी द्वारा बताया गया कि वह अपने साथियो विशाल एवं ओम उडिया के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी द्वारा बताया गया कि लूट की रकम में से 2000 रूपये उसे हिस्सा में मिला था। जिसमें से उसके द्वारा 1000 रूपये को खर्च करना बताया, आरोपी के कब्जे से 1000 रूपये बरामद किया गया। प्रकरण के अन्य 02 आरोपियो विशाल एवं ओम उडिया की पता तलाश जारी है। उक्त कारवाई में निरीक्षक उत्तम साहू, सउनि भानू पात्रे, सउनि विजय राठौर, आर. गोकुल जांगडे, नुरूल कादिर, प्रेम सूर्यवंशी, समर बहादुर सिंह, रंजीत खांडे, रंजीत खरे, रत्नाकर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रेलवे क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में रेलवे की महिला व पुरुष की दोनों टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

## व्यक्तिगत श्रेणी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीन खिलाड़ियों ने 1 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक प्राप्त किया

### उत्तर पश्चिम रेलवे के उदयपुर, राजस्थान में आज आयोजित की गई थी यह प्रतियोगिता

**बिलासपुर,** 16 दिसंबर(देशबन्धु)। 54वीं अखिल भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर पश्चिम रेलवे के उदयपुर, राजस्थान में आज गया था। इस प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की पुरुष एवं महिला दोनों टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग दोनों में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला एवं पुरुष क्रॉस कंट्री टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही तीन



खिलाड़ियों ने व्यतिगत रूप से 01 स्वर्ण एवं 02 रजत पदक प्राप्त किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में यह पहली बार हुआ है, जब इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों टीम ने विजय प्राप्त कर इतिहास रचा है। इस प्रतियोगिता में सम्पूर्ण भारतीय रेलवे के 13 जोन की महिला टीम एवं 15 जोन की पुरुष टीम ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत श्रेणी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के एथलीट हेमराज गुर्जर/ जूनियर अकाउंट क्लर्क, मुख्यालय/बिलासपुर ने स्वर्ण पदक, हरीश टिकट कम कामर्शियल क्लर्क, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय, बिलासपुर ने रजत पदक तथा मुन्नी देवी टिकट कम कामर्शियल क्लर्क, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय, बिलासपुर ने रजत पदक प्राप्त किया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अधिकारियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

# नाबालिग को भगाकर ले गया राजस्थान, गिरफ्तार

**बिलासपुर**,16 दिसंबर (देशबन्धु)। पचपेड़ी क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग नौ महीने पहले अपने घर से गायब हो गई थी। इसकी शिकायत पर पुलिस ने नाबालिग को राजस्थान में खोज निकाला। बयान के आधार पर पुलिस ने एक युवक को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी ओपी कुर्रे ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग नौ महीने पहले दो मार्च को घर में बिना बताए अपने घर से कहीं चली गई थी। स्वजनों ने इसकी शिकायत थाने में की। इस पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि नाबालिग एक युवक के संपर्क में थी।

## सार-संक्षेप

### ट्रेक से उतरा मालगाड़ी का पहिया, 800 मीटर चली ट्रेन



**कोरबा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। चांपा-गेवरारोड रेल खण्ड पर कुचैना के निकट चलती मालगाड़ी के एक डिब्बे के चार पहिये पटरी से उतर गए। घटना की जानकारी पश्चात रेलवे के अधिकारी और कर्मचारियों के अलावा एसईसीएल के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पाया गया कि पहिये उतरने के बाद भी मालगाड़ी 800 मीटर तक पटरियों के बीच चलती रही। इसके कारण पटरी का उक्त बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और डिब्बे भी अलग-अलग हो गए। बताया गया कि उक्त मालगाड़ी एसईसीएल जूनाडीह साइडिंग से कोयला लोड कर कोरबा की ओर आ रही थी। इस घटना के बाद कोयला परिवहन भी प्रभावित हुआ। रेलवे के अधिकारी और कर्मचारियों के अलावा एसईसीएल के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे।

### प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए दिया सन्देश



**कोरबा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा% का प्रदेश में आज 16 दिसंबर को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से इस प्रदेशव्यापी आयोजन में उपस्थित रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने संकल्प यात्रा के प्रचार प्रसार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। हितग्राहियों को बधाई देते हुए दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की करने की शुभकामनाएं दी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने कोने तक पहुँच रही है। इस अभियान को लेकर पूरे देश मे उत्साह नजर आ रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य समाज के सभी वर्ग के लोगों को लाभ पहुँचाना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री केवल योजनाओं को लागू ही नहीं करते बल्कि इन योजनाओं का लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। राज्य में मोदी की गारंटी की सभी घोषणाएं पूरी की जाएगी।


कोरबा जिले में दर्री जोन अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक लखन लाल देवांगन, कलेक्टर श्री सौरभ कुमार, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप, निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, एल्डरमैन, पार्षद, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरुरतमंद लोगों के आवेदन फार्म भरवाए गए। विधायक ने विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र वंचित लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। श्री देवांगन ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया।

### भव्य सतनाम द्वार आकार ले रहा है बालको में



**कोरबा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। बालको नगर के सतनाम भवन में समाज के लोगों ने 24 जुलाई को भव्य सतनाम द्वार बनाने का निर्णय लिया था। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह राजस्थान के पिंक स्टोन से निर्मित प्रथम कालजयी सतनाम द्वार है, जिसे समाज ने अपने बुद्धिमत्ता और दूर दृष्टि रखते हुए समाज के स्वाभिमान का निर्माण स्वयं के सहयोग से समाज का विरासत खड़ा कर स्वर्णिम अक्षरों में अपना नाम दर्ज किये हैं। समाज की यह विरासत आगे चलकर समाज की संस्कृति का अमिट हिस्सा बनेगी। इस भव्य सतनाम द्वार का अनावरण सभी सहयोगकर्ताओं के द्वारा गुरू पर्व 18 दिसंबर को किया जाएगा। इसकी तैयारी समाज के द्वारा की जा रही है। भव्य सतनाम द्वार बनाने के लिए कारीगर बुलाए गए हैं व निर्माण पूर्णता की ओर है। नगरवासी भी इस भव्य द्वार को देखने पहुंच रहे हैं। गुरूद्वारा रोड समीप स्थित विशाल प्रांगण में सतनाम भवन सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा उपयोग किया जाता रहा है। भव्य सतनाम द्वार नगर का पहला और ऐतिहासिक द्वार के रूप में पहचाना जा रहा है।

### जलाराम मंदिर का स्थापना दिवस आज



**कोरबा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। संत श्री जलाराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 13 वर्ष पूर्ण होने पर जलाराम सेवा समिति द्वारा मंदिर का स्थापना महोत्सव (पाटोत्सव) 17 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति के सचिव किशोर भाई पटेल ने बताया कि सुबह 9:30 बजे से मंदिर में विराजमान श्री विग्रहों का अभिषेक पूजन किया जाएगा। शाम 5:30 बजे दैनिक पूजा-आरती के बाद सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे से भंडारा प्रसाद (भोजन) का वितरण किया जाएगा। सचिव किशोर भाई पटेल ने गुजराती समाज के सभी सदस्यों से सपरिवार आयोजन में शामिल होने आग्रह किया है।

# पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा इस्तीफा लेकर पहुंचे राजीव भवन

### प्रभारी महामंत्री गैदू ने कहा- शिकायत मिली है, घर की बात घर में सुलझा लेंगे

**कोरबा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के पाली-तानाखार के पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा ने कांग्रेस से इस्तीफा देने का विचार बनाया और इस आशय का पत्र लेकर पार्टी के रायपुर मुख्यालय पहुंच गए। उन्होंने अपना इस्तीफा पत्र दे भी दिया लेकिन पीसीसी प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू से चर्चा और अपनी बात रखने के बाद इस्तीफा पत्र वापस ले लिया है। उन्होंने उक्त बातें मीडिया से साझा भी की है।



छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार के बाद तानाखार के पूर्व विधायक व पूर्व उपाध्यक्ष, मुख्यमंत्री अधोसंरचना उन्नयन एवं विकास प्राधिकरण (राज्यमंत्री दर्जा) रामदयाल उइके पर क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने संगठन की बैठक में उन पर हार का ठीकरा फोड़ा। इससे व्यथित होकर श्री केरकेट्टा ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता एवं समस्त पदों से इस्तीफा पत्र तैयार कर राजधानी रायपुर पहुंच गए। उन्होंने राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नाम इस्तीफा देकर पावती भी ले लिया।

### नाराजगी दूर कर ली जाएगी- गैदू

**इस मामले में प्रभारी महामंत्री श्री गैदू का कहना है कि श्री केरकेट्टा ने पहली बार अपनी बात रखी है, जिसे गंभीरता से सुना गया है। उन्हें पार्टी से नहीं, व्यक्ति विशेष से उनकी नाराजगी है, जिसे ठीक कर लेंगे, यह घर की बात है घर में सुलझा ली जाएगी। जो भी गलतियां की गई हैं या जिस तरह की नाराजगी है उसे सुधार लिया जाएगा।**

### कुछ लोग कांग्रेस और मुझे बदनाम कर रहे

यह खबर समाचारों की सुर्खियां बनी रही तो कुछ घंटे बाद ही खबर निकली कि उन्होंने इस्तीफा पत्र वापस ले लिया है। पीसीसी प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू से चर्चा के बाद मिले आश्वासन के बाद श्री केरकेट्टा ने किसी का नाम लिये बगैर कहा कि कुछ लोग व्यक्तिगत तौर पर कांग्रेस को बदनाम करने और हराने का काम किए हैं और मुझे भी बदनाम करने का काम करते हैं। पार्टी में कुछ षड़यंत्रकारी लोग रहते हैं जो नुकसान करने की मंशा रखते हैं, ऐसे लोगों की पहचान कर ली गई है। श्री केरकेट्टा ने कहा कि वे बड़ी पीड़ा व तकलीफ में हैं इसलिए इस्तीफा पत्र लेकर आया था किन्तु मेरी शिकायतों को अब सुना जा रहा है इसलिए इस्तीफा फिलहाल देने का सवाल नहीं है। यह भी कहा कि जितने भी सीटिंग एमएलए रहे हैं, उनका पार्टी ख्याल करे, चुनाव में हार-जीत तो लगी रहती है और सारा निर्णय हाईकमान लेते हैं।

# हार्डवेयर व्यापारी के घर से चोरी के आरोपी बिलासपुर से पकड़ाए

**कोरबा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। एमपी नगर कालोनी के निवासी हार्डवेयर व्यवसायी के घर से हुई नगदी व जेवरातों की चोरी का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। चोरी में संलिप्त दो आरोपियों को संदिग्ध नंबरों व सीसीटीवी फुटेज में मिली जानकारी के आधार पर बिलासपुर से गिरफ्तार किया गया। दो अन्य सहयोगी आरोपी फरार हैं।

बता दें कि रॉकी चौरसिया पिता राजकिषोर चौरसिया एम.आई.जी. 1/67 महाराणा प्रताप नगर के घर से 8-9 दिसंबर की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवर एवं नगदी रकम की चोरी कर ली थी। मामले में धारा 457, 380 भादवि कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। पुलिस की चार टीम बनाकर पतासाजी की जा रही थी। संदिग्ध नंबरों का डाटा खंगालने के साथ घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए जिसमें तीन संदेहियों की तलाश शुरू हुई। सोशल मीडिया की मदद से मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि एक संदेही थाना तोरवा जिला बिलासपुर का रहने वाला शातिर व बदमाश सुरेश पटेल उर्फ शान्तनु है। सूचना बाद संयुक्त टीम ने पटेलपारा तोरवा में घेराबंदी कर सुरेश को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में उसने राजेश साहू उर्फ बंबईया और शशीकांत वैष्णव उर्फ फुन्थरु के साथ कोरबा आकर चोरी करना बताया।

सुरेश के कब्जे से नगद 45,180 रुपए एवं सोने चांदी के जेवरात व चोरी के रकम से खरीदा हुआ एक मोबाइल जप्त किया गया। राजेश साहू ने अपने हिस्सा का पैसा व सोने-चांदी अपने भाई भीम कुमार साहू उर्फ राजू के पास रखना बताया। भीम साहू को पकड़कर नगद 50,000 रूपए एवं सोने की अंगूठी बरामद किया गया। दो अन्य आरोपी राजेश साहू उर्फ बंबईया और शशीकांत वैष्णव फरार हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है। आरोपी सुरेश पटेल पिता गुहाराम 33 वर्ष व भीम कुमार साहू पिता रघुराम साहू 30 वर्ष सूर्यवंषी मोहल्ला तोरवा के विरूद्ध धारा 457, 380, 411, 34 भादवि का जुर्म दर्ज कर जेल दाखिल कराया गया।



**पहले तलाशा सूना मकान, फिर चोरी की**

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 8 दिसंबर को दोपहर 3 बजे तीनों दोस्त बस में बैठकर टीपी नगर कोरबा आये। टीपी नगर से लालूराम कॉलोनी तरफ सूने मकान की तलाश किये किन्तु ऐसा कोई घर नहीं मिला। बाद आटो से घंटाघर आये। घंटाघर से आगे सूने मकान की रेकी किये जहां रात में एक घर के सामने ताला लगा हुआ देखा। घर देखकर वापस निहारिका तरफ आए और निहारिका के पास शराब लेकर पानी टंकी के पास शराब पीकर खाना खाकर रात्रि 2 बजे उक्त मकान में चोरी के बाद चांपा होते हुए बिलासपुर लौट गये।

### बंदर ने ग्रामीणों पर किया हमला

**कोरबा-पोड़ी उपरोड़ा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में एक बंदर काफी दिनों से गांव में मौजूद है। यह बंदर सभी लोगों से घुल-मिल जाता है लेकिन यह कभी आक्रामक होकर लोगों को काट भी लेता है। उक्त बंदर द्वारा अब तक पांच लोगों को जख्मी किया जा चुका है। घायलों को एंटी रेबिज इंजेक्शन लगाया गया है। बताया गया कि जंगल से भटक कर बंदर का यह बच्चा पोड़ी के मोहल्ले में काफी दिनों से यहां-वहां उछल-कूद कर रहा है। यह बंदर क्षेत्र में कौतुहल का विषय बना हुआ है लेकिन खेल-खेल में कब आक्रामक होकर सामने वाले को घयल कर देगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं होता। घायल गोपाल ने बताया कि बंदर उसके बाइक पर सवार हो गया और साथ में घूमने लगा। कुछ समय तक घुमाया, उसे केले भी खिलाया लेकिन उसी बंदर ने मौका देख गोपाल को काट लिया। बताया जाता है कि बंदर के काटने से 5 व्यक्ति घायल हो गए हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोंड़ी उपरोड़ा में एंटी रेबिज वैक्सीन लगाया गया है, फिलहाल सभी का उपचार जारी है।

### विधायक लखन ने भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाने कलेक्टर को लिखा पत्र

#### कहा- कोयला और राखड़ परिवहन के लिए बालको प्रबंधन बनाए अलग मार्ग

**कोरबा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन ने भारी माल वाहनों के संचालन का समय निर्धारित करते हुए इनका प्रमुख मार्गों पर प्रतिबंध के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने कलेक्टर को पत्र लिखा है।

विधायक श्री देवांगन ने कहा है कि बालको से हजारों की तादात में प्रतिदिन भारी वाहनों से राख और कोल परिवहन किया जाता है, उक्त मार्गों पर भारी वाहनों के परिचालन से सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। स्कूल,कॉलेज के साथ आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन हो रहे हादसे से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। श्री देवांगन ने कलेक्टर को कहा है कि भारी वाहनों पर नो एंट्री जल्द से जल्द लगाएं। सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक राखड़ और कोयले के परिवहन पर प्रतिबंध लगाएं। इसके अलावा एनजीटी की नई गाइडलाइन के मुताबिक राख का परिवहन कैप्सूल वाहनों से हो, ताकि सड़कों पर डस्ट की समस्या कम हो। राखड़ परिवहन के लिए प्रतिदिन मात्रा भी तय हो। भारी वाहनों से हो रहे हादसों पर नाराजगी



व्यक्त करते हुए विधायक ने कहा है कि बहुत जल्द सभी उपक्रमों और विभाग की बैठक वे लेंगे। कोरबा विधायक की प्राथमिकता है कि आम लोगों के जीवन में उपक्रमों की वजह से किसी तरह का विपरीत असर न पड़े।

**बालको प्रबंधन 6 महीने में बनाए अलग सड़क**

कोरबा विधायक ने कलेक्टर को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया है की बालको प्रबंधन अपने कोल और राखड़ परिवहन के लिए 6 महीने के भीतर अलग सड़क का निर्माण कराए। दरअसल हर साल ध्यानचंद चौक से रिस्दी तक सड़क खराब हो रही है। आने वाले दिनों में बालको का विस्तार होना है, इसके बाद वाहनों का दबाव और बढ़ जायगा। इसलिए अभी से वैकल्पिक मार्ग बनाने की जरुरत है। इसी तरह कुसमुंडा से इमलीछापर मार्ग को जल्द पूरा कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है। सड़क का काम विलंब से चल रहा है, इससे जाम और लोगों को परेशानी हो रही है। नियमित तौर पर पानी का छिड़काव करने के लिए भी कहा गया है।

# लोक अदालत में 4370 प्रकरणों का निराकरण



**कोरबा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा वर्ष 2023 के अंतिम हाईब्रीड नेशनल लोक अदालत में 4370 प्रकरणों का निराकरण किया गया। डीएल कटकवार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आतिथ्य एवं विशिष्ठ अतिथि अपर सत्र न्यायाधीश कु. संघपुष्पा भतपहरी, अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) श्रीमति ज्योति अग्रवाल, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा अश्वनी चतुर्वेदी, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, बृजेश राय, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक के अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश, श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग दो मंजीत जांगडे, संजय जायसवाल, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, बी.के. शुक्ला, सदस्य, छग राज्य विधिज्ञ परिषद बिलासपुर, श्रीमती रंजना दत्ता, अध्यक्ष, उपभोक्ता फोरम, मानसिंह यादव, चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। नालसा थीम सांग न्याय सबके लिये के साथ नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में कुल 10724 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें न्यायालयों में लंबित प्रकरण 2300 एवं प्री-लिटिगेशन के 8424 प्रकरण थे। राजस्व मामलों के प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के कुल प्रकरणों सहित 4370 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में समझौते के आधार पर हुआ।

इस अवसर पर आयुष चिकित्सा विभाग के सामंजस्य से निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर में लगभग 500 लोगों का स्वास्थ्य परिक्षण कराया एवं उनके स्वास्थ्यगत समस्याओं के अनुसार उन्हें दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में निश्शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उनके रोग के अनुसार निश्शुल्क दवा वितरण, निश्शुल्क बीपी, शुगर जांच, मरीजों को खाने-पीने की सलाह सहित आमजनों को जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर आयुष विभाग के चिकित्सकगण एवं अधिकारी कर्मचारीगण ने अपनी भागीदारी दी।

# संस्कृत नहीं तो संस्कार कैसे आएगा- भूषण कृष्ण शास्त्री

## कौशलपुर में भी एक संस्कृत गुरूकुल की स्थापना को जरूरी बताया

**कोरबा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रख्यात कथा वाचक कौशल किंकर की उपाधि प्राप्त श्रीभूषण कृष्ण शास्त्री के द्वारा मोदी गार्डन, रानी रोड में 19 से 26 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा। कथा से पूर्व श्री शास्त्री ने प्रेस क्लब तिलक भवन में प्रेसवार्ता को संबोधित कर कहा कि संस्कृत नहीं तो बच्चों में संस्कार कैसे आएगा। उन्होंने कहा कि कौशलपुर (मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) में एक भी संस्कृत का गुरूकुल नहीं है और कौशलपुर के विद्यार्थियों को महंगी फीस देकर संस्कृत की शिक्षा एवं दीक्षा लेने दूर दूसरे प्रदेश जाना पड़ता है, इसलिए एक संस्कृत गुरुकुल की स्थापना होनी चाहिए।

भूषण कृष्ण शास्त्री ने कहा कि संस्कार तभी आ सकता है जब हमारी देववाणी संस्कृत का उत्थान, विस्तार और संस्कृत भाषा में समृद्धि आए। शासन-प्रशासन को भी इस दिशा में पहल करनी चाहिए और सनातनी धर्म को आगे बढ़ाने के लिए संस्कृत गुरूकुल की स्थापना होनी चाहिए। एक प्रश्न के जवाब में कहा कि हमारे पास संसाधन का अभाव है और सनातनी धर्म से वास्ता रखने वाले उद्योगपति, कुबेर पुत्र इस दिशा में यदि अपना हाथ बढ़ाएं तो यह संभव हो सकता है। श्रीहरि परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भी इस लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए कराया जाता है और इस महान लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज संस्कारित और सभ्य तभी बन पाएगा जब हम हर कार्य को वेद पुराणों के अनुसार करें और जीवन को अनुशासित बनाएं। सबसे पहले अभिभावकों को स्वयं जागृत होना पड़ेगा और दिनचर्या की शुरूआत सनातनी ढंग से करना होगा।




### 7 विभूतियों का मिलेगा सानिध्य

श्री शास्त्री मोदी गार्डन में हो रहे धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनने का आग्रह नगरजनों से करते हुए बताया कि आयोजन में देश की 7 विभूति भी अपना सानिध्य प्रदान करेंगे। 45 ब्राम्हण भी हवन पूजन में शामिल होंगे। भागवत कथा में 31 मूलपारायण की पोथी रखी जाएगी।

# गुरूघासीदास जयंती पर आज सीतामणी से निकलेगी शोभा यात्रा

**कोरबा,** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। गुरू घासीदास की 267वीं जयंती समारोहपूर्वक कोरबा जिले में मनाई जाएगी। दो दिवसीय आयोजन की कड़ी में 17 दिसंबर को सीतामणी से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारी कोरबा सतनामी कल्याण समिति के द्वारा पूरी कर ली गई है। समिति के अध्यक्ष यूआर महिलांगे, सहसचिव सत्येन्द्र डहरिया, शोभायात्रा के प्रभारी त्रिवेन्द्र आदिले और मनोज मनहर के नेतृत्व में शोभायात्रा सीतामणी स्थित जैतखाम से पूजा-अर्चना के पश्चात दोपहर 12 बजे निकाली जाएगी। सत्येन्द्र ने सतनाम नगर बालको बाईपास रोड में शोभायात्रा के आयोजन हेतु सभी युवा साथियों को आने आग्रह किया। विनोद टंडन सहित सतनाम नगर नवयुवक समिति ने शोभा यात्रा को सफल बनाने सभी लोगों से अपील की है। 18 दिसंबर गुरूपर्व के दिन प्रातः 11 बजे से चौका पूजा आरती का आयोजन किया गया है। इसी दिन दोपहर से पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। समिति द्वारा एक पंथी नृत्य को चयन कर प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए भेजा जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन ने भी 18 से 25 दिसंबर तक गुरूपर्व मनाने का निर्णय लिया है जिसमें पंथी नृतक दलों को पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।



### यात्रा में पंथी और शौर्य प्रदर्शन

समिति के सदस्य और टीम के प्रभारी त्रिवेन्द्र और मनोज ने बताया कि शोभायात्रा में डीजे के साथ धुमाल ग्रुप और राताखार पंथी पार्टी के द्वारा पॉम मॉल के पास पंथी की प्रस्तुति दी जाएगी। गुरु की भव्य आरती के साथ करमा नृत्य दल भी शोभायात्रा में शामिल रहेंगे। मुंगेली से आए सतनाम सेना अखाड़ा दल के लोगों के द्वारा शौर्य प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा की भव्य शुरुआत

**अम्बिकापुर** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देश के पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले में भव्य शुभारंभ किया। मेंड्राकला में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर लोगों ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में भारत शासन की योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने गांव-गांव तक मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के नाम से जानी जा रही वैन पहुंचेगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राज्य में संकल्प यात्रा का औपचारिक शुभारंभ किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जिला स्तरीय शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि के अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री राजेश अग्रवाल रहे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव-गांव में तमाम योजनाओ की जानकारी देकर वंचित लोगों को लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को समय पर लाभ मिले, पहुंच विहीन ग्रामों को भी चिन्हांकित किया जाए ताकि वहां भी लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।

इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा के विधायक श्री प्रबोध मिंज एवं सीतापुर के विधायक श्री रामकुमार टोप्पो ने भी आम जन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की संकल्प यात्रा का मकसद अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस वैन के जरिए दूरस्थ क्षेत्र की जनता तक हितग्राहीमूलक योजनाओं लाभ मिलेगा। प्रशासन तथा जनप्रतिधि इस हेतु संयुक्त रूप से कार्य करेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले।



कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने इस मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि यह संकल्प यात्रा 05 वैन के माध्यम से जिले के सभी ग्राम पंचायतों में जाएगी, संकल्प यात्रा के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न हितग्राहियों को मुख्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरुप क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक सुशासन का लाभ मिला है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के 18 योजनाओं तथा शहरी क्षेत्रों की 17 योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कर जिले के समस्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। सरगुजा जिले में 16 दिसम्बर से अगले 30 दिनों तक 05 विकसित भारत संकल्प रथ के माध्यम से जन-जन तक सरकार की योजनाओं को बताया जाएगा तथा पंजीकृत कर लाभान्वित कराया जाएगा। पहले आयोजन से ही लोगों को मिलने लगा योजनाओं का लाभ - मेंड्राकला में जिला स्तरीय आयोजन में विभागो द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। साथ ही शासन की 20 से ज्यादा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर 550 से ज्यादा लोगों को हेल्थ सुविधाएं मुहैया कराई गई। जिसमें 120 लोगों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। इसके साथ ही किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों का पंजीयन किया गया। इस दौरान लाभार्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कुमार कंवर, जनप्रतिनिधियों में श्री ललन प्रताप सिंह, श्री आलोक दुबे, श्री अंबिकेश केशरी, श्री कर्ता राम गुप्ता, श्री त्रिलोक कपूर कुशवाहा, श्री मुरारी लाल बंसल, श्री विश्वविजय सिंह, श्री अभिमन्यु गुप्ता, श्री अभिषेक शर्मा, श्री राजकुमार बंसल, श्री मधुसूदन, श्री बलराम, श्री राजबहादुर, श्री मनोज, श्री हर्षमिंदर टिन्नी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विभिन्न योजनाओं के हितग्राही, आमजन उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रधानमंत्री ने पांच राज्यों में आईईसी वैन को हरी झण्डी दिखा किया रवाना

**मनेन्द्रगढ़** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने के लिए हितग्राहियों से वर्चुअल माध्यम संवाद किया। वहीं राज्य नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय रायपुर से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम के लिए जिलों से दोपहर 3 बजे जुड़े और राज्य के समस्त जिलों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को किसी सरकारी कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाए बिना सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ मिला है। उन्होंने रेखांकित किया कि सरकार ने लाभार्थियों की पहचान की और फिर उन तक लाभ पहुंचाने के लिए कदम उठाए। उन्होंने कहा, इसलिए लोग कहते हैं, मोदी की गारंटी का मतलब पूरी होने की गारंटी है। उन्होंने 'मोदी की गारंटी' वाहन का स्वागत करने के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कार्यक्रम शुरू होने से पहले होने वाले कई कार्यकलापों जैसे- चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान, जागरूकता पैदा करने के लिए निकाली जा रही प्रभात फेरी, स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान विकसित भारत पर बच्चों की चर्चा, बनाई जा रही रंगोली और प्रत्येक घर के द्वार पर जलाए जा रहे दीपों का भी उल्लेख किया। श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि पंचायतों ने विशेष समितियों का गठन किया है और वीबीएसवाई के स्वागत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ-साथ बुजुर्गों की भागीदारी की भी सराहना की और संतोष व्यक्त किया कि वीबीएसवाई देश के हर कोने तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा, इससे उन क्षेत्रों के लोगों को भी सहायता मिलेगी जहां यह गारंटीशुदा वाहन अभी तक नहीं पहुंच पाया है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**रायगढ़** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार की शाम रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग में उर्दना मोड में ट्रक की चपेट में आने से बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग में उर्दना मोड के पास शुक्रवार की शाम साढ़े 5 बजे बाईक सवार युवक पंकज सिंह उम्र करीब 25 साल रायगढ़ से उर्दना की तरफ जा रहा था। बाईक सवार युवक जब मोड के पास पहुंचा ही था कि अचानक उसके बाईक का संतुलन बिगड़ा और फिर वह बाईक समेत सड़क में गिर गया जिससे सामने की तरफ से आ रहे ट्रक के पहियों की चपेट में आ गया जिससे अधिक चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक बाईक सवार युवक बिहार का रहने वाला है और बीते कुछ सालों से रायगढ़ रहकर काम करता था।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेजते हुए दुर्घटकारी वाहन को अपने कब्जे में लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### नगदी रकम समेत लाखों के गहनों की चोरी

**रायगढ़** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। बीती रात एक मकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए नगदी रकम समेत लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवरात पर हाथ किया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है। उक्त मामला भूपदेवपुर थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेलरी गांव के एक मकान में बीती देर रात अज्ञात चोरों ने लगभग चार हजार नगदी रकम समेत 1 लाख से अधिक सोने चांदी के जेवरात की चोरी कर फरार हो गए हैं। बताया जा रहा है कि घर के सदस्य बाहर रहकर नौकरी करते हैं और घर में एक बुजुर्ग रहती थी जो बीती रात नींद में गफिल थी इसी दौरान अज्ञात चोरों ने चोरी की इस घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना की जानकारी मिलने के बाद भूपदेवपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उनकी पतासाजी में जुट गई है।

### चक्रधरनगर पुलिस ने लगाया जन चैपाल

**रायगढ़** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा कल ग्राम एकताल में पुलिस जन चैपाल आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित आए ग्रामीणों को थाना प्रभारी द्वारा विविध अपराधों की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी द्वारा ग्रामवासियों को विशेष कर मोबाइल व आनलाइन होने वाले धोखाधड़ी से सावधान रहने, साइबर क्राइम, रकम दोगुना करने की बात करने वालों, फेरी वालों व अजनबी व्यक्तियों से सोना चांदी चमकाने के नाम पर ठगी करने वाले व्यक्तियों से सावधान रहने की हिदायत दी गई।

चैपाल में थाना प्रभारी द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा में संवाद करते हुए रहवासियों से उनकी समस्याएं, शिकायतों पर चर्चा किया गया और रहवासियों को गांव में किसी भी प्रकार की संदेहास्पद गतिविधियां होने पर 112 या थाने में काल कर जानकारी देने कहा गया जिससे कार्यवाही की जा सकें। थाना प्रभारी द्वारा चैपाल में ग्रामीणों को सुरक्षित यातायात के लिये शराब पीकर वाहन न चलाने और तेज गति से वाहन चलाने से बचने की हिदायत दी गई और नशा से दूर रहने कहा गया। बच्चों को शिक्षित कर जीवन स्तर सुधारने का प्रयास करने पर विशेष जोर दिया गया

उक्त कार्यक्रम में ग्राम एकताल के सरपंच प्रतिनिधि हिमांशु चैहान ,ग्राम के मुखिया , पटेल,प्रधान, कोटवार एवम् 100-150 ग्रामीण तथा थाना चक्रधरनगर से प्रधान आरक्षक लोमश सिंह राजपूत, आरक्षक सुशील यादव उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत खरवत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

## समयवद्ध रूप से योजनाओं का जरूरतमंदों को लाभ दिलाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य-राजवाड़े

**कोरिया** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का प्रदेश में 16 दिसंबर को शाम 04:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से इस आयोजन में उपस्थित रहे। जिला कोरिया अंतर्गत ग्राम खरवत में विधायक श्री भईयालाल राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में विकसित भारत संकल्प शिविर में शामिल हुए। प्रचार रथ के पहुंचने पर मुख्य अतिथि श्री राजवाड़े, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह एवं सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों द्वारा वैन का फूलों से स्वागत किया गया।





इस अवसर पर बैकुंठपुर के नवनिर्वाचित विधायक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि किसी भी पात्र लोग योजना से वंचित न हो, समयवद्ध रूप से योजनाओं का जरूरतमंदों को लाभ दिलाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों में पहुंच बढ़ाना है ताकि सभी को योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो सके उन्होंने कहा कि यह यात्रा मोदी जी की गारंटी की यात्रा है जिसे जन-जन तक पहुंचाना है और हर जरूरतमंद से किए हुए वादों को हमे पूरा करना है।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, राज्य ग्रामीण बैंक, पशुधन विकास, प्रधानमंत्री आवास, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला एवं बाल विकास विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, कृषि विकास विभाग तथा ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा केन्द्रिय पोषित योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। जहां जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए गए। कार्यक्रम में उज्जवला योजना अंतर्गत के हितग्राहियों को गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया है। मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महतारी वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान निधि योजना के हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किया। इसके साथ ही 'धरती करे पुकार' कार्यक्रम के अंतर्गत नाटक के माध्यम से रासायनिक खाद से होने वाली हानि से सभी को अवगत कराया गया तथा जैविक खाद के लाभ के बारे में आम लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अंत में मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित नागरिकों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने हेतु संकल्प दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलखो, अपर कलेक्टर श्री नीलम टोप्पो, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो तथा गणमान्य नागरिकों में श्री कृष्ण बिहारी जायसवाल सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन व अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गांधी नगर पौनी पसारी बाजार, गुरुनानक चौक में विशेष सफाई से सुधरी व्यवस्था

**अम्बिकापुर** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले में आज से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हो रही है। यात्रा की शुरुआत के मौके पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रदेश में विशेष स्वच्छता ड्राइव चलाई जा रही है। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के निर्देश एवं नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले में भी विशेष सफाई अभियान जारी है। इस अभियान से अंबिकापुर नगरीय व्यवस्था सुव्यवस्थित होती नजर आ रही है। प्रशासनिक टीम स्वयं स्थलों का मुआयना कर सफाई करवा रही है। नाले-नालों, सड़कों, बाजारों, तालाबों सहित वार्डों में सफाई कार्य जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को गांधी नगर में पौनी पसारी बाजार का नगर निगम के अधिकारियों ने निरीक्षण किया, तत्पश्चात सफाई कार्य शुरू करवाया गया। अब बाजार की स्थिति में सुधार देखते ही बन रही है, वहीं गुरुनानक चौक में कूड़ा-कचरा इत्यादि का उठाव करवाया गया। इसी के साथ नगर के अन्य स्थानों पर भी नाले-नालियों की सफाई करवाई गई। अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता हेतु जागरूक भी किया जा रहा है।

## फर्जी खरीद फरोख्त मामले में निलंबित पटवारी को तहसीलदार ने थमाया नोटिस

**रायगढ़** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। घरघोड़ा राजस्व अंतर्गत ग्राम पंचायत कया हल्का में फर्जी तरीके से शासकीय जमीन की खरीदी बिक्री करने तत्कालीन पटवारी शिवानंद गिरी (निलंबित) के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत के आधार पर शिवानंद गिरी के विरूध्द विभागीय जाच लबित है। अब इस मामले में तहसीलदार ने निलंबित पटवारी को नोटिस जारी किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार घरघोड़ा के द्वारा शिवानंद गिरी को डाक के माध्यम से उनके निवास स्थान पोरडा तहसीलध् थाना घरघोड़ा में तामिली हेतु प्रेषित किया गया। किंतु कई महीनो से गांव में नही होने के कारण ऐसा अंकित कर डाक विभाग के बीपीएम पोरडा द्वारा 12 अक्टूबर को तामिली नही होने से मूलतः पत्र वापस तहसील कार्यालय को वापस कर दिया गया। तहसीलदार कार्यलय ने पटवारी शिवानंद गिरी के खिलाफ विभागीय जांच में विभिन्न दस्तावेजी साक्ष्यो एवं गवाहो के माध्यम से कार्यवाही प्रारंभ की गई है। अनेक बार नोटिस चस्पा तामिली उपरांत भी अनुपस्थित रहे है। बार बार अनुपस्थिति रहने के कारण तहसील कार्यालय ने समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस जारी किया है पत्र में लिखा हिअ की पटवारी शिवानंद एक सप्ताह में कार्यलय में उपस्थित नही होने की दशा में एक एकपक्षीय कार्यवाही करने के साथ ही विभागीय जांच की कार्यवाही पूर्ण करने की जाएगी।

# आरामिल में जांच करने पहुंचा वन अमला

## गड़बड़ी पाए जाने पर होगी कार्रवाई

## चिरान व लकड़ियों का किया गया नापजोख

**रायगढ़** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। वन मंडल रायगढ़ के अंतर्गत कई आरामिल संचालित होते हैं, लेकिन इनकी जांच नियमित रूप से नहीं होती। ऐसे में जंगलो से कटने वाले अवैध पेड़ों के लठ्ठे यहीं खफते हैं। इस बार किसी तरह रायगढ़ रेंज के अधिकारियों को इसकी सुध आयी और अब रूटिन जांच के लिए विभाग के कर्मचारी आरामिल पहुंच रहे हैं। ऐसे में शुक्रवार को मिट्ठमुड़ा क्षेत्र स्थित मनोज टिंबर में जांच की गई। जहां मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मिट्ठमुड़ा क्षेत्र के आरामिल मनोज टिबंर जिसे अब रश्मि टिंबर के नाम से जानते हैं। वहां वन विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची। इस आरामिल में काफी मात्रा में लकड़ियों का भंडारण था। ऐसे में जांच में कर्मचारियों ने अपनी प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए पूरे आरामिल को देखा और यहां रखे चिरानों व चैखट की लकड़ियों का नापजोख किया। इसके अलावा इससे संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि रूटिन जांच के लिए यहां विभाग के कर्मचारी यहां पहुंचे थे और पूरे आरामिल की जांच की जा रही थी। बताया जा रहा है कि अभी यह जांच बाकी है क्योंकि बारिकियों से पूरे दस्तावेज का जायजा भी लिया जाएगा और किसी तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।



**उड़ाते हैं नियमों की धज्जियां:** विभाग के द्वारा आरामिलों में नियमित रूप से रूटिन जांच की जानी है और इसी के तहत विभाग के कर्मचारी शुक्रवार को जांच करने पहुंचे। इसके अलावा अन्य आरामिलों में भी जांच की गई, लेकिन किसी तरह की गड़बड़ी नहीं पाए जाने की बात कही जा रही है। फिलहाल यह जरूरी है कि विभाग आरामिलों पर विभाग लगाम लगाए। सूत्रों की माने तो आरामिल संचालको के द्वारा नियमों की भी जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। कुछ आरामिल को तो सूर्योदय के बाद भी संचालित होते देखे जा सकते हैं। ऐसे में आरामिल के संचालक कई तरह से नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

**तब सील हुए थे आरामिलः** विदित हो कि करीब तीन से चार साल पहले जब रायगढ़ रेंजर राजेश्वर मिश्रा थे, तब उन्होंने शहर के आरामिलों में जबरदस्त कार्रवाई की थी। सभी आरामिलों की जांच की गई, तो कई आरामिलों में कई गड़बड़ी पायी गई। ऐसे में उन आरामिलों को सील करने की कार्रवाई की थी। इसके बाद से दोबारा उस तरह की कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। जबकि आरामिलों की बारिकियों से जांच की जाए तो अनियमित्ता जरूर पायी जाएगी।

# गांव के ग्रामीणों ने त्रिपुरा राइफल के जवानों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**रायगढ़** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले छाल क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर गांव के ग्रामीणों ने त्रिपुरा राइफल के जवानों के साथ लाठी डंडे से मारपीट करने की जानकारी सामने आ रही है। जिसके बाद जवानों के द्वारा गोली चलाने की भी बात कही जा रही है। इस मारपीट में कुछ ग्रामीण और कुछ जवान घायल हो गए हैं। घटना के बाद से पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर इस विवाद को सुलझाने के प्रयास में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छाल क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर तकरीबन 2 बजे त्रिपुरा रायफल के द्वारा एसईसीएल बाईपास मार्ग से एंट्री कर रहे भारी वाहनों को रोका गया जिस पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ त्रिपुरा राइफल के जवानों का विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते यह विवाद हाथापाई तक पहुंच गया। गांव के ग्रामीण भी मौके पर भारी संख्या में पहुंचकर लाठी डंडे और पथराव करके त्रिपुरा राइफल के जवानों के साथ मारपीट की। जिसके बाद त्रिपुरा राइफल के जवानों के द्वारा फायरिंग करने की भी बात कही जा रही है। सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो के अनुसार गांव के ग्रामीण त्रिपुरा राइफल के जवानों को दौड़ा-दौडाकर लाठी डंडे से मारपीट कर रहे हैं साथ ही साथ गांव के कुछ युवा जवानों पर पथराव भी कर रहे हैं। दोनों पक्षों की इस मारपीट में त्रिपुरा रायफल के जवान में अरुण देब वर्मा, नायक सूबेदार के सर पर गंभीर चोट लगी और मोनू कुमार दास सूबेदार के सर पर चोट लगने के अलावा 6 जवान घायल हुए हैं। वहीं कई ग्रामीणों के भी घायल होनें की बात कही जा रही है।



एक अन्य जानकारी के अनुसार कुछ ट्रांसपोर्टरों के कहे अनुसार बांधापाली चैक तक कोयला लोड गाड़ियों को निकलवा रहे थे। जिसके बाद उन्हें त्रिपुरा के जवानों ने रोका। जिससे गांव के ग्रामीण आक्रोशित हो गए और मारपीट पर उतारू हो गए। बताया जा रहा है कि एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा पहले बांधापाली मार्ग पर खुदाई करके इस रास्ते से गाड़ियों के परिवहन पर रोक लगाया गया था, लेकिन ग्रामीणों ने फिर से गड्ढे को पाटकर इस रास्ते को चालू कर दिया था। एक जानकारी के मुताबिक कुछ ट्रांसपोर्टर गांव के ग्रामीणों से मिलीभगत करके ज्यादा से ज्यादा ट्रिप लगाने और अधिक रकम कमाने के उद्देश्य इस रास्ते को चालू करवाया था। इस संबंध में छाल थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी ने बताया कि एसईसीएल के छाल कोयला खदान में गांव के ग्रामीणों और त्रिपुरा राइफल्स के जवानों के बीच मारपीट हुई है जिसमें कुछ जवानों को चोटें आई है। अभी तक के जांच में मौके पर फायरिंग जैसी कोई बात सामने नही आई है। मामले की जांच की जा रही है।

# बंधनमुक्त से जीवनमुक्त स्थिति की ओर ले जाने वाली योग तपस्या भट्ठी का उद्घाटन

**अम्बिकापुर** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय अम्बिकापुर में आयोजित बंधनमुक्त से जीवनमुक्त स्थिति की ओर ले जाने वाली योग तपस्या भट्ठी का शुभ उद्घाटन दिल्ली पाण्डव भवन से पधारी राजयोगिनी आदरणीया पुष्पा दीदी , सरगुजा संभाग की संचालिका बी.के. विद्या दीदी एवं अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया।

तत्पश्चात् भाजपा के वरिष्ठ नेता भ्राता अनिल सिंह मेजर, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष भ्राता शैलेष सिंहदेव जी, न. नि. पार्षद भ्राता आलोक दुबे , समाजसेविका बहन वन्दना दत्ता के द्वारा आदरणीय पुष्पा दीदी का श्रीफल, शॉल और गुलदत्ता भेंट कर सम्मान किया गया, एवं सरगुजा नाचे लोकनृत्य एवं स्वागत नृत्य भी प्रस्तुत किया गया।



राजयोगिनी आदरणीया पुष्पा दीदी बंधनमुक्त स्थिति का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुये कहा कि परमात्मा द्वारा बताये गये उपदेशों को जीवन में धारण करके जीवन को सहज और सरल तरीके से जीवन मुक्त बनाना सम्भव है और आगे उन्होंने बताया कि परमपिता परमात्मा का सभी मनुष्य आत्माओं से यही उम्मीद हैं कि सभी अपने अन्दर के पाँच विकारों को छोड़, दैवी गुणों को जीवन में धारण करके, अपने जीवन को सम्पूर्ण रीति परिवर्तन करेंगे तो जल्दी ही दुनिया का परिवर्तन होगा और सुखमय संसार स्वर्णिम भारत बन जायेगा। कल न्यायविदों तथा विधि वेत्ताओं के लिये ब्रह्माकुमारीज़ संस्था द्वारा 17 दिसम्बर 2023 संध्या 6 बजे से यर्थाथ न्याय में आध्यात्मिकता की भूमिका विषय पर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में दिल्ली पाण्डव भवन से पधारी ज्युरिस्ट विंग की चेयरपर्सन आदरणीया पुष्पा दीदी के अध्यक्षता में होना सुनिश्चित किया गया हैं साथ ही साथ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष अधिवक्ता संघ जिला न्यायालय अम्बिकापुर हेमंत तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव अधिवक्ता संघ जिला न्यायालय अम्बिकापुर विजय तिवारी भी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के बाद न्यायविदों तथा विधि वेत्ताओं के लिय ब्रह्माभोजन का कार्यक्रम रखा गया है।

## सार-संक्षेप

### पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव पर युवक ने लगाया थप्पड़ मारने का आरोप



**कोरिया** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। बैकुंठपुर विधानसभा सीट की पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव पर कांग्रेसी कार्यकर्ता ने थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है।. बताया जा रहा है कि अंबिका सिंहदेव सोशल मीडिया में अपने खिलाफ की गई पोस्ट से काफी नाराज चल रहीं थीं , उक्त घटना के बाद आक्रोशित ब्राह्मण समाज के लोगों ने सिटी कोतवाली बैकुंठपुर में पूर्व विधायक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, साथ ही शनिवार को पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन की बात भी कही है। उल्लेखनीय है कि अंबिका सिंहदेव बैकुंठपुर सीट से कांग्रेस पार्टी की विधायक रह चुकी हैं, जो 2023 विधानसभा चुनाव हारने के बाद से नाराज चल रही थीं। युवक ने विधायक पर थप्पड़ मारने और धमकी देने का आरोप लगाया है। विधायक के खिलाफ सिटी कोतवाली बैकुंठपुर में शिकायत भी की है। बताया जा रहा है कि बीते शाम युवक किशन तिवारी बैकुंठपुर के पैलेस के समीप बाइक से गुजर रहा था, तभी पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव अपने निज सचिव भूपेंद्र सिंह और ड्राइवर चंदन सोनी के साथ वहां पहुंची और युवकों को रुकवाया, सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखने की बात कहते हुए एक युवक को थप्पड़ भी जड़ दिया। वहीं विधायक पर यह भी आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने बिलासपुर जाकर युवकों के खिलाफ केस करने की धमकी दी है, युवक किशन तिवारी का कहना है कि उन्होंने एक खास समुदाय को चिन्हित करते हुए अमर्यादित शब्द कहने की भी चर्चा हैं।

### 2 लाख 20 हजार का गांजा जब्त

**सारंगढ़** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले के बरमकेला क्षेत्र में सीमावर्ती थाना होनें के कारण मादक पदार्थो की तस्करी पड़ोसी प्रांत से गाहे बगाहे होती रहती है। पुलिस की लगातार सर्चिंग के कारण इस बार दो अलग-अलग मामलों में तीन तस्करों से लगभग सवा दो लाख रूपये का अवैध गांजा बरामद किया गया है।

सारंगढ़ बिलाईगढ के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के द्वारा जिले मे अवैध शराब जुआ सट्टा गांजा मे संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी से कार्यवाही करने निर्देशित किये जाते रहे है। कल थाना प्रभारी बरमकेला सउनि विजय गोपाल हमराह स्टॉफ कन्हैया चैहान दिनेश चैहान मिनकेतन पटेल बिहारी साहू के साथ डोंगीपानी बेरियर के पास मेन रोड के पास वाहन चेकिंग के दौरान उड़ीसा बरमकेला मार्ग होते हुये एक ग्रे कलर का स्कूटी मे सवार दो व्यक्ति एक काला नीला रंग का बैग लेकर आते मिले जिसे रोकवाकर नाम पता पूछने पर स्कूटी चालक अपना नाम अजय पटेल पिता अरुण पटेल उम्र 22 वर्ष सा. छिलपा थाना भालूमाडा जिला अनूपपुर तथा पीछे वाहन मे बैठे व्यक्ति अपना नाम नितिन पटेल पिता बाबूराम पटेल उम्र 19 वर्ष सा छिलपा थाना भालूमाडा जिला अनूपपुर बतया बैग के बारे मे पूछ ताछ करने पर गांजा रखना तथा बलागिर उड़ीसा से अनूपपुर ले जाना व रामानुज पटेल निवासी भालूमाडा जिला अनूपपुर के द्वारा उड़ीसा बलागिर गांजा लेने के लिए भेजना तथा हम दोनों को तीन तीन हजार रूपये देने की बात कहने पर रामानूंज पटेल के द्वारा अपने स्कूटी मे भेजा था बलागिर उड़ीसा मे जिस स्थान पर रामानूंज रुकने के लिए बोला था वही पर रुके थे तब एक चार पहिया वाहन मे बिना नंबर गाडी मे एक व्यक्ति आया और हम दोनों को बारह किलो गांजा पैकेट मे बंधा हुआ को दिया और रामानूंज पटेल के पास छोड़ने के लिए बोला बतये उक्त दोनों आरोपी को गांजा परिवहन करने बिक्री करने के सम्बन्ध मे नोटिस देने पर उक्त दोनों आरोपियों के द्वारा परिवहन करने तथा बिक्री करने के सम्बन्ध मे कोई कागजात नहीं होना बतये आरोपी नितिन के कब्जे से 12 किलो अवैध प्रदार्थ गांजा कीमती एक लाख बीस हजार रुपया तथा आरोपी अजय पटेल के कब्जे से घटना मे उपयुक्त बिना नंबर ग्रे कलर स्कूटी को कीमती चालीस हजार को जप्त कर छक्कै एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरिफ्तार कर न्याइक रिमांड पर भेजा गया है।

### वीरांगना चैरिटेबल ट्रस्ट ने लेंध्रा में वृद्धाश्रम की नींव रखी



**सारंगढ** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। आज सारंगढ के ग्राम लेंध्रा में वीरांगना चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वृद्धा आश्रम की नींव रखकर इसके निर्माण की शुरुआत किया गया जिसमें ट्रस्ट की अध्यक्ष हेमंती भारती विधायक उत्तरी गनपत जांगडे जिला पंचायत सदस्य अनिका बिनोद भारद्वाज सहित ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारियों जवं सदसयगणों ने भी श्रमदान किया।

### स्वयं सेवकों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने शिविर एक सशक्त माध्यम-पटेरिया

**अकलतरा,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। व्यक्तित्व विकास के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर एक सशक्त माध्यम है। स्वयं सेवकों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने का एक अच्छा अवसर व मंच प्रदान करता है। उक्त बातें डॉ ललित प्रकाश पटेरिया कुलपति शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ न शिविर के उद्घाटन अवसर पर कही। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला की राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष एवं महिला इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम अमलीपाली में 15 से 21 दिसम्बर तक आयोजित है। कार्यक्रम उद्घाटन आज डॉ ललित प्रकाश पटेरिया कुलपति शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के मुख्य अतिथ्य मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव ईश्वर खंडेलिया ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे आय व्यय निरीक्षक विकास केडिया,शाला के प्राचार्य आरके विश्वकर्मा ग्राम के सरपंच श्रीमती लच्छ कुंवर पटेल तथा उप सरपंच श्रीमती पुष्पा बाई, जनपद सदस्य दिलेश्व साहू उपस्थित थे। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव ईश्वर खंडेलिया ने अपने उद्बोधन मे छात्रों से कहा कि जो कुछ यहां सीख रहे हैं उसे जीवन में अमल करें तभी यह शिविर आप लोगों के लिए सार्थक होगा।

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लिए दिया संदेश



**जांजगीर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का प्रदेश में आज 16 दिसंबर को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वर्चुअल माध्यम से इस प्रदेशव्यापी आयोजन में उपस्थित रहे। गौरतलब है कि प्रदेश के सभी जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जांजगीर-चांपा अंतर्गत ग्राम पुटपुरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें जांजगीर-चांपा लोकसभा के सांसद गुहाराम अजगले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक नारायण चंदेल, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ आरके खूंटे, गुलाबसिंह चंदेल, अमर सुल्तानिया सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सांसद गुहाराम अजगले ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रारंभ हमारे जिला जांजगीर चांपा के ग्राम पुटपुरा से हो रहा है। आज हमारे राज्य में ही नहीं पूरे देश में मोदी की गारंटी की चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत यात्रा के माध्यम से आम लोगो को शासन की योजनाओं की जानकारी मिलेगी तथा उन्हें लाभ प्राप्त होगा। सांसद श्री अजगले ने उपस्थित सभी नागरिकों को विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाकर जानकारी दी गयी एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया तथा जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए गए। इसके अलावा शिविर में उज्वला योजना के तहत 23 हितग्राहियों को कनेक्शन प्रदान किया गया एवं डिजिटल इंडिया भू अभिलेख अंतर्गत ग्राम पुटपुरा के समस्त राजस्व रिकार्ड को ऑनलाइन किया गया है, जिससे आमजन नक्शा खसरा को ऑनलाइन देख सकते हैं। इसके साथ ही हितग्राहियों को खसरा बी-1, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही विकासखंड अकलतरा के ग्राम पंचायत तिलई में, बलौदा के ग्राम पंचायत चारपारा में, बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत हथनेवरा में और पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मुलमुला में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## पति-पत्नी ने जहर खाकर की आत्महत्या की

■ **गुड़ाखू नहीं लाने पर हुआ था विवाद, रात में पत्नी ने खाया जहर, सदमे में पति ने भी किया सुसाइड**





**जांजगीर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले के सेमरिया गांव में पति-पत्नी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के बीच दुकान से गुड़ाखू नहीं लाने को लेकर विवाद हुआ था। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

मिली जानकारी अनुसार, सेमरिया गांव का रहने वाला शत्रुहान गोड ने अपनी पत्नी सावित्री बाई को गुड़ाखू लाने को कहा था। वहीं गुड़ाखू नहीं लाने को लेकर गुरुवार की रात को शत्रुहान गोड ने अपनी पत्नी सावित्री बाई से वाद-विवाद की। विवाद बंद होने के बाद सावित्री बाई ने रात में जहर का सेवन कर घर के सामने खाट में सो गई। वहीं शत्रुहान गोड शुक्रवार की सुबह करीबन 8 बजे बकरी चराने घर से चला गया। बकरी चराकर शाम के 4 बजे घर आया तो देखा कि उसकी पत्नी सो रही है। उठाने पर भी नहीं उठी। आस-पास के लोगों को बुलाया गया, तो पता चला सावित्री बाई की मौत हो चुकी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने शुक्रवार की देर शाम इसकी सूचना पुलिस को दी।

### पत्नी की मौत को सह नहीं पाया

पत्नी सावित्री बाई का शव घर के बाहर ही खाट में पड़ा हुआ था। पत्नी की मौत के सदमे को पति सह नहीं पाया और शत्रुहन ने भी जहर खा ली। तबियत खबर होने पर लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पंचनामा कार्रवाई कर पुलिस ने दोनों पति-पत्नी के शव का पोस्टमार्टम कराया।

### पीछे छोड़ गए चार छोटे बच्चे

शार्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चूहे मारने की दवा खाने से मौत की बात सामने आई है। वहीं पुलिस ने दोनों के शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। बता दें कि मृतक शत्रुहान के 4 बच्चे हैं जिनका नाम लाला उम्र 11 साल, भूरी 9 साल, बेगवा 7 साल और सुमन 3 साल के बच्चे हैं। दोनों पति-पत्नी के शव का अंतिम संस्कार शनिवार को किया गया।

## पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

**जांजगीर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। पत्नी की चरित्र पर शंका करते हुए डंडे से वार कर उसकी हत्या करने वाले पति को सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अवरीद का है। अभियोजन के अनुसार अवरीद निवासी गंगाराम श्रीवास (32) अपनी पत्नी संगीता श्रीवास के चरित्र पर शंका करता था और हमेशा उससे गाली-गलौज और मारपीट करता था। 11 मार्च 221 को लगभग 1 बजे इसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हुआ और गंगाराम श्रीवास ने बांस की लाठी से अपनी पत्नी पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। इसी बीच गांव का जनीराम उसके घर पहुंचा तो वारदात की जानकारी हुई। आरोपित गंगाराम ने जनीराम की मदद से अपनी पत्नी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरु की और उसके पति गंगाराम श्रीवास के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया और अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। मामले की सुनवाई कर सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने गंगाराम श्रीवास को पत्नी की हत्या के अपराध दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड नहीं पटाए जाने पर एक माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताए जाने का आदेश दिया गया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक राजेश पांडेय ने पैरवी की।




## अग्निवीर सेना भर्ती, 428 युवाओं ने दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण की



**जांजगीर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। अग्निवीर भर्ती के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के 05 जिलों जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, मुंगेली और बेमेतरा के कुल 1269 युवाओं को प्रथम दिन के लिए एडमिट कार्ड जारी किये गये थे, जिसमें 1076 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज की। जिसमें 428 युवाओं ने दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण की है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने पुलिस लाइन खोखराभाठा पहुंचकर अग्निवीर सेना भर्ती एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सेना भर्ती में भाग ले रहे अभ्यर्थियों से चर्चा की तथा उनका उत्साहवर्धन कर शुभकामनाएं दी। सेना भर्ती कार्यालय से राधे श्याम ने बताया कि दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों को इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा।

## ग्रामीण के ऊपर जानलेवा हमला करने वाले चार युवक गिरफ्तार

**जांजगीर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। पैसे देने से इंकार करने पर चार युवकों ने मिलकर छह माह पहले ग्रामीण के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया था। अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार थे। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला हसौद थाना का है।

थाना प्रभारी ने बताया कि मल्दा निवासी रविशंकर कश्यप 30 मई की सुबह अपने घर से महालक्ष्मी बाई हाई स्कूल के किनारे ट्यूब वेल पम्प को चालू करने के लिये कमरे के अंदर गए थे। सुबह करीब 4.30 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने रविशंकर कश्यप के सिर के ऊपर ताबड़तोड़ वार कर दिया जिससे उसका सिर फट गया और खून निकलने लगा। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में पुलिस ने उसके दामाद रमेश कुमार कश्यप की रिपोर्ट पर भादवि की धारा 307 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुटी हुई थी। विवेचना के दौरान पता चला कि रविशंकर कश्यप के मोबाइल पर फोन करके किसी ने रुपए की मांग की थी। पुलिस ने मोबाइल का सीडीआर, टीडीआर नंबर की जांच की। जिसके बाद पुलिस ने संदेही मल्दा निवासी राजेश खूंटे, पंकज टंडन, हसौद निवासी सिद्धार्थ नागेश और बड़े रबेली निवासी रमेश महिलांगे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिस पर उन्होंने बताया कि 21 मई को रविशंकर कश्यप के मोबाईल में फोन कर पैसे की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। मगर उसने पैसे देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद 30 मई की सुबह हत्या करने की नीयत से उसके सिर पर लकड़ी से वारकर करना स्वीकार किया। पुलिस ने चोरों आरोपी युवक राजेश खुंटे, रमेश महिलांगे, पंकज टण्डन , सिद्धार्थ नागेश कोभादवि की धारा 307, 385, 506 (बी), 201 , 34 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### प्रतिबंधित कैरीबैग व सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री जब्त

**रायगढ़** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित किये जाने के बाद लगातार अभियान चलाकर शहर में छापेमारी और जुर्माना कार्यवाही की जा रही है गुरूवार को विभिन्न दुकानों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक मिलने पर उसे जब्त किया और उनका चालान काटते हुए दुकान दारों को समझाईश दी गई।

निगम कमिश्नर सुनील कुमार चद्रवंशी के मार्गदर्शन में नगर निगम रायगढ़ के स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के विक्रेताओं एवं व्यवसायियों पर कार्यवाही की गई। इस दौरान हेमू कालानी चैक से चक्रधर नगर चैक तक 17 विक्रेताओं पर 11700 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया, साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक, कैरीबैग व अन्य सामग्री जप्त की गई।

## कार की ठोकर से युवक की मौत 6 घंटे तक रहा चक्का जाम



**घटना खरसिया से डभरा सड़क मार्ग के ग्राम सुखदा के पास की**

**डभरा,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। डभरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुखदा के पास आज कार व मोटरसाइकिल के बीच हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। दुर्घटना से नाराज ग्रामीणों ने करीब 6 घंटे तक मार्ग अवरूद्ध कर प्रदर्शन किया। अंततः पुलिस के आला अफसर एवं राजस्व अधिकारियों के समझाईश इसके बाद मार्ग में यातायात बहाल हो सका, इसके पूर्व रायगढ़ खरसिया मार्ग में दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी करें बनी रही।

सक्ति जिले के डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम सुखदा की घटना है जहां अपने घर कौड़ीया से आज सुबह 10 बजे के करीब मोटर साइकिल से युवक अंजिक्या खूंटे पिता ब्यास राम खूंटे उम्र 17 साल अपने भाई को लेने देवरघटा जा रहा था कि विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही नीले रंग की कार सीजी 11 बीडी 5710 ने जबरदस्त टक्कर मार दी। तेज रफ्तार कार की टक्कर से ग्राम कौड़ीया निवासी युवक अंजिक्या खूंटे की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार चालक ग्राम गोबरा का रहने वाला है और पुलिस विभाग में नौकरी करता है, कार के अंदर शराब गिलास एवं बोतले भी मिली है।

इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ग्रामीणों की भीड़ जुट गई देखते ही देखते परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा सुखदा के बस स्टैंड के आगे राइस मिल मुख्य सड़क मार्ग पर चक्का जाम कर दिया गया है चक्का जाम करने से खरसिया से डभरा सड़क मुख्य मार्ग बाधित रहा मुआवजे की मांग को लेकर चक्का जाम 6 घंटे तक किया गया घटना स्थल पर स्थानीय पुलिस एवं आस पास थानों के पुलिस बल तैनात रहे वही पुलिस अधिकारी एवं प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचकर परिजनों एवं ग्रामीणों को समझाइस देने के बाद लगभग शाम 5 बजे चक्का जाम परिजनों ग्रामीण द्वारा समाप्त किया गया । सुबह 11बजे से शाम 5 बजे तक मुख्य सड़क मार्ग बाधित रहा जिस कारण सड़क के दोनों तरफ बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा वही प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों की समझाइस पर परिजन एवं ग्रामीण मान गए और शासन से दी जाने वाली 25 हजार रूपये सहायता राशि तहसीलदार डभरा द्वारा परिजनों को दी गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी नरेंद्र यादव दलबल के साथ मौके पर डटे रहे। प्रशासन की ओर से तहसीलदार डभरा डाक्टर रवि राठौर अपने कर्मचारियों के साथ रहे अधिकारियों की समझाइए इस पर चक्का जाम समाप्त किया गया वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम 17 दिसंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा में होगा।

## पांच दिवसीय सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव 23 से 27 दिसंबर तक

**जांजगीर,** 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। पांच दिवसीय सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव की व्यापक तैयारियां चल रही है। 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक आयोजित पांच दिवसीय महामहोत्सव के उद्घाटन समारोह के मुख्य आतिथ्य के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया गया है। सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति के प्रतिनिधि मंडल व समाज के प्रबुद्ध गणों ने जांजगीर चांपा के विधायक व्यास कश्यप से मुलाकात कर महामहोत्सव के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को भी आमंत्रित किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के ध्येय पूरा करना हमारा मिशन-डॉ. निराला




**सारंगढ** 16 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग को लोगों के टी बी स्क्रीनिंग किये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है, जो नियमित रूप से अस्पतालों में किया जा रहा है, जिसके लिये प्रत्येक आर एच ओ एवं सी एच ओ को प्रति माह 10 शंका प्रद मरीजों का स्पुटम सेम्पल जांच कराने का निर्देश दिया गया है । जबकि 40 वर्ष तक के लोगों का सिकलिंग जांच के लिए लैब टेक्नीशियन सहित आर एच ओ एवं सी एच ओ द्वारा प्रतिदिन इन आयु समूह के लोगों का सिकलिंग जांच की जा रही है । चूंकि इस आयु समूह के आधे से अधिक लोग स्कूलों में अध्धयनरत हैं, इसलिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दिनांक सारंगढ़ व बिलाईगढ विकासखंड के महाविद्यालयों, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों सहित संकुल समन्यकों का कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें प्रत्येक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के उपस्थित नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया तथा चिरायु टीम के भ्रमण के दौरान उनके द्वारा सभी स्कूली बच्चों का अनिवार्यतः सिकलिंग जांच कराने की समझाईस व अपील की गई । उक्त कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला स्वयं उपस्थित होकर नोडल शिक्षकों को सिकलिंग बीमारी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इनसे होने वाली जटिलताओं की जानकारी दी । विवाह पूर्व पुरुष एवं महिलाओं का अनिवार्य रूप से सिकलिंग जांच के महत्व को बताया । सिकलिंग के लक्षण एवं उपचार की जानकारी देते हुए सिकलिंग मरीजों के लिए बनाए जाने वाली यूनिक आईडी कार्ड की जानकारी भी दिए । इस वर्कशॉप के माध्यम से स्कूलों में चिरायु टीम के द्वारा की जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी देकर बच्चों को चिरायु टीम के द्वारा संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए । कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाई जाने वाले स्कूल मूलक कार्यक्रम साप्ताहिक आयरन अनुपूरक खुराक, सप्ताह में मंगलवार को भोजन पश्चात उम्र अनुसार अलग अलग खुराक प्रायमरी स्तर पर पिंक कलर तथा मिडिल एवं इससे उच्च स्तर के बच्चों के लिये ब्लू कलर की आयरन गोली का सेवन बच्चों को अनिवार्यतः कराने की समझाईस दी गई ताकि एनीमिया मुक्त भारत के तहत लोगों को एनिमीया फ्री की जा सके । वही साल में दो बार खिलाए जाने वाली कृमि रोधी दवाई का शत प्रतिशत ईमानदारी पूर्वक सभी बच्चों को सेवन कराने के निर्देश दिए । समस्त स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाए जाने की जानकारी देते हुए स्कूलों के 100 गज तक की दूरी पर किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद की बिक्री या विज्ञापन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, अपने शिक्षण संस्थान को तंबाकू मुक्त बनाने हेतु 100 गज की दूरी पर येलो लाइन मार्क करने तथा इसके भीतर प्रतिबंध को नही मानने वालों पर कानूनी कार्यवाही करने की विस्तृत जानकारी दी गई । उक्त कार्यशाला में जिला कार्यक्रम प्रबंधक नंदलाल इज़ारदार, डॉ. इंदु सोनवानी (जिला नोडल अधिकारी,तम्बाकू नियंत्रण), डॉ. पीडी खरे (जिला नोडल अधिकारी,चिरायु कार्यक्रम) ने अपने-अपने कार्यक्रमों के बारे में उपस्थित नोडल शिक्षकों को जानकारी दी ।

# देश विदेश

## मारियाना द्वीप समूह में भूकंप के झटके

**वाशिंगटन।** प्रशान्त महासागर के पश्चिमी भाग में स्थित एक अर्धचन्द्र आकार का द्वीपसमूह मारियाना द्वीप समूह में मध्यम स्तरीय भूकंप के झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गयी। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के मुताबिक शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 09:50:55 बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र 20.15 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145.96 डिग्री पूर्वी देशांतर में पृथ्वी की सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

# गजा पट्टी में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ तेल अवीव में प्रदर्शन

■ रक्षा मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया

**तेल अवीव,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। गजा पट्टी में इजरायली बलों की कार्रवाई और हमास द्वारा बंधक बनाए लोगों की रिहाई को लेकर सरकार की नीति के खिलाफ लोग तेल अवीव की सड़कों पर उतर आए हैं। उल्लेखनीय है कि बंधकों गाजा की रिहाई को लेकर इजरायल की आधिकारिक नीति हमास पर सैन्य दबाव बनाए रखने की है, लेकिन बंधकों के रिश्तेदारों शुक्रवार की कल रात तेल अवीव में रक्षा मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया, जिसके कारण सरकार की नीति पर सवाल उठ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने अपने हाथों में बैनर ले रखा था, जिस पर लिखा हुआ था, 'हर दिन एक बंधक मरता है'। गौरतलब है कि कतर, मिस्र और अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) की मध्यस्थता से अब तक गाजा से 110 बंधकों को रिहा कराया जा सका है। इसके लिए हाल ही में सात दिनों के युद्ध विराम हुआ था, लेकिन अब इज़रायल ने अपना सैन्य अभियान फिर से शुरू किया है, जिसके कारण 100 से अधिक बंधकों को ढूंढना और उन्हें मुक्त कराना बहुत कठिन हो गया है। इसलिए अब लोग सरकार पर बातचीत को फिर से शुरू करने के लिए देबाव बनाने लगे हैं। खबरें ऐसी हैं कि इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद के प्रमुख जल्द ही इस मुद्दे पर चर्चा के लिए कतर के प्रधानमंत्री से मुलाकात कर सकते हैं।




## गजा में कैद तीन बंधक गलती से मारे गए : इजरायली सेना

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने कहा है कि उसने गाजा में अपने अभियान के दौरान गलती से तीन बंधकों को मार डाला और इसके लिए परिजनों से माफी मांगी है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बंधकों की मौत को असहनीय त्रासदी करार दिया है। श्री नेतन्याहू ने कहा, हम अपने घावों पर मरहम लगाएंगे, सबक सीखेंगे और अपने सभी अपहृत लोगों को सुरक्षित घर वापस लाने के लिए सर्वोच्च प्रयास जारी रखेंगे। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने एक बयान जारी करके कहा कि शुक्रवार की घटना की जांच की जा रही है। वह दुखद घटना पर गहरा अफसोस व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। सेना ने कहा कि तीनों इजरायली बंधकों का नाम योतम हैम (28 साल), समीर तलाल्का (22 साल) और अलोन शमरिज़ (26 साल) है। उसने दुख जाहिर करते हुए कहा, कल तीनों को गाजा के उत्तर में शेजैया में सक्रिय सैनिकों ने गोली मार दी थी। आईडीएफ ने कहा, हमारा राष्ट्रीय मिशन लापता लोगों का पता लगाना और सभी बंधकों को घर लौटाना है। सेना के इस खुलासे के बाद सैकड़ों लोग मध्य तेल अवीव में एकत्र हुए और शहर में आईडीएफ सैन्य अड्डे तक मार्च किया। उन्होंने सरकार से शेष बंधकों की रिहाई के लिए एक समझौता करने की मांग की। तीनों नागरिकों के शव इजरायली क्षेत्र में लौटा दिए गए हैं, जहां जांच से उनकी पहचान की पुष्टि हुई।इजरायल पर सात अक्टूबर के हमलों में पकड़े जाने के बाद से 100 से अधिक बंधक गाजा में कैद में हैं।



## एर्दोगन ने नाह्यान के साथ गाजा युद्धविराम पर चर्चा की



**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेता शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ गाजा पट्टी में स्थायी युद्धविराम स्थापित करने के कदमों पर चर्चा की है। तुर्की नेता के कार्यालय ने यह जानकारी दी है। कार्यालय ने कहा, शुक्रवार की फोन कॉल के दौरान दोनों पक्षों ने गाजा पर इजरायली हमलों, क्षेत्र में स्थायी युद्धविराम हासिल करने के प्रयासों, फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता पहुंचाने के तुर्की के प्रयासों और शांति हासिल करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर चर्चा की।% कार्यालय ने कहा है कि बातचीत के दौरान श्री एर्दोगन ने कहा कि इजरायल को जल्द से जल्द रोकना और स्थायी युद्धविराम सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों को दृढ़ता से जारी रखना महत्वपूर्ण है। बयान में कहा गया है %राष्ट्रपति श्री एर्दोगन ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने के लिए, इस्लामिक सहयोग संगठन और अरब राज्यों के लीग के संयुक्त शिखर सम्मेलन में लिए गए निर्णयों को सावधानीपूर्वक लागू करना और फिलिस्तीन के लिए अंतर्राष्ट्रीय समर्थन बढ़ाने की पहल जारी रखना आवश्यक है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 17 दिसम्बर, 2023 अगहन शुक्ल पक्ष 5**

### राशिफल

मेष - आज का दिन आप के लिए लाभदायी है। व्यापार में भी अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना अधिक है। आय की वृद्धि होगी। आनंद-प्रमोद और मनोरंजक कार्यक्रम में आप दिनभर व्यस्त रह सकते हैं।

वृषभ - आज आप व्यापार को विकसित करने की ओर अधिक ध्यान देंगे। नई योजनाओं से व्यवसाय में आपको लाभ होगा। हालांकि सफलता में विलंब हो सकता है। दोपहर के बाद व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण बनेगा।

मिथुन - खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा का अनुभव करेंगे। अनैतिक काम आपको विपत्ति में डाल सकते हैं। संभव हो, तो उससे दूर रहें। आकस्मिक प्रवास का योग बनेगा।

कर्क - किसी के साथ आज इमोशनल संबंध में बंध सकते हैं। उस सम्बन्ध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन खुश रहेगा। मित्रों का साथ मिलने से आनंद दोगुना हो जाएगा।

सिंह - व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आज आप प्रयास शुरू कर सकते हैं। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति का प्रबल योग है। ब्याज, दलाली आदि से इनकम में वृद्धि होने की संभावना है।

कन्या - वस्त्र-आभूषण की खरीदी आप के लिए रोमांचक और आनंददायी रहेगी। कला के प्रति आप की रुचि बढ़ेगी। व्यापार में कोई कठिन काम बन जाने से आपके मन में उल्लास छाया रहेगा।

तुला - आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी रहेगा। स्थायी संपत्ति के मामले में आपको बेहद ध्यान रखना होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। परिवार में तकरार न हो, इसका ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज का दिन व्यापार के लिए अनुकूल है। गृहस्थजीवन में उलझे हुए प्रश्नों का निराकरण हो सकेगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े काम में आपको सफलता मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ संबंधों में प्रेम बना रहेगा।

धनु - आप वाणी पर संयम रखें और लोगों से मनमुटाव को दूर करने का प्रयास करें। आज आपका ध्यान आध्यात्मिक बातों में रहेगा। विद्यार्थियों को एकाग्र होने में दिक्कत आएगी।

मकर - व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण मिलेगा। आज का प्रत्येक काम बिना विघ्न के पूरे हो सकेंगे। गृहस्थ जीवन में उग्र वातावरण बना रहेगा। आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपकी रुचि बढ़ेगी। कार्यालय में आपका प्रभाव बना रहेगा।

कुंभ - आज मानसिक रूप से धार्मिक भावनाओं का उदय अधिक होगा। धार्मिक काम अथवा धार्मिक यात्रा के पीछे धन खर्च करेंगे। कोर्ट-कचहरी के काम में सफलता प्राप्त हो सकती है।

मीन - शेयर-सट्टे की प्रवृत्ति से आज आपको आर्थिक लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार में लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति छाई रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अमेरिका में इस मौसम में फ्लू से 2,300 से अधिक मौतें

**लॉस एंजिल्स,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) द्वारा शुक्रवार को जारी नवीनतम अनुमानों के अनुसार, अमेरिका में इस सीजन में अब तक फ्लू से कम से कम 2,300 मौतें हुई हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने सीडीसी की साप्ताहिक समीक्षा का हवाला देते हुए बताया कि देश के अधिकांश हिस्सों में मौसमी इन्फ्लूएंजा गतिविधि बढ़ी है। देश के दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-मध्य और पश्चिमी तट क्षेत्रों में गतिविधि के उच्चतम स्तर की रिपोर्ट की गई है। साप्ताहिक फ्लू अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में वृद्धि जारी रही।

सीडीसी के अनुसार, 9 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान इन्फ्लूएंजा से संबंधित दो बाल मृत्यु की सूचना मिली, इससे 2023-2024 सीज़न में कुल 14 बाल मृत्यु हो गईं। सीडीसी अनुशंसा करता है कि 6 महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को वार्षिक फ्लू का टीका लगवाना चाहिए।

## टोक्यो आसियान-जापान शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा

■ किशिदा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे

**टोक्यो,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। जापान और 10 दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) के बीच 50 साल की दोस्ती और सहयोग को चिह्नित करने के लिए टोक्यो शनिवार से तीन दिवसीय आसियान-जापान शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

आसियान के महासचिव कंबोडिया के काओ किम होर्न जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के निमंत्रण पर 16 से 18 दिसंबर के शिखर सम्मेलन में आसियान सचिवालय से एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। शिखर सम्मेलन पिछले दशकों में आसियान-जापान संबंधों में प्राप्त उपलब्धियों का जायजा लेगा और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी की भविष्य की दिशा तय करेगा। श्री किशिदा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे।



## अमेरिका ने जापान को मिसाइलों की संभावित बिक्री को मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने जापान को साइडवाइंडर मिसाइलों की संभावित 590 लाख रुपये की बिक्री को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने एक बयान में यह जानकारी दी है। डीएससीए ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, विदेश विभाग ने 590 लाख 30 हजार रुपये की अनुमानित लागत पर एमआईएम-९एक्स ब्लॉक द्वितीय साइडवाइंडर मिसाइलों और संबंधित उपकरणों की जापान सरकार को संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी देने का निर्णय लिया। बयान में कहा गया है कि जापान ने 44 साइडवाइंडर मिसाइलें और 29 प्रशिक्षण इकाइयां खरीदने का अनुरोध किया है। बिक्री से अमेरिकी विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा लक्ष्यों को समर्थन मिलेगा। इस बिक्री से न तो क्षेत्र के बुनियादी सैन्य संतुलन में बदलाव आएगा और न ही अमेरिकी रक्षा तैयारी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

## रूस ने 2024 में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों के सात प्रक्षेपण की योजना बनाई

**मॉस्को,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। रूस ने 2024 में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) के सात प्रक्षेपण करने की योजना बनाई है। रूस के रणनीतिक मिसाइल बलों (एसएमएफ) के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सर्गेई काराकायेव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। श्री काराकायेव ने रूसी अखबार रेड स्टार के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि पिछले पांच वर्षों में, एसएमएफ ने रूसी सशस्त्र बलों के लिए नई मिसाइल प्रणालियों के उड़ान परीक्षणों और प्रशिक्षण अभ्यासों के हिस्से के रूप में 20 से अधिक आईसीबीएम प्रक्षेपित किए हैं। उन्होंने कहा कि हाइपरसोनिक वारहेड के साथ अवनगार्ड कॉम्प्लेक्स, जिसे लड़ाकू ड्यूटी पर रखा गया था, का परीक्षण स्थिति क्षेत्र के कुछ मौजूदा बुनियादी ढांचे का उपयोग करके ऑरेनबर्ग क्षेत्र में यास्नी फॉर्मेशन से किया गया था। उन्होंने कहा, 2024 के लिए सात प्रक्षेपण की योजना बनाई गई है। श्री काराकायेव ने कहा, रूस और अमेरिका अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलों और पनडुब्बी से प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइलों (एसएलबीएम) के नियोजित प्रक्षेपण पर जानकारी का आदान-प्रदान जारी रखे हुए हैं।



## यूक्रेन में ग्रेनेड विस्फोट में 26 लोग घायल

**कीव।** यूक्रेन के पश्चिमी जकारपट्टिया क्षेत्र में ग्राम परिषद की इमारत में किए गए ग्रेनेड विस्फोट में कम से कम 26 लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय पुलिस ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने पुलिस के एक टेलीग्राम पोस्ट का हवाला देते हुए बताया कि यह घटना शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11:37 बजे केरेत्स्की गांव में परिषद की बैठक के दौरान हुई। घायलों में से छह को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## चीन ने शीत लहर के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया

**बीजिंग,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने शनिवार को ब्लू अलर्ट जारी किया जिसमें देश के अधिकांश हिस्सों में शीत लहर चलने की आशंका है और जिससे तापमान में गिरावट और तेज हवाएं चलेंगी। यह देश की चार स्तरीय चेतावनी प्रणाली में सबसे कम है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) के अनुसार शीत लहर से प्रभावित लियाओनिंग, जिलिन, गुइझोउ और दक्षिणी चीन के कुछ हिस्सों में तापमान शनिवार और रविवार के बीच 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाएगा। जिलिन के कुछ क्षेत्रों में तापमान में 12 डिग्री सेल्सियस से अधिक की गिरावट का अनुमान है। एनएमसी के अनुसार उत्तरी चीन के कुछ क्षेत्रों और पीली नदी और हुइहे नदी के किनारे के क्षेत्रों में वर्ष की इसी अवधि के दौरान तापमान न्यूनतम स्तर के करीब पहुंच सकता है या रिकॉर्ड निचले स्तर को तोड़ सकता है। केंद्र ने मंगोलिया, गांसु, हेबेई, शेडोंग, जियांग्सू, शंघाई और झेजियांग सहित क्षेत्रों के लिए तेज हवाओं के लिए ब्लू अलर्ट भी जारी किया। एनएमसी ने चेतावनी दी कि 18 से 20 दिसंबर तक देश के मध्य और पूर्वी हिस्सों में एक और शीतलहर चलने की आशंका है।

## आज का इतिहास

1556-बादशाह अकबर के दरबार के प्रसिद्ध कवि रहीम का जन्म।
1645-मुग़ल सम्राट जहांगीर की पत्नी नूरजहां बेगम का निधन।
1803-ईस्ट इंडिया कंपनी ने उड़ीसा पर क़ब्ज़ा किया।
1902-इटली के प्रसिद्ध अविष्कारक मार्कोनी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया।
1907-उग्येन वांगचुक भूटान के पहले वंशानुगत राजा बने।
1920-राजस्थान के भूतपूर्व सातवें मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी का जन्म।
1925-तत्कालीन सोवियत संघ और तुर्की ने एक दूसरे पर हमला न करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1927-भारत के अमर शहीद प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी का निधन।
1929-महान क्रांतिकारी भगत सिंह और राजगुरू ने अंग्रेज़ पुलिस अधिकारी सांडर्स को गोली मारी।
1931-भारत के इतिहास में इस दिन प्रोफेसर प्रशान्त चन्द्र महालनोबिस का सपना साकार हुआ और कोलकाता में 'भारतीय सांख्यिकी संस्थान' की स्थापना हुई।
1933-भारत के दिग्गज क्रिकेटर लाला अमरनाथ ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही 118 रनों की बेहतरीन पारी खेली।
1940-महात्मा गांधी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन स्थगित किया।
1971-भारत-पाक युद्ध समाप्त।
1972-भारतीय फ़िल्म अभिनेता जॉन अब्राहम का जन्म।
1996-नेशनल फुटबाल लीग का शुभारंभ हुआ।
1998-अमेरिकी और ब्रिटिश बम वर्षकों ने 'आपरेशन डेजर्ट फ़ाक्स' के तहत इराक पर भारी बमबारी की।
2000-भारत और पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष मुख्यालयों में हॉटलाइन पुन: शुरू।
2002-तुर्की ने कश्मीर मुद्दे पर भारत का समर्थन किया।
2005-भूटान के राजा जिग सिगमे वांचुक को सत्ता से हटाया गया।
2008-शीला दीक्षित ने दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

**आयोजन** एक अध्ययन में जानकारी आई सामने

## जल्दी खाना खाने से हृदय संबंधी जोखिम कम हो सकता है

**सैन फ्रांसिस्को,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि जल्दी खाना खाने से हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने भोजन सेवन पैटर्न और हृदय रोग के बीच संबंधों का अध्ययन करने के लिए न्यूट्रीनेट-सांटे समूह में 1,3,389 प्रतिभागियों के डेटा का उपयोग किया। जिनमें से 79 प्रतिशत महिलाएं थीं, जिनकी औसत आयु 42 वर्ष थी।

संभावित पूर्वाग्रह के जोखिम को कम करने के लिए, शोधकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भ्रमित करने वाले कारकों, विशेष रूप से सामाजिक जनसांख्यिकीय कारकों (उम्र, लिंग, पारिवारिक स्थिति, आदि), आहार पोषण गुणवत्ता, जीवन शैली और नींद चक्र को ध्यान में रखा। निष्कर्षों से पता चला कि नाश्ता छोड़ने और दिन में पहला भोजन देर से करने में हृदय रोग का खतरा अधिक होता है, प्रति घंटे की देरी से जोखिम में 6 प्रतिशत की वृद्धि होती है।

अध्ययन में कहा गया, उदाहरण के लिए, जो व्यक्ति पहली बार सुबह 9 बजे खाता है, उसमें हृदय रोग विकसित होने की संभावना सुबह 8 बजे खाने वाले व्यक्ति की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक होती है। जब दिन के डिनर की बात आती है, तो रात 8 बजे से पहले खाने की तुलना में रात 9 बजे के बाद खाने से सेरेब्रोवास्कुलर रोग जैसे स्ट्रोक का खतरा 28 प्रतिशत बढ़ जाता है, खासकर महिलाओं में। इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने पाया कि दिन के आखिरी भोजन और अगले दिन के पहले भोजन के बीच रात के समय के उपवास की लंबी अवधि सेरेब्रोवास्कुलर रोग के कम जोखिम से जुड़ी होती है, जो दिन में पहले और आखिरी भोजन को पहले खाने के विचार का समर्थन करता है।



**समूह में 1,03,389 प्रतिभागियों के डेटा का उपयोग किया**

ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज अध्ययन के अनुसार, हृदय रोग दुनिया में मृत्यु का प्रमुख कारण है। साल 2019 में 18.6 मिलियन वार्षिक मौतें हुईं, जिनमें से लगभग 7.9 मौतें आहार के कारण हुईं। शोधकर्ताओं ने कहा, इसका मतलब है कि आहार इन बीमारियों के विकास और प्रगति में एक प्रमुख भूमिका निभाता है। पश्चिमी समाज की आधुनिक जीवनशैली ने खाने की विशिष्ट आदतों को जन्म दिया है, जैसे रात का खाना देर से खाना या नाश्ता न करना।

## सुडोकू 6408

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | | | | | | 3 | |
| | | 1 | 3 | | 8 | | | |
| | | 8 | | | | 7 | | |
| | 1 | 2 | 6 | | | | 8 | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 3 | 9 | | | | 7 | 2 | 1 | |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 3 | 4 | | |
| | 2 | | | | | | 9 | 3 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6408

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. ठगी, धोखेबाजी, धूर्तता
३. दीवारों पर बना चित्र
५. उम्मीद, चाह, इच्छा
६. जहरीला
७. मुठभेड़, भिड़त
९. देखने की क्रिया, दीदार
१०. मद्य निर्माण शाला
१२. मुखिया, प्रमुख
१३. श्रेष्ठ, उत्तम
१४. निरस्त करना, रद्द होना
१६. भरा-पूरा, संपन्न
१८. रसीला
२०. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
२१. परिवर्तित करना
२३. एकाएक, सहसा (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**
१. जिस पर असर पड़ा हो
२. जिसो खुशामद पसंद हो
३. भीख मांगते हुए घूमना
४. चित्रकार
५. आय
८. जिसने किसी से कोई वादा कर रखा हो
१०. इज्जत, सम्मान
११. वस्त्र
१२. कोशिश
१३. बहरा
१४. जिस पर कोई नियंत्रण, अंकुश या दबाव न हो
१५. संवेदनशील, भावुक
१७. कमल
१८. अभिप्राय, उद्देश्य, हेतु (उर्दू)
१९. सीख, अभ्यास, पाठ, पुस्तक का उतना अंश जितना एक दिन में गुरु से पढ़ा जाए (उर्दू)
२२. तबाह, बरबाद, अंत

### वर्ग पहेली-6407

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दो | ष | २ वे | च | ३ क | ■ | ४ वि | लं | ५ ब | न |
| प | ■ | त | ■ | ६ म | री | चि | ■ | टो | ■ |
| ७ ह | न | न | ■ | ला | ■ | ८ त्र | पा | ही | ९ न |
| र | ■ | मा | ■ | १० स | म | ता | ■ | ■ | क्शा |
| ■ | ११ अ | म | १२ श | न | ■ | ■ | १३ प्र | धा | न |
| ■ | जं | ■ | वा | ■ | १४ सु | ल | भा | ■ | वी |
| १५ बे | न | १६ का | ब | ■ | गं | ■ | १७ त | १८ म | स |
| न | ■ | लो | ■ | १९ अ | ध | २० र | ■ | ल | ■ |
| २१ जी | न | त | ■ | स्मि | ■ | २२ खै | रि | य | २३ त |
| र | ■ | २४ र | ज | ता | च | ल | ■ | ■ | था |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6408 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 |

## दुनिया को जानें

### अमेरिका में बेघर लोगों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची

**वाशिंगटन,** 16 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका में बेघर लोगों की संख्या 12 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। शुक्रवार को एक सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। अमेरिकी आवास और शहरी विकास विभाग के लिए आयोजित गणना के अनुसार, जनवरी में देश भर में लगभग 653,000 लोग बेघर थे। यह एक वर्ष पहले की तुलना में 70,650 अधिक है और 2007 में सर्वेक्षण शुरू होने के बाद से सबसे अधिक संख्या है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफ्रीकी अमेरिकियों की संख्या अमेरिका की आबादी का 13 प्रतिशत है, लेकिन कुल बेघरों का 37 प्रतिशत है। अमेरिका में बेघरता संकट के पीछे बढ़ते किराए और कोरोनोवायरस महामारी सहायता में गिरावट प्रमुख कारकों में से एक है।



# खेल जगत

## पाकिस्तान के खिलाफ पर्थ टेस्ट में मार्नस लाबुशेन चोटिल : रिपोर्ट

पर्थ, 16 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मार्नस लाबुशेन को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन के दौरान अपनी छोटी उंगली में चोट लगने के बाद अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है, एक रिपोर्ट में कहा गया है। यह घटना ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के छठे ओवर के दौरान घटी जब पाकिस्तान के पदार्पणकर्ता खुर्रम शहजाद की एक अच्छी लेंथ से गेंद ने उछाल ली और लाबुशेन के दाहिने हाथ पर जा लगी। असुविधा में दिख रहे लाबुशेन को अपनी पारी जारी रखने से पहले मैदान पर तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। दुर्भाग्य से, वह कुछ ओवर बाद शहजाद का शिकार बन गए, विकेटकीपर सरफराज अहमद ने उन्हें 2 रन पर पुल शॉट के जरिए कैच कर लिया। उनके आउट होने के बाद, लाबुशेन को ड्रेसिंग रूम में उपचार मिलता रहा।



# भारत ने इंग्लैंड को 347 रन से रौंदा, महिला टेस्ट में अब तक के सबसे बड़े रन अंतर से जीती



मुंबई, 16 दिसंबर (एजेंसियां)। दीप्ति शर्मा ने शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन करते हुए 4-32 के आंकड़े के साथ मैच में कुल 39 रन देकर नौ विकेट हासिल किए, जिससे भारत की महिलाओं ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में 131 रन पर समेटकर एकमात्र टेस्ट मैच शनिवार को तीसरे दिन यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में 347 रनों से जीत लिया, जो महिला क्रिकेट के इतिहास में रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत है। रिकॉर्ड के लिए, मेहमानों की दूसरी पारी तीसरी सुबह 127 मिनट तक चली क्योंकि मेजबान टीम ने पांच सत्र शेष रहते हुए मैच जीत लिया।

दीप्ति शर्मा, जिन्होंने इंग्लैंड को उनकी पहली पारी में सात रन पर पांच विकेट लेकर ध्वस्त कर दिया था, एक बार फिर से प्रमुख साबित हुईं और तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकर ने 3-23 का योगदान दिया, जबकि राजेश्वरी गायकवाड़ ने 2-20 विकेट लिए। हरमनप्रीत कौर की टीम ने पहली बार घरेलू मैदान पर इंग्लैंड की महिलाओं को हराया। पिछले 14 टेस्ट मैचों में, भारत की महिलाओं ने इंग्लैंड को दो बार हराया था और दोनों जीत इंग्लैंड में मिली थीं। यह मैच दीप्ति शर्मा के नाम रहा क्योंकि उन्होंने पहली पारी में अर्धशतक बनाने के बाद नौ विकेट लिए, जिससे मेजबान टीम ने पहली बार पहले दिन 400 रन बनाकर 428 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इससे पहले शनिवार की सुबह, भारत ने अपनी दूसरी पारी 186/6 के स्कोर पर घोषित कर दी, जिससे तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्रकर को सुबह पिच से मिल रही मदद का फायदा उठाने का मौका मिल गया। उन्होंने इसका फायदा उठाया क्योंकि वस्त्रकर ने तीन विकेट और रेनुका ने एक विकेट हासिल किया और भारतीय तेज गेंदबाजों ने मौके का भरपूर फायदा उठाया और पहले चार विकेट लेकर भारत को जीत की राह पर ला दिया।

जब दीप्ति शर्मा ने दूसरी पारी में पहला झटका दिया, तो 15वें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 68/5 था और भारत जीत की ओर बढ़ रहा था। टैमी ब्यूमोंट और सोफिया डंकले ने शुरुआती विकेट के लिए 27 रन जोड़े, इससे पहले कि रेणुका ने टैमी को बोल्ड करके पहला झटका दिया। पहली पांच गेंदें ऑफ-स्टंप से मध्य की ओर जाने के बाद, छठी गेंद सीधे गई और ऑफ-स्टंप से टकरा गई। ब्यूमोंट, जिनके पिछले टेस्ट में दोहरा शतक बनाने के बाद इंग्लैंड के मुख्य बल्लेबाज होने की उम्मीद थी, 26 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हो गयीं, जिससे इंग्लैंड का स्कोर 27/1 हो गया। इसके बाद वस्त्रकर ने 10वें ओवर में दो गेंदों पर दो विकेट लेकर स्कोर 37/3 कर दिया और लगातार डंकले और नेट साइवर-ब्रंट को वापस भेजा।

डंकले आसानी से आउट हो गयीं, उन्होंने गेंद को गली में स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक हरलीन देयोल के पास पहुंचा दिया। अगली गेंद पर वस्त्रकर ने जुझारू अर्धशतक के साथ इंग्लैंड की पहली पारी की हीरो रही साइवर-ब्रंट को गोल्डन डक के लिए आउट किया, बाहर की ओर एक लंबी गेंद थी जो सीधी होकर बैट-पैड गैप से होते हुए ऑफ स्टंप पर जा लगी। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने रेणुका सिंह के एक ओवर में 14 रन बनाए, हिमाचल प्रदेश के 27 वर्षीय तेज गेंदबाज को एक ओवर में तीन चौके मारे। उसकी पारी को वस्त्रकर ने छोटा कर दिया, जिसने एक सुंदर डिलीवरी के साथ उसके पतन की साजिश रची। वस्त्रकर ने दिन का अपना तीसरा विकेट तब लिया। उनकी पिछली कुछ गेंदों के थोड़ा अंदर चले जाने के बाद अगली गेंद सीधी जा रही थी। हीथर नाइट को बाहर पिच की गई गेंद पर उकसाया और यास्तिका भाटिया ने सीधा कैच पकड़ लिया।

पहली पारी में पांच विकेट लेकर इंग्लैंड को ध्वस्त करने वाली दीप्ति शर्मा ने मैच में अपना छठा विकेट लिया, जब उन्होंने डैनी व्याट को 12 रन पर आउट किया, जो एक सुंदर, फ्लाइट ऑफ ब्रेक थी, जिससे स्लिप में स्नेह राणा ने एक तेज़ कैच पकड़ा। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने अपनी पहली पारी की हार से कुछ नहीं सीखा है क्योंकि उन्होंने न तो विकेट पर टिकने का इरादा दिखाया और न ही रन बनाने का, क्योंकि वे एक बार फिर भारतीय गेंदबाजों का शिकार होती चली गयीं। दीप्ति शर्मा ने इस मैच में दूसरी बार एमी जोन्स को आउट करके स्कोर 82/6 कर दिया। राजेश्वरी गायकवाड़ ने मैच में अपना पहला विकेट लिया जब उन्होंने सोफी एक्लेस्टोन को 10 रन पर आउट किया। इसके बाद दीप्ति ने केट क्रॉस और लॉरेन फाइलर को आउट करते हुए डबल विकेट के साथ मैच में 10 विकेट लेने की ओर कदम बढ़ाया।

# भारत की बड़ी टेस्ट जीत का श्रेय हमारे गेंदबाजों को जाता है : हरमनप्रीत



**नवी मुंबई,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भारत को 347 रनों से जीत दिलाने का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया, क्योंकि देश ने नौ साल के अंतराल के बाद महिला टेस्ट मैच की मेजबानी की, डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिलाओं के खिलाफ शनिवार को यहां बड़ी जीत हासिल की और महिला क्रिकेट में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया।

मौजूदा सीरीज के एकमात्र टेस्ट मैच की दोनों पारियों में भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड को दो दिन में दो बार क्रमशः 136 और 131 रन पर आउट कर दिया. । ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने मैच में 37 रन देकर नौ विकेट लिए, जबकि पूजा वस्त्रकर ने चार विकेट लिए। स्पिनर स्नेह राणा, राजेश्वरी गायकवाड़ और नवोदित तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने मैच में दो-दो विकेट लिए, जिससे भारत ने इंग्लैंड को दो बार कुल 267 रनों पर आउट कर दिया।

हरमनप्रीत ने कहा, इसका श्रेय गेंदबाजों को जाता है, उन्हें जो भी फील्ड दी गई उन्होंने उसी के अनुसार गेंदबाजी की। आपका काम (कप्तान के रूप में) तब आसान हो जाता है जब आपके गेंदबाज सही जगह पर गेंदबाजी कर सकें। उन्होंने योजना के मुताबिक गेंदबाजी की।

यह पूछे जाने पर कि वह अपनी गेंदबाजी में बदलाव और असामान्य फील्ड पोजिशनिंग पर कैसे पहुंचीं, 32 वर्षीय भारतीय कप्तान ने कहा कि विकेट पर काफी लंबे समय तक बल्लेबाजी करने के बाद उन्हें ये विचार आए। हरमनप्रीत ने पहली पारी में महत्वपूर्ण 49 रन बनाए और दूसरी पारी में नाबाद 44 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली, क्योंकि भारत ने 186/6 पर अपनी पारी घोषित कर दी और इंग्लैंड को टेस्ट जीतने के लिए 479 रन बनाने का लक्ष्य दिया।

जब आप पिच पर बल्लेबाजी करते हैं तो आपको पिच के व्यवहार के बारे में बहुत सारे विचार मिलते हैं। जब मैं दोनों पारियों में बल्लेबाजी कर रही थी, तो मुझे यह अच्छी तरह से पता चल गया था कि पिच किस समय कैसा व्यवहार कर रही थी और कौन से गेंदबाज और फील्डिंग की स्थिति होगी। कभी-कभी आप उन्हें अपनी योजना बदलने के लिए फ़ील्ड सेट करते हैं - हमने ऑफ स्पिनरों को स्वीप करने की उनकी योजना देखी, इसलिए हमारे पास शॉर्ट स्क्वायर लेग पर एक क्षेत्ररक्षक था। हरमन ने कहा कि इस टेस्ट में भारत के लिए सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ।

हरमनप्रीत , जो 2014 में पदार्पण के बाद से केवल अपना चौथा टेस्ट मैच खेल रही थी, ने कहा, सब कुछ योजना के अनुसार हुआ। हमें वह स्कोर मिला जो हम चाहते थे और गेंदबाजों ने अच्छा काम किया, मध्यम गति के गेंदबाज और स्पिनर दोनों अपनी योजनाओं को जानते थे और उन्होंने उसके अनुसार प्रदर्शन किया। सबसे बड़ा सकारात्मक क्षेत्ररक्षण था, खासकर लंबे खेल में जब आपके पास 90 ओवर (एक दिन में) क्षेत्ररक्षण करने के लिए ऊर्जा बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है। हम अपनी क्षेत्ररक्षण के साथ टोन सेट करने में कामयाब रहे।

# विश्वकप में मिली निराशा के भंवर से निकलना चाहेगा भारत





**जोहान्सबर्ग,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। विश्वकप के फाइनल में मिली हार से आहत भारत रविवार से यहां शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नये उत्साह के साथ जीत के सफर की शुरुआत करना चाहेगा।

भारत की तरह दक्षिण अफ्रीका का भी विश्वकप अभियान अच्छा रहा था लेकिन टूर्नामेंट के निर्णायक मोड़ पर वह भी पिछड़ गयी थी। अहमदाबाद के विशाल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में विश्व कप के फाइनल में पहुंचने तक भारतीय टीम अपराजेय थी। सभी महेंद्र सिंह धोनी की 2011 की ट्रॉफी जीतने वाली रोहित शर्मा की टीम की नकल करते हुए इस पर दांव लगा रहे थे लेकिन कंगारुओं ने उस समय करारा झटका देकर लाखों भारतीयों के सपनों को चकनाचूर कर दिया, जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी।

इसका सीनियर खिलाड़ियों पर भारी असर पड़ा। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग डे से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए खुद को तरोताजा रखने की खातिर दक्षिण अफ्रीका व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए आराम करने का विकल्प चुना।

इस परिदृश्य में, केएल राहुल की अगुवाई वाली टीम इंडिया युवाओं के साथ अपने नए युग की मजबूत शुरुआत करने के लिए उत्सुक होगी, और उनमें से कुछ पहले से ही प्रभावशाली रहे हैं। तिलक वर्मा, साई सुदर्शन और रिंकू सिंह ने दूसरे मैच में सेंट जॉर्ज पार्क में शानदार अर्धशतक के साथ टी20 श्रृंखला में अपनी क्लास दिखाई।

प्रोटियाज़ भी क्विंटन डी कॉक के बिना और चोट या आराम के कारण कप्तान टेम्बा बावुमा और तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, गेराल्ड कोएत्ज़ी और मार्को जानसन की अनुपस्थिति के बिना अपना पैर जमाने की कोशिश करेंगे।इसने काइल वेरिन जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों को वापसी करने का मौका दिया है। टीम में कई नई युवा प्रतिभाएं भी हैं, जिनमें नांद्रे बर्गर और मिहलाली मपोंगवाना को पहली बार वनडे कॉल-अप मिला है और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज टोनी डी ज़ोरज़ी को रीज़ा हेंड्रिक्स के साथ बावुमा की जगह लेने की उम्मीद है।

पिछले दो मौकों पर भारत दौरे में दक्षिण अफ्रीका ने दोनों मैच आसानी से जीते। 2013 में 141 रनों के विशाल अंतर से और 2018 में पांच विकेट से दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली थी।

**टीमें : भारत :** रुतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (कप्तान), संजू सैमसन, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नंद्रे बर्गर, टोनी डी ज़ोरज़ी, रीज़ा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज़ शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन, काइल वेरिन, लिजाड विलियम्स।

# पाकिस्तान के खिलाफ आस्ट्रेलिया ने ली 3 रन की लीड



**पर्थ,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ 300 रनों की अहम बढ़त हासिल कर ली।

कप्तान पैट कमिंस की अगुवाई में बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के चलते पाकिस्तान की पहली पारी 101.5 ओवर में 271 रन पर सिमट गयी। शुक्रवार को दो विकेट पर 132 रन से आगे खेलते हुये पाकिस्तान ने जल्द ही अपना तीसरा विकेट गंवा दिया। कमिंस की गेंद पर नाइट वॉचमैन खुर्रम शाज़ाद आउट हुये। इसके बाद आस्ट्रेलिया को बाबर आजम (21) के कीमती विकेट के रूप में चौथी सफलता हाथ लगी। मिशेल मार्श ने उन्हें एलेक्स कैरी के हाथों कैच करा दिया और पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 181 रन हो गया। नाथन लियोन की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में इमाम-उल-हक (62) स्टंप आउट हुये। उन्होने अपनी अर्धशतकीय पारी में 199 गेंदो का सामना किया। अगले ओवर में मिचेल स्टार्क ने सरफराज अहमद को तीन रन के निजी स्कोर पर आउट कर दिया। सलमान अली आगा और सऊद शकील ने 35 रन की साझीदारी कर पारी को संवारने का प्रयास किया मगर सऊद (28) जोश हेज़लवुड की गेंद पर डेविड वार्नर ने कैच दे बैठे। सलमान 28 रन बनाकर नाबाद लौटे और ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 216 रन की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में पदार्पण कर रहे खुर्रम ने वार्नर (0) और मार्नस लाबुस्चगने को आउट कर दो झटके दिये जिससे मेहमान टीम का स्कोर दो विकेट पर पांच रन हो गया। बाद में ख्वाजा (नाबाद 34) और स्मिथ (43 नाबाद) ने नाबाद 79 रन की साझेदारी की, जिससे खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 84 रन हो गया और उसकी बढ़त 300 के विशाल स्कोर तक पहुंच गई।

## सार संक्षेप

### 2-3 टेस्ट मैचों की सीरीज बेहतर होती : हीथर नाइट

**मुंबई।** इंग्लैंड की महिला कप्तान हीथर नाइट ने कहा कि अगर इस दौरे पर सिर्फ एक लाल गेंद के मैच के बजाय भारत के खिलाफ अधिक टेस्ट मैच होते तो उनकी टीम बेहतर गेंदबाजी करती, उन्होंने कहा कि तीन मैचों की टेस्ट सीरीज होती और उन्हें अपने विरोधियों के विरुद्ध परखने का बेहतर तरीका मिलता। हीथर नाइट ने कहा, यह पहली बार है कि हमने इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच में गेंदबाजी की है। इसलिए मुझे लगता है कि अगर हमारे पास एक और टेस्ट मैच होता, हमारे पास दो तीन मैचों की श्रृंखला होती, तो मुझे लगता है कि हम कहीं बेहतर प्रदर्शन करते। इंग्लैंड की टीम ने इससे पहले टी2 सीरीज 2-1 से जीती थी। एक दर्जन टेस्ट मैचों की 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी, जो महिला क्रिकेट में लंबे प्रारूप में सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक है, ने कहा कि उन्होंने इन परिस्थितियों में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों सीख ली है। नाइट ने कहा, हां, यह हमारे गेंदबाजों के लिए एक अच्छा सबक था कि इन परिस्थितियों में कैसे गेंदबाजी करनी है। और जाहिर तौर पर स्पिन के साथ यह काफी चरम था।

### अश्विनी पोनप्पा-तनीषा क्रैस्टो महिला युगल फाइनल में

**कटक।** ओडिशा मास्टर्स 223 में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां शीर्ष डबल शटलर अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो ने जेएन इंडोर स्टेडियम में महिला युगल फाइनल में जगह पक्की कर ली। एक कड़े महिला युगल सेमीफाइनल मुकाबले में, भारतीय जोड़ी का सामना इंडोनेशिया की अर्ल्या नबीला थेसा मुंगगरान और एग्निया श्री राहयु से शनिवार को हुआ। पहले गेम में कड़ी टक्कर देखने को मिली, इंटरवल तक अश्विनी-तनीषा 11-8 से आगे थीं। भारतीय जोड़ी ने लचीलापन दिखाया और 21-17 के स्कोर के साथ पहला गेम अपने नाम किया। अपने प्रभावी प्रदर्शन को जारी रखते हुए, उन्होंने दूसरे गेम में भी नियंत्रण बनाए रखा और अंतराल तक 11-8 से आगे रहे। कौशल के शक्तिशाली प्रदर्शन के साथ, अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो दूसरे गेम में 21-13 के स्कोर के साथ विजयी हुईं, और महिला युगल फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लीं। दिन के अन्य महत्वपूर्ण मैचों में, तनीषा क्रैस्टो ने ध्रुव कपिला के साथ मिलकर मिश्रित युगल वर्ग में डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के खिलाफ जीत हासिल की। भारतीय जोड़ी ने आक्रामकता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए 21-14 के ठोस स्कोर के साथ पहला गेम जीत लिया। उन्होंने दूसरे गेम में अपनी गति जारी रखी और 21-14 से जीत पक्की करते हुए मिक्स्ड डबल्स फाइनल में प्रवेश कर लिया।

# वार्नर के संन्यास के बाद टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनिंग के लिए ग्रीन सबसे उपयुक्त हैं : कैटिच



**पर्थ,** 16 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन कैटिच को डेविड वार्नर के संन्यास लेने के बाद तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन के लिए टेस्ट में बल्लेबाजी की शुरुआत करने का मौका दिख रहा है। 2020 में अपने पदार्पण के बाद से, ग्रीन ने छठे या सातवें नंबर पर बल्लेबाज के रूप में 24 टेस्ट खेले हैं। लेकिन इस साल एशेज के दौरान उन्होंने अपना स्थान खो दिया जब हेडिंग्ले में प्रारूप में वापसी पर मिशेल मार्श ने प्रभावशाली शतक बनाया।

चूंकि वार्नर पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी टेस्ट के बाद संन्यास लेने वाले हैं, और ऑस्ट्रेलिया को जनवरी 2024 के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट खेलने हैं, ऐसे में संभावना है कि ग्रीन को शीर्ष पर रखा जाएगा। मुझे लगता है कि यहीं पर कैमरून ग्रीन जैसा कोई व्यक्ति ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करने के लिए सबसे उपयुक्त होगा। उनका सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नंबर 4 पर रहा है... मुझे लगता है कि वह तकनीकी रूप से और उनके प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड और टेस्ट रिकॉर्ड के बारे में बात कर रहे अन्य तीन सलामी बल्लेबाजों की तुलना में बेहतर खिलाड़ी हैं, साथ ही उनके पास एक गन फील्डर होने का बोनस भी है और वह ऐसा कर सकते हैं। 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी भी कर सकते हैं। कैटिच ने एसईएन रेडियो पर कहा, यदि आप सॉफ्ट लैंडिंग चाहते हैं, तो वेस्ट इंडीज एक सॉफ्ट लैंडिंग है क्योंकि वे इस समय टेस्ट क्रिकेट में स्पष्ट रूप से संघर्ष कर रहे हैं और यह किसी को शीर्ष क्रम में रखने का मौका है ताकि वे अपने पैर जमा सकें और उन्हें आगे बढ़ने दें ट्रैक पर कठिन चुनौतियों के लिए। शुक्रवार को, मार्श ने टेस्ट में बल्लेबाजी की शुरुआत करने की संभावना से इनकार कर दिया।

# आश्चर्य है कि मुंबई इंडियंस इतनी जल्दी रोहित शर्मा से आगे बढ़ गई : वसीम जाफर



**नई दिल्ली**, 16 दिसंबर (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस द्वारा 2024 आईपीएल सीजन से पहले हार्दिक पांड्या को अपना कप्तान नियुक्त करने के एक दिन बाद, भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने कहा कि वह आश्चर्यचकित थे कि पांच बार के चैंपियन ने रोहित शर्मा को जल्दी ही अपने कप्तान पद से हटा दिया है।

शुक्रवार को, फ्रैंचाइज़ी ने घोषणा की कि हार्दिक टीम के नए कप्तान होंगे, जिससे कप्तान के रूप में रोहित का दस साल का शासन समाप्त हो जाएगा, जिन्होंने 2013 के आईपीएल सीज़न के बीच में यह भूमिका निभाई थी। रोहित ने मुंबई को पांच आईपीएल खिताब 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में दिलाए थे। जाफर ने कहा, उन्होंने गुजरात का अच्छा नेतृत्व किया। उनके प्रदर्शन पर बहुत सारे सवालिया निशान थे क्योंकि वह लंबी छुट्टी के बाद वापस आए थे, और वह एक नई फ्रेंचाइजी की कप्तानी कैसे करेंगे, वह चौथे नंबर पर कैसे बल्लेबाजी करेंगे - उन्होंने पहले सीज़न (2022) में उन सभी सवालों के जवाब दिए। दूसरे सीज़न में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया।

जाफर ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के साथ एक वीडियो चैट में कहा, लेकिन मुझे आश्चर्य है कि एमआई इतनी जल्दी रोहित शर्मा से आगे बढ़ गया है। ये इतनी जल्दी हुआ, मैं भी थोड़ा हैरान हूं. जब उन्होंने ट्रेड किया, तो शायद हार्दिक को यह बता दिया गया था कि वह कप्तान के रूप में आने वाले हैं। लेकिन क्या इसके बारे में रोहित को सूचित किया गया था, मुझे नहीं पता। हार्दिक ने अपने पहले सीज़न में गुजरात को 2022 में आईपीएल खिताब दिलाया और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे। 2023 में, हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई, जहां वे चेन्नई सुपर किंग्स से हारकर उपविजेता रहे।

कुछ लोग ऐसे थे जो (एमआई) कप्तान बनने के लिए काफी आशान्वित थे। इनमें से एक हैं सूर्यकुमार यादव, जो भारतीय (टी20) टीम की कप्तानी कर रहे हैं. वह एक मौके की तलाश में था क्योंकि उसने (हाल ही में भारत की) बहुत अच्छी कप्तानी की है।

पंजाब किंग्स के लिए बल्लेबाजी कोच रहे जाफर ने कहा, जसप्रीत बुमराह ने भी, उन्होंने टेस्ट में भारत की कप्तानी की। मुझे उम्मीद है कि इसे (रोहित को) अच्छी तरह से बता दिया गया है। यह होने वाला था, लेकिन इस सीज़न में यह सीधे हो रहा है, मैं थोड़ा आश्चर्यचकित हूं। आईपीएल 2022 और 2023 दोनों सीज़न में, गुजरात ने हार्दिक के नेतृत्व में लीग चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। कुल मिलाकर, रोहित ने 158 आईपीएल मैचों में कप्तानी की, जिसमें 87 मैच जीते, 67 मैच हारे और चार मैच टाई पर समाप्त हुए, जिसमें उनकी जीत का प्रतिशत 55.06 रहा।

आईपीएल फ्रेंचाइजी की कप्तानी करना बहुत थकाने वाली बात हो सकती है क्योंकि आप लंबे समय से सड़क पर हैं और वह अंदर और बाहर हर किसी को जानता है। लेकिन जब एमआई का खेल खराब होता है तो आप पर दबाव आ जाता है। एक तरह से, यह थोड़ी राहत की बात हो सकती है कि आप उस नौकरी में नहीं हैं। यह थोड़ा आसान है, आप बस अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करें। रोहित को अच्छी तरह से जानने के बाद, कभी-कभी आईपीएल में कप्तानी करने का तनाव उन पर आ जाता है, खासकर जब उनका सीजन खराब रहा हो। उनके लिए पिछले कुछ सीज़न बहुत ख़राब रहे हैं, जिसका असर उनकी बल्लेबाज़ी संख्या में अच्छी तरह से दिखता है। वह चाहते होंगे कि उनसे नेतृत्व छीन लिया जाए, ताकि वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

जाफ़र ने निष्कर्ष निकाला, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह (रोहित शर्मा) टी20 विश्व कप में कप्तानी करेंगे, यह देखा जाएगा। क्योंकि, फिर वह कप्तान हैं और हार्दिक उनके अधीन खेलेंगे। तो, यह कैसे होता है?,

# साहित्य

# दौड़

■ डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

नौगढ़ के टूर्नामेंट की बड़ी तैयारी की गई थी. सारा नगर सुसज्जित था. स्टेशन से लेकर स्कूल तक सड़क के दोनों ओर झंडियाँ लगाई गई थीं. मोटरें खूब दौड़ रही थीं. टूर्नामेंट में पारितोषिक वितरण के लिए स्वयं कमिश्नर साहब आने वाले थे. इसीलिए शहर के सब अफसर और रईस व्यस्त थे. आज स्कूल के विस्तृत मैदान में दर्शकों की बड़ी भीड़ थी. नगरपालिका के सदस्य, सचिव, अध्यक्ष आदि सभी उपस्थित थे. दर्शकों में सेठों और साहूकारों का भी अभाव न था.

हेडमास्टर साहब तो प्रतिष्ठित लोगों का आदर-सत्कार करने में लगे हुए थे. पर इधर लड़कों में कुछ दूसरा ही जोश फैला हुआ था. यों तो कितने ही स्कूलों से लड़के आए थे, पर होड़ दो ही स्कूलों में थी ङ्क नौगढ़ और विजयगढ़. विजयलक्ष्मी भी इन्हीं दोनों के बीच में झूल रही थी. कभी वह नौगढ़ की ओर झुकती तो कभी विजयगढ़ की ओर. सभी लड़कों के हृदय धड़क रहे थे. सभी उत्सुक थे कि देखें कौन बाजी मार ले जाता है—ऊँट किस करवट बैठता है?

पहले दिन 90 मीटर की दौड़ थी. नौगढ़ के लड़कों ने विजयगढ़ को नीचा दिखा दिया. पर दूसरे दिन विजयगढ़ के लड़कों ने उसकी लाज रख ली. इसी तरह दोनों स्कूलों के नंबर बराबर थे. अब सिर्फ एक दौड़ बच गई थी. विजयमाला उसी के गले में पड़ेगी जो इसमें बढ़ जाएगा. नौगढ़ की ओर से जो लड़का दौड़ने वाला था, उसकी उम्र बीस साल थी. नाम था भुवनमोहन. बड़ा तेज दौड़ने वाला था.

विजयगढ़ की ओर से एक सत्रह वर्ष का लड़का खड़ा हुआ. वह दुबला-पतला था, पर उसके चेहरे पर बड़ी कांति थी, आँखों में तेज था. मास्टर ने उसकी पीठ ठोकी और कहा- 'अब तुम्हारा ही भरोसा है.' लेकिन लड़के ने आँख तक ऊपर नहीं उठाई. मास्टर ने कुछ बातें कीं. इस पर उसने जब ध्यान नहीं दिया, तब मास्टर ने उसके एक सहपाठी को बुलाकर कहा : 'देखो, जगदानंद चिढ़ गया है. उसे समझाओ. यदि वह प्रसन्नचित्त होकर दौड़े तो मुझे जीत की पूरी आशा है. नहीं तो हम लोगों की हार है.'

वह विद्यार्थी दौड़ता हुआ जगदानंद के पास गया. उसने जगदानंद से कहा: 'यों सिर पकड़कर बैठ जाने से कैसे होगा ?' जगदानंद ने कहा : 'मेरे पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हो? मोहन से जाकर क्यों नहीं कहते? वह तो मास्टर साहब की नाक का बाल हो रहा है. उसी की पाँचों उंगलियाँ घी में हैं.' उस विद्यार्थी ने कहा : 'भाई, नाक कट जाएगी.' पर जगदानंद चुप रहा. उसने खूब समझाया, पर वह ज्यों का त्यों बना रहा.

इतने में भुवनमोहन उधर निकल पड़ा. उसने जगदानंद को देख कर कहा: 'अच्छा, आप हैं.' फिर उसने अपने साथी की तरफ देखकर व्यंग्य से कहा: 'भाई, अच्छों से बचकर रहना चाहिए.' जगदानंद की आँखें चमक उठीं. उसने अपने सहपाठी मित्र से कहा: 'तुम चिंता मत करो, मैं दौडूंगा.'

दौड़ शुरू हुई. पहले चक्कर में जगदानंद और भुवन साथ-साथ रहे. कोई आगे नहीं बढ़ा. पर दोनों इतनी तेजी से दौड़े कि मानो यह 90 मीटर की दौड़ हो और सब लड़के पीछे रह गए. कोई उनका साथ नहीं दे सका. दूसरे चक्कर में जगदानंद आगे बढ़ा, परंतु भुवनमोहन उसके दो ही कदम पीछे रहा. तीसरा चक्कर अंतिम था. पहले तो जगदानंद पचास कदम आगे बढ़ गया, पर उसकी शक्ति क्षीण होने लगी. आँखों के आगे अँधेरा छाने लगा. भुवनमोहन सरपट दौड़ता हुआ उसके पास पहुँच गया.जगदानंद ने उसके साथ ही साथ दौड़ने की कोशिश की पर उसके पैरों ने जवाब दे दिया. नौगढ़ के लड़के चिल्लाने लगे: ' नौगढ़. नौगढ़.' भुवनमोहन आगे बढ़ गया. 180 मीटर का फासला था.

एकाएक जगदानंद ने अपना सिर उठाया. चार हज़ार आँखें उस पर जमी हुई थीं. वह फिर दौड़ने लगा. पल भर में वह भुवनमोहन के पास पहुँच गया. विजयगढ़ के लड़के चिल्लाने लगे: 'विजयगढ़. विजयगढ़.' जगदानंद आगे बढ़ता ही गया. उसकी आँखें लाल हो रही थीं. उसने कई मीटर से भुवनमोहन को नीचा दिखलाया. लड़कों ने जयध्वनि की और दर्शकों ने करतल ध्वनि. एक ने कहा: 'वाह, लड़का दौड़ा क्या है, उड़ आया है.'

छात्रजीवन कितना सुखद होता है. उस समय हमलोगों की मनोवृत्तियां ही कुछ और होती हैं. जिन लोगों का एकमात्र लक्ष्य उदरपूर्ति या धनसंचय या कीर्तिलिप्सा है, उनमें वह उमंग, वह स्फूर्ति, वह शक्ति कहाँ?

अपने छात्रजीवन में कितने ही लोग विश्वविद्यालयों की परीक्षा में उतीर्ण होकर, सबसे मान और आदर पाते हैं. पर जीवन की कसौटी पर कसे जाने पर उनमें से कितने खरे निकलते हैं? जीवन की दौड़ में जगदानंद से उसके कितने ही साथी आगे बढ़ गए. किसी ने उसकी कुछ भी मदद नहीं की. जीवन निर्वाह की चिंता में जगदानंद को गाँव-गाँव घूमना पड़ा. इधर ऋण का बोझ इतना बढ़ गया कि घर-द्वार तक बिक गया. उसकी मां थी और एक छोटा भाई. उसने अपने साहूकार भोंदूमल को खूब समझाया, खूब अनुनय-विनय की, पर भोंदूमल ने उसकी एक न सुनी. बड़ी मुश्किल से उसे एक दूसरे गाँव में आश्रय मिला.

एक दिन वह दूसरे गाँव से अपने गाँव की ओर लौट रहा था. संध्या हो गई थी. वह घोड़े पर चढ़ा हुआ धीरे-धीरे जा रहा था. रास्ते में एक बड़ा भयानक जंगल पड़ता था. उसमें भेड़ियों का बड़ा डर था. अँधेरा होने के बाद कोई भी उस जंगल को पार करने का साहस नहीं करता था. पर जगदानंद अपनी चिंताओं में डूबा हुआ निर्भय जा रहा था. कुछ दूर जाने के बाद किसी ने उसको पुकारा: 'ठहरो, ठहरो'. जगदानंद ने घोडा रोक लिया और लौटकर देखा कि एक बुड्ढा जी छोड़कर भागता हुआ चला आ रहा है. जब वह पास आया तन जगदानंद ने पहचाना. वह भोंदूमल था. जगदानंद ने उससे पूछा : 'क्या है?'

वह विद्यार्थी दौड़ता हुआ जगदानंद के पास गया. उसने जगदानंद से कहा: 'यों सिर पकड़कर बैठ जाने से कैसे होगा ?' जगदानंद ने कहा : 'मेरे पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हो? मोहन से जाकर क्यों नहीं कहते? वह तो मास्टर साहब की नाक का बाल हो रहा है. उसी की पाँचों उंगलियाँ घी में हैं.' उस विद्यार्थी ने कहा : 'भाई, नाक कट जाएगी.' पर जगदानंद चुप रहा. उसने खूब समझाया, पर वह ज्यों का त्यों बना रहा. इतने में भुवनमोहन उधर निकल पड़ा. उसने जगदानंद को देख कर कहा: 'अच्छा, आप हैं.' फिर उसने अपने साथी की तरफ देखकर व्यंग्य से कहा: 'भाई, अच्छों से बचकर रहना चाहिए.' जगदानंद की आँखें चमक उठीं. उसने अपने सहपाठी मित्र से कहा: 'तुम चिंता मत करो, मैं दौड़ूंगा.'

उसने गिड़गिड़ा कहा : 'मेरे प्राण बचाओ. भेड़िये मेरे पीछे पड़े हैं. मुझे घोड़े पर चढ़ाकर ले चलो.'


क्षण भर के लिए जगदानंद के मन में एक बात आई कि मैं घोड़ा दौड़ाकर भाग जाऊं और यह दुष्ट यहीं अपने दुष्कर्मों का फल भोगे. पर हृदय के भीतर से न जाने किसने उसे रोका. जगदानंद ने उसे घोड़े पर चढ़ा लिया और तेज़ी से घोड़ा दौड़ाया. घोड़ा थका हुआ था. वह दो आदमियों को लेकर तेजी से नहीं दौड़ सकता था. सोच-विचार करने का अवसर नहीं था. जगदानंद ने पल भर में अपना कर्तव्य निश्चित कर लिया. भेड़िये बढ़ते ही आ रहे थे. जगदानंद तुरंत घोड़े से उतर पड़ा.

घोड़ा भोंदूलाल को लेकर तेजी से चला गया. पल भर में ही अदृश्य हो गया. भेड़िये जब बिल्कुल समीप आ गए, तब जगदानंद ने दौड़ने का विचार किया. उसे अपनी पहली दौड़ का स्मरण हो आया. वह दौड़ थी बाजी के लिए और यह है प्राणरक्षा के लिए. जगदानंद ने धोती कस ली. उसने हँसकर कहा: 'यह मेरी अंतिम दौड़ है. पर मैं तुमसे दौड़ने में किसी प्रकार का लाभ उठाना नहीं चाहता. देखें कौन आगे बढ़ता है?'

भेड़िये गरजते हुए बिलकुल उसके समीप आ गए. तीन किलोमीटर तक दौड़ बराबर जारी रही. किसी ने जयध्वनि नहीं की, किसी ने ताली नहीं बजाई. केवल मूक प्रकृति यह दृश्य देखती रही. जगदानंद सब कुछ भूल गया. उसके लिए पृथ्वी अदृश्य हो गयी. वह केवल दौड़ता ही चला गया.

दूसरे दिन , रामपुर के एक किसान ने देखा कि उसके घर के सामने जगदानंद का मृत शरीर पड़ा हुआ है. उसके शरीर पर किसी तरह की चोट नहीं है, पर चेहरे पर अभी तक हँसी झलक रही है.

क्या यह विजय की हँसी थी?



कहानी

## अनवर शऊर

इत्तिफ़ाक़ अपनी जगह
ख़ुश-क़िस्मती अपनी जगह

ख़ुद बनाता है जहाँ में
आदमी अपनी जगह

कह तो सकता हूँ मगर
मजबूर कर सकता नहीं

इख़्तियार अपनी जगह है
बेबसी अपनी जगह

कुछ न कुछ सच्चाई होती
है निहाँ हर बात में

कहने वाले ठीक कहते हैं
सभी अपनी जगह

सिर्फ़ उस के होंट काग़ज़
पर बना देता हूँ मैं

ख़ुद बना लेती है होंटों पर
हँसी अपनी जगह

दोस्त कहता हूँ तुम्हें शाएर
नहीं कहता 'शुऊर'

दोस्ती अपनी जगह है
शाएरी अपनी जगह

समीक्षा

# प्रज्ञान

## बच्चों के लिए संवेदनात्मक रचनाएँ

प्रज्ञान, बाल साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ जी की इक्यावन बाल कविताओं का सुन्दर संग्रह है। इन कविताओं में जीवन के विविध रंग देखने को मिलते हैं। इनमें प्रकृति का सौन्दर्य है तो समाज की कुरूपता भी है। जहाँ बचपन के आनंद का सजीव चित्रण है वहीं आर्थिक विवशताओं के कारण काम के बोझ तले दबे बच्चों का मर्मस्पर्शी वर्णन है। बचपन जीवन का स्वर्णिम काल होता है लेकिन सभी बच्चों का बचपन एक - सा नहीं होता। कुछ बच्चों का बचपन काल के क्रूर हाथों द्वारा मसल दिया जाता है। इस कसक की झलक इस संग्रह में देखी जा सकती है-

कागज़ पर शिक्षा मिले, वादों में बस प्यार।
बाल दिवस पर बाँटते, भाषण प्यार-दुलार।।
दो रोटी की चाह में, लूटता है संसार।
फुटपाथो पर रेंगते, झोली रहे पसार।।

बालसाहित्य में बच्चों की कोमल भावनाओं का ध्यान रखा जाता है। बच्चे मनोरंजन पसन्द करते हैं, लेकिन कवि चाहता है कि बच्चे जीवन के विषय में भी जानकारी प्राप्त करें। आसपास जो विसंगतियाँ फैली हुई हैं उनसे बच्चों को अवगत कराना भी कवि अपना धर्म समझता है। वह बच्चों की संवेदनशीलता को सम्पूर्ण समाज तक विस्तृत करना चाहता है। 'गूगल की आगोश में' कविता में कवि की यह भावप्रवण संवेदना मर्मस्पर्शी है -

छीन लिए हैं फ़ोन ने, बचपन से सब चाव।
दादी बैठी देखती, पीढ़ी में बदलाव।।
मन बातों को तरसता, समझे घर में कौन ।
दामन थामे फ़ोन का, बैठे हैं सब मौन।।

बच्चे की दुनिया माँ के आसपास घूमती है और माँ की दुनिया तो बच्चे ही होते हैं। माँ स्वयं दु:ख सहकर बच्चे को हर सुख देना चाहती है। 'माँ हरियाली दूब' एक छोटी - सी कविता है लेकिन इस कविता में कवि ने माँ की सारी ममता को गहराई के साथ उकेर दिया है -

'आँचल की छाया' कविता में माँ के त्यागमय स्वरूप के प्रति अपनी निश्छल संवेदना दर्शाता एक बच्चा कहता है -

त्याग और बलिदान का, माँ ही है प्रतिरूप।
आँचल की छाया करे, हर संकट की धूप।।
माँ जैसा संसार में, सौरभ नहीं सुजान।
माँ की वाणी में निहित , गीता का सब ज्ञान।।

कवि का मानना है कि हमें परिवर्तनों को सहज स्वीकार करना चाहिए। बड़े - बुजुर्ग लोग हर समय परिवार के लिए मजबूत स्तम्भ रहे हैं। कवि को उनका जाना पसन्द नहीं है। दादा -दादी के जाने के बाद कवि का जीवन सूना हो गया है, कवि तरह - तरह की कल्पना करता है जिससे कि हर समय उसे उनकी याद आती है। 'दादा-दादी' कविता में कवि की कल्पना की ताजगी द्रष्टव्य है -

दादा-दादी बन गए, केवल अब फरियाद।
खुशियां आँगन की करे, रह-रह उनको याद।।
रो ले, गा ले, हँस ले, दादा-दादी साथ।
ये आँगन से क्या गए, जीवन हुआ अनाथ।।

कवि की संवेदनशीलता का हाल यह है कि वह पुराने हो चुके झाड़ू में भी वृद्ध लोगों की छवि देखता है। कवि का हृदय वृद्धों की उपेक्षा से व्यथित है। 'काम लेकर फेंक देने की प्रवृत्ति', स्वार्थ और संकीर्णता पर आधारित है। वृद्धों का सम्मान करने की सीख देती कविता 'वृद्धों की हर बात का' अद्भुत है -

वृद्धों की हर बात का, रखता कौन खयाल।
आधुनिकता की आड़ में, हर घर है बेहाल।।
होते बड़े बुजुर्ग है, सारस्वत सम्मान।
मिलता इनसे ही हमें, है अनुभव का ज्ञान।।

उक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि प्रज्ञान बाल संग्रह की रचनाओं का प्रमुख स्वर मानवीय संवेदना और करुणा है। शांत नदी की तरह बहती ये कविताएँ पाठक के मन को शीतल भावों की लहरों से भिगो देती हैं।

छन्द में लिखी ये रचनाएँ गीत और कविता का मिलाजुला रूप है। इनमें लय और प्रवाह है जो इन कविताओं को प्रभावशाली बनाता है। भाषा बालमन के अनुरूप सरल, सरस और सहज बोधगम्य है। मुद्रण सुन्दर एवं त्रुटिरहित है। फैलते आकाश के साथ प्रज्ञान के मनमोहक चित्र से सजा आवरण अत्यंत आकर्षक है। बालमन को लुभाने वाले मनोरंजक एवं संवेदनशील कविताओं से सजी पठनीय कृति 'प्रज्ञान' के सृजन के लिए डॉ सत्यवान सौरभ जी को हार्दिक बधाई।

प्रज्ञान = बच्चों के लिए संवेदनात्मक रचनाएँ

■ सुरेश चन्द्र 'सर्वहारा'




पुस्तक : प्रज्ञान
लेखक : डॉ. सत्यवान 'सौरभ'
प्रकाशक : नोशन प्रकाशन समूह, चेन्नई।
मूल्य : 160/-

लघुकथा

# बुलेट ट्रेन

■ घनश्याम अग्रवाल

जैसे ही ट्रेन रवाना होने को हुई, एक औरत और उसका पति एक ट्रंक लिए डिब्बे में घुस पड़े।दरवाजे के पास ही औरत तो बैठ गई पर आदमी चिंतातुर खड़ा था।जानता था कि उसके पास जनरल टिकट है और ये रिज़र्वेशन डिब्बा है। टीसी को टिकट दिखाते उसने हाथ जोड़ दिए।

'ये जनरल टिकट है। अगले स्टेशन पर जनरल डिब्बे में चले जाना।वरना आठ सौ की रसीद बनेगी।' कह टीसी आगे चला गया।

पति-पत्नी दोनों बेटी को पहला बेटा होने पर उसे देखने जा रहे थे।सेठ ने बड़ी मुश्किल से दो दिन की छुट्टी और सात सौ रुपये एडवांस दिए थे। बीबी व लोहे की पेटी के साथ जनरल बोगी में बहुत कोशिश की पर घुस नहीं पाए थे। लाचार हो स्लिपर क्लास में आ गए थे। 'साब, बीबी और सामान के साथ जनरल डिब्बे में चढ़ नहीं सकते। हम यहीं कोने में खड़े रहेंगे। बड़ी मेहरबानी होगी।' टीसी की ओर सौ का नोट बढ़ाते हुए कहा।

'सौ में कुछ नहीं होता। आठ सौ निकालो वरना उतर जाओ।'

'आठ सौ तो गुड्डो की डिलिवरी में भी नहीं लगे साब। नाती को देखने जा रहे हैं।गरीब लोग हैं, जाने दो न साब।' अबकि बार पत्नी ने कहा।

'तो फिर ऐसा करो, चार सौ निकालो।एक की रसीद बना देता हूँ, दोनों बैठे रहो।'

'ये लो साब, रसीद रहने दो।दो सौ रुपये बढ़ाते हुए आदमी बोला।

'नहीं-नहीं रसीद दो बनानी ही पड़ेगी। देश में बुलेट ट्रेन जो आ रही है। एक लाख करोड़ का खर्च है।कहाँ से आयेगा इतना पैसा ? रसीद बना-बनाकर ही तो जमा करना है।ऊपर से आर्डर है।रसीद तो बनेगी ही।

चलो, जल्दी चार सौ निकालो। वरना स्टेशन आ रहा है, उतरकर जनरल बोगी में चले जाओ।' इस बार कुछ डांटते हुए टीसी बोला।

आदमी ने चार सौ रुपए ऐसे दिए मानो अपना कलेजा निकालकर दे रहा हो। टीसी रसीद बनाने लगा। पास ही खड़े दो यात्री बतिया रहे थे। 'ये बुलेट ट्रेन क्या बला है ?'

'बला नहीं जादू है जादू। बिना पासपोर्ट के जापान की सैर।जमीन पर चलने वाला हवाई जहाज है। बिना रिजर्वेशन उसे देख भी लो तो चालान हो जाएगा। एक लाख करोड़ का प्रोजेक्ट है। राजा हरिश्चंद्र को भी ठेका मिले तो बिना एक पैसा खाये खाते में करोड़ों जमा हो जाए।

सुना है, 'अच्छे दिन' इसी ट्रेन में बैठकर आनेवाले हैं।'

उनकी इन बातों पर आसपास के लोग मजा ले रहे थे। मगर वे दोनों पति-पत्नी उदास रुआंसे ऐसे बैठे थे मानो नाती के पैदा होने पर नहीं उसके सोग में जा रहे हो।कैसे एडजस्ट करेंगे ये चार सौ रुपए? क्या वापसी की टिकट के लिए समधी से पैसे मांगना होगा? नहीं-नहीं। आखिर में पति बोला- 'सौ- डेढ़ सौ तो मैं जियादा लाया ही था। गुड्डो के घर पैदल ही चलेंगे।शाम को खाना नहीं खायेंगे। दो सौ तो एडजस्ट हो गए। और हाँ, आते वक्त पैसिंजर से आयेंगे। सौ रूपए बचेंगे। एक दिन जरूर ज्यादा लगेगा।सेठ भी चिल्लायेगा। मगर मुन्ने के लिए सब सह लूंगा।मगर फिर भी ये तो तीन सौ ही हुए।'

'ऐसा करते हैं, नाना-नानी की तरफ से जो हम सौ-सौ देनेवाले थे न, अब दोनों मिलकर सौ देंगे। हम अलग थोड़े ही हैं। हो गए न चार सौ एडजस्ट।' पत्नी के कहा। 'मगर मुन्ने के कम करना....'

और पति की आँख छलक पड़ी।

'मन क्यूँ भारी करते हो जी।गुड्डो जब मुन्ना को लेकर घर आयेंगी; तब दो सौ ज्यादा दे देंगे।' कहते हुए उसकी आँख भी छलक उठी।

फिर आँख पोंछते हुए बोली-'अगर मुझे कहीं मोदीजी मिले तो कहूंगी-' इतने पैसों की बुलेट ट्रेन चलाने के बजाय, इतने पैसों से हर ट्रेन में चार-चार जनरल बोगी लगा दो, जिससे न तो हम जैसों को टिकट होते हुए भी जलील होना पड़े और ना ही हमारे मुन्ने के सौ रुपये कम हो।' उसकी आँख फिर छलके पड़ी।

'अरी पगली, हम गरीब आदमी हैं, हमें मोदीजी को वोट देने का तो अधिकतर है, पर सलाह देने का नहीं। रो मत। देखना, हमारा मुन्ना इतना बड़ा आदमी बनेगा, इतना बड़ा कि एक दिन बुलेट ट्रेन में बैठेगा।'

'हाँ-हाँ क्यों नही बैठेगा? जरूर बैठेगा।

सौ रुपये भरकर अभी से टिकट जो बुक करा लिया उसने।' कहकर वह फक-से हँस पड़ी।

ट्रेन तेजी से भागी जा रही थी। वे दोनों अब ऐसे खुश थे मानो 'बुलेट ट्रेन' में सफर कर रहे हों।



# प्रधानमंत्री ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

## गांव–गरीब तक केन्द्रीय योजनाओं को पहुंचाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य–अरूण साव

### मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान और ताकत बढ़ा

### केबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख आवासहीनों के सपने पूरे

### उप मुख्यमंत्री ने विकसित भारत बनाने लोगों को दिलाया संकल्प







**बिलासपुर**,16 दिसम्बर(देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीसी के जरिए बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ और अन्य 5 राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मोदी की गांरटी वाली गाड़ी देश के कोने–कोने में पहुंच रही है। यात्रा को शुरू हुए एक महीने हो गए हैं। यात्रा हजारों गांवों के साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच चुकी है। इनमें से अधिकतर छोटे छोटे कस्बे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होने कहा कि जनता के आशीर्वाद और सहयोग से हम मोदी की गारंटी को छत्तीसगढ़ में पूरा करेंगें। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने मुंगेली नाका मैदान में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीसी के जरिए इसकी शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 10 साल से मोदी की सरकार देशसेवा में लगी हुई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सर्वागीण विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। देश का सम्मान और ताकत बढ़ा है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की जटिल समस्याओं के समाधान के लिए पूरा विश्व आज भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देखता है। आम व्यक्ति के जीवन में शासकीय योजनाओं के माध्यम से कैसे परिवर्तन किया जा सकता है, इसे मोदी जी ने कर दिखाया है। मोदी जी ने धुंआरहित वातावरण में खाना पकाने के लिए उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेण्डर प्रदान किए। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री जी ने कई योजनाएं चलाई। इन सबका असर अब गांव, घर में दिख रहा है। लोग आश्वस्त हैं कि सरकार उनके साथ है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कोई सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि यह एक जन अभियान है। जिले की हरेक गांव एवं घरों तक इस यात्रा का संदेश जायेगा। लोगों को केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी एवं उनके लाभ उठाने के तरीके बतायेगा। उन्होंने सभी लोगों को इस महत्वाकांक्षी अभियान से जुड़कर लाभ उठाने का आग्रह किया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नई सरकार ने काम–काज संभाल लिया है। केबिनेट की पहले ही बैठक में हमने 18 लाख आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने का नीतिगत निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे पहली गारण्टी बताया था। पिछले पांच साल से आवास से वंचित गरीब परिवारों को अब अच्छा और पक्का मकान मिलेगा और उनका बरसों से संजोया हुआ सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा हर गारण्टी को पूरा करने के लिए नई सरकार वचनबद्ध है। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में और बुलंदी के साथ छत्तीसगढ़ की आवाज देश में गुंजेगी।

उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में अपने योगदान प्रदान करने के लिए लोगों को संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि श्री साव ने स्वच्छता पखवाड़ा, समाजसेवा एवं खेलकूद में उल्लेखनीय योगदान के लिए नगर पालिक निगम की ओर से दर्जन भर लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने शिविर में सभी स्टॉलों का निरीक्षण की। इस अवसर पर पौधा भी लगाया ।कलेक्टर अवनीश शरण ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने इस अभियान के उद्देश्य बताए। उन्होंने बताया कि पहले दिन आज बिलासपुर शहर एवं ग्रामीण इलाके में मोहभट्ठा (बिल्हा) बोड़सरा (तखतपुर) में अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किये गये। फिलहाल तीन वाहन जिले में उपलब्ध हैं। जल्द ही 9 और प्रचार वाहन आएंगे। इनके दौरे का रूट चार्ट तैयार है। अभियान के अंतर्गत बिलासपुर निगम क्षेत्र में 26 और ग्रामीण क्षेत्र में 483 शिविर लगाए जाएंगे। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी रखी गई। अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेत्त्व में पिछले लगभग 10 साल की विकास यात्रा पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। प्रधानमंत्री ने विभिन्न राज्यों के चुनिंदे लाभार्थियों से संवाद कर उनकी सफलता की कहानी सुनी और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संभागायुक्त केडी कुंजाम, आईजी अजय यादव, एसपी संतोष सिंह, पूर्व सांसद लखनलाल साहू भूपेन्द्र सवन्नी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, नागरिकगण एवं लाभार्थी उपस्थित थे। नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत ने आभार प्रकट किया।

# पहले संकल्प शिविर को मिला लोगों का अच्छा प्रतिसाद




## हजारों लोगों ने लिया योजनाओं का फायदा

**बिलासपुर**,16 दिसम्बर(देशबन्धु)। केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगो तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है। योजनाओं को जन.जन तक पहुंचाने की कड़ी में बिलासपुर के मुंगेली नाका मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत हजारों लागो ने शिविर का फायदा लिया। इस शिविर में पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 179 आयुष्मान कार्ड के लिए 155 आधार कार्ड के लिए 56 प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए 142 लोगो ने पंजीयन कराया। शिविर में 233 लोगो ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित 19 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव साझा किया।

शिविर में विश्वकर्मा योजनाए आयुष्मान भारतए नल.जल मिशनए पीएम आवास योजनाए स्टार्टप योजनाए मुद्रा लोन योजनाए पीएम स्वनिधि योजना जैसी केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी दी गई व लाभ लेने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराई गई। शिविर में आए हितग्राहियों ने बताया कि यहां आने से उन्हें शासन की बहुत सी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी मिली हैए जिसका लाभ अब उन्हे मिलेगा।

उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन पाने वाली बापू नगर की सरिता चौहान और गणेश नगर की रहने वाली अनिता साहू ने बताया कि पहले वे चूल्हे में खाना बनाती थीए जिससे निकलने वाले धुएं से उन्हे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता था। शिविर में आकर समस्त दस्तावेज जमा करने पर उन्हे तुरन्त उज्जवला गैस का कनेक्शन मिल गया। अब उन्हे खाना बनाने में आसानी होगी। नीलम कुशवाहाए सुचित्रा सिंहए ममता जायसवाल और बलराम सिंह ठाकुर ने बताया की शिविर में आकर उन्हे उन योजनाओं के बारे में पता चला जिसका लाभ वे जरूर लेंगें।

### 17 दिसम्बर को शहर में आयोजित होने वाले शिविर

कल 17 दिसम्बर को सवेरे 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक पोस्ट मैट्रिक छात्रावास जरहाभाठा में एवं दोपहर 1.30 बजे से शाम 6 बजे तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गांधी चौक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया है।



## अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण के सदस्य पदभार मुक्त

**बिलासपुर** , 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत 15 दिसंबर से अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण राय सदस्य नरेंद्र बोलर, महेश दुबे, आशा पांडे ने आज पदभार मुक्त होकर कार्यालय का चार्ज जल संसाधन विभाग के नोडल अधिकारी को प्राधिकरण के पदेन सचिव के आदेश पर सौंप दिया । कार्यभार सौपते समय प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्य जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे ।पदभार मुक्ति के अवसर पर उपाध्यक्ष अभय नारायण राय ने नई सरकार से अपेक्षा की विशेष कर बिलासपुर के उपमुख्यमंत्री बने अरुण साव शहर विधायक अमर अग्रवाल बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला से उम्मीद है कि भूपेश सरकार द्वारा अरपा उत्थान के लिए किए गए कार्यों को यह आगे बढ़ाएंगे और समयबद्ध सीमा पर इन कार्यों को पूरा कराकर जनता को सौंपेंगे।


### पैसेंजर स्पेशल का परिचालन बिलासपुर-रेंगाली के मध्य किया जाएगा

**बिलासपुर** , 16 दिसम्बर (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु ईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत सरला–संबलपुर सेक्शन में ब्लॉक लेकर कार्य किया जा रहा है । इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 08264/08263 बिलासपुर–टीटलागढ़–बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल का परिचालन प्रभावित रहेगा ।

**NECC**

| 17.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 585 | 75 | 135 |
| चिल्हर | 690 | 90 | 165 |

डिलीवरी 600 सैकड़ा
दर्जन अंडा 83 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188